3 बस्तर संभाग
बच्चों को स्कूल में उपलब्ध सुविधाओं का अधिक से ...

6 अभिमत
अंतरिक्ष में निजी क्षेत्र को आमंत्रण

10 संस्कारधानी
बीजेपार में मीडिल स्कूल में अहाता निर्माण...

11 विविध
विजय मशाल का शहर में भव्य स्वागत

रायपुर, लखनऊ, नई दिल्ली और फरीदाबाद से प्रकाशित
हमेशा सच के साथ
RNI NO. CHHHIN/2016/70655

# पायनियर

www.dailypioneer.com रायपुर, मंगलवार 19 अक्टूबर 2021 पृष्ठ-12 वर्ष-06, अंक- 61 मूल्य 3.00 ₹

## क्विक न्यूज़

### नायडू ने मिलाद-उन-नबी की दी शुभकामनायें



**नयी दिल्ली।** उप राष्ट्रपति एम वेंकैया नायडू ने पैगंबर मोहम्मद की जयंती मिलाद-उन-नबी पर देशवासियों को शुभकामनायें दी है। नायडू ने सोमवार को मिलाद-उन-नबी की पूर्व संध्या पर यहां जारी एक संदेश में कहा कि पैगंबर मोहम्मद ने सद्भाव, सहिष्णुता और विश्व बंधुत्व का रास्ता दिखाया। उप राष्ट्रपति ने कहा कि मैं पैगंबर मोहम्मद की जयंती के रूप में मनाए जाने वाले मिलाद-उन-नबी के शुभ अवसर पर समस्त देशवासियों को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं देता हूँ। पैगंबर मोहम्मद ने मानव जाति को करुणा, सहनशीलता और सार्वभौमिक भाईचारे का नेक मार्ग दिखाया।

### दिवाली तक ईपीएफ के ब्याज का भुगतान संभव

**नई दिल्ली।** वित्त वर्ष 2020-21 के लिए लगभग छह करोड़ भविष्य निधि खातों का संरक्षक कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) दिवाली तक अंशधारकों को उनके जमा पर ब्याज का भुगतान कर सकता है। केंद्रीय श्रम एवं रोजगार मंत्रालय में इस मामले से जुड़े अधिकारियों ने यहां बताया कि ब्याज के भुगतान के बारे में वित्त मंत्रालय के साथ लगातार बातचीत चल रही है और इस संबंध में जल्द निर्णय हो सकता है। उन्होंने कहा, ÷संभवत् दिवाली तक अंशधारकों को उनके खातों में ब्याज का भुगतान हो जाएगा।


### कोवैक्सिन को मंजूरी देने की प्रक्रिया चल रही है : डब्ल्यूएचओ

**नई दिल्ली।** विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने सोमवार को कहा कि भारतीय कोविड टीके कोवैक्सिन को 'आपात स्थिति में उपयोग' करने की मंजूरी देने की प्रक्रिया चल रही है और इसके पूरी होने के बाद इसे आपात सूची में शामिल कर लिया जाएगा। डब्ल्यूएचओ ने एक श्रृंखलाबद्ध ट्वीट में कहा कि कोविड टीके कोवैक्सिन की निर्माता भारतीय कंपनी भारत बायोटेक ने टीके को मंजूरी देने के लिए आवश्यक आंकड़े और जानकारी सौंप दी हैं और डब्ल्यूएचओ के विशेषज्ञ इसका विश्लेषण कर रहे हैं। डब्ल्यूएचओ ने कंपनी से आज एक और जानकारी मांगी हैं।

# छत्तीसगढ़ के सीएम भूपेश देश में सबसे अच्छे मुख्यमंत्री

## सर्वे में सभी मुख्यमंत्रियों के बीच बघेल को मिली सर्वोच्च रेटिंग, एजेंसी ने कहा- निर्णय लेने की क्षमता और सीईओ जैसी कार्यशैली वाले मुख्यमंत्री लोगों को पसंद

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com



आईएएनएस-सी वोटर गवर्नेंस इंडेक्स के अनुसार छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल देश में सबसे अच्छा प्रदर्शन करने वाले मुख्यमंत्री हैं। श्री बघेल को सभी मुख्यमंत्रियों के बीच सर्वोच्च लोकप्रियता रेटिंग प्राप्त हुई है। आईएएनएस ने अपनी सर्वे रिपोर्ट जारी करते हुए कहा है कि श्री बघेल ने छत्तीसगढ़ में कई कल्याणकारी योजनाएं शुरू की हैं, जिनमें निजी स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चों को मुफ्त शिक्षा प्रदान करना शामिल है, जिन्होंने कोविड -19 के लिए माता-पिता / अभिभावकों को खो दिया है। महतारी दुलार योजना के तहत ऐसे बच्चों की पढ़ाई का खर्च छत्तीसगढ़ सरकार वहन कर रही है। नीति आयोग की एसडीजी इंडिया इंडेक्स रिपोर्ट 2020-21 के अनुसार, सतत् विकास लक्ष्यों के लैंगिक समानता पैरामीटर पर छत्तीसगढ़ भारत में शीर्ष प्रदर्शन करने वाला राज्य है। नीति आयोग 115 संकेतकों पर सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों की प्रगति को ट्रैक करता है। पिछले साल, छत्तीसगढ़ ने लैंगिक समानता पैरामीटर पर 43 अंक हासिल किए और भारत में सातवें स्थान पर था। इस साल, छत्तीसगढ़ ने 61 स्कोर किया और चार्ट में शीर्ष स्थान पर रहा। सी वोटर के संस्थापक यशवंत देशमुख ने कहा कि ऐसे मुख्यमंत्रियों को लोगों ने पसंद किया है जिनमें निर्णय लेने की क्षमताएं हैं और जिनके काम करने की शैली सीईओ जैसी है।

## बस्तर के विकास के लिए राशि की कमी नहीं होने दी जाएगी

बस्तर के विकास के लिए विश्व प्रसिद्ध बस्तर दशहरा में शामिल होने के लिए जगदलपुर पहुंचे मुख्यमंत्री भूपेश बघेल प्रवास के दूसरे दिन बकावण्ड विकासखण्ड के गिरोला में पुजारी, सिरहा, गुनिया व समाज प्रमुखों से मुलाकात कर चर्चा की। मुख्यमंत्री के गिरोला आगमन पर वहां के पुजारी, सिरहा, गुनिया व समाज प्रमुखों ने उनका आत्मीय स्वागत किया। मुख्यमंत्री बघेल ने माता हिंगलाजिन मंदिर परिसर में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि सड़क, स्कूल और भवन बनाना तो सभी सरकारों का काम है। लेकिन हमारी सरकार का उद्देश्य सड़क, स्कूल और भवन बनाने के साथ-साथ व्यक्ति का विकास करना है। हमने सुपोषण और मलेरिया मुक्त बस्तर अभियान के साथ ही यहां के बन्द पड़े स्कूलों को दोबारा खोलने की शुरुआत की है। गरीब से गरीब लोगों को अनाज देने की व्यवस्था हमने की है। इसके साथ ही धान खरीदी, वनोपज खरीदी, गोबर खरीदी एवं तेंदूपत्ता खरीदी के माध्यम से लोगों की आर्थिक स्थिति लगातार सुधारी जा रही है। उन्होंने कहा कि राज्य शासन राजीव गांधी भूमिहीन कृषि मजदूर न्याय योजना के तहत भूमिहीनों को सालाना 6 हजार रुपये भी देने जा रही है। मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम में बकावंड तहसील मुख्यालय में महीने में 15 दिन एसडीएम कार्यालय संचालित करने और स्टेडियम निर्माण की घोषणा की। मुख्यमंत्री ने कहा कि बस्तर में आदिवासियों की जमीन का अधिग्रहण किए बिना उद्योग स्थापित किए जाएंगे। इसके लिए किसी आदिवासी को उसकी जमीन से नहीं हटाया जाएगा। कारखाने और फैक्ट्रीज शासकीय भूमि में लगाए जाएंगे। इनमें 90 प्रतिशत रोजगार स्थानीय लोगों को दिए जाएंगे। उन्होंने कहा कि देश-दुनिया में अब बस्तर की नई पहचान बन रही है। सुकमा में इमली से इमली कैंडी बन रही है, दंतेवाड़ा के डेनेक्स ब्रांड के कपड़े दूसरे राज्यों तक पहुँच रहे हैं। मुख्यमंत्री ने समाज प्रमुखों से चर्चा में कहा कि बस्तर के विकास के लिए राशि की कोई कमी नहीं होने दी जाएगी।



कार्यक्रम में उद्योग एवं वाणिज्य तथा बस्तर जिले के प्रभारी मंत्री कवासी लखमा, सांसदद्वय दीपक बैज और फूलोदेवी नेताम, बस्तर क्षेत्र विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष लखेश्वर बघेल, छत्तीसगढ़ हस्तशिल्प विकास बोर्ड के अध्यक्ष चन्दन कश्यप, विधायक राजमन बेंजाम, क्रेडा के अध्यक्ष मिथिलेश स्वर्णकार, कमिश्नर जी.आर. चुरेन्द्र, पुलिस महानिरीक्षक सुंदरराज पी., मुख्य वन संरक्षक मोहम्मद शाहिद, कलेक्टर रजत बंसल और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जितेंद्र मीणा सहित अनेक जनप्रतिनिधि एवं हिंगलाजिन मंदिर समिति के पदाधिकारी व सदस्य उपस्थित थे।

## प्रदेश में ईद मिलादुन्नबी पर जलसा, जुलूस प्रतिबंधित

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com

आगामी माह जिले में कोरोना संक्रमण में वृद्धि की संभावना को दृष्टिगत रखते हुए जिला प्रशासन द्वारा मिलाद-उन-नबी त्यौहार के लिए गाईड लाईन जारी किया गया है। कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी द्वारा जारी आदेशानुसार ईद मिलादुनब्बी त्यौहार के दौरान किसी भी प्रकार का जुलूस, सभा, रैली, प्रभात फेरी या बाईक रैली निकालने की अनुमति नहीं होगी। मस्जिदों में तकरीर, परचम कुसाई की अनुमति होगी। कार्यक्रम का आयोजन ऐसे स्थानों में किया जाए जिससे सार्वजनिक निस्तार बाधित न हो। ईद मिलादुनब्बी त्यौहार के दौरान किसी भी प्रकार के सांस्कृतिक कार्यक्रम (जलसा) के आयोजन की अनुमति नहीं होगी। ईद मिलादुनब्बी त्यौहार की समस्त कार्यवाही प्रातः 9 बजे तक संपन्न करनी होगी। शासकीय संपत्ति जैसे बिजली का खंभा, कार्यालय आदि तथा रोड क्रास करते हुए झंडा, तोरण लगाने की अनुमति नहीं होगी। ईद मिलादुनब्बी त्यौहार में सम्मिलित होने वाले समस्त व्यक्तियों को मास्क पहनना, समय-समय पर हैण्ड सैनेटाईजर का उपयोग करना, फिजिकल डिस्टेंसिंग तथा सोशल डिस्टेंसिंग रखना अनिवार्य होगा। ईद मिलादुनब्बी त्यौहार में सम्मिलित होने वाले समस्त व्यक्तियों के संबंध में एक रजिस्टर संधारित किया जाएगा, जिसमें उपस्थित होने वाले सभी व्यक्तियों का नाम, पता, मोबाईल नंबर दर्ज किया जाएगा ताकि उनमें से कोई भी व्यक्ति कोरोना संक्रमित होने पर कांन्ट्रेक्ट ट्रेसिंग किया जा सके।

### ये है गाइडलाइन

■ ईद मिलादुन्नबी त्योहार के दौरान किसी प्रकार का जुलूस सभा, रैली, प्रभात फेरी या बाइक रैली निकालने की अनुमति नहीं होगी। ■ मस्जिद में तकरीर, परचम, कुशाई की अनुमति होगी। ■ कार्यक्रम का आयोजन ऐसे स्थान में किया जाए जिससे सार्वजनिक जगह बाधित ना हो। ■ ईद मिलादुन्नबी त्योहार के दौरान किसी भी प्रकार के सांस्कृतिक कार्यक्रम के आयोजन की अनुमति नहीं होगी। ■ ईद मिलादुन्नबी त्योहार की समस्त कार्रवाई सुबह 9 बजे तक संपन्न कर ली जाए। शासकीय संपत्ति जैसे बिजली का खंभा, कार्यालय, तथा रोड क्रॉस करते हुए झंडा तोरण लगाने की अनुमति नहीं होगी। ■ मस्जिद में आने वालों को मास्क पहनना समय-समय पर हाथ सैनिटाइज करना सोशल डिस्टेंसिंग रखना जरूरी होगा। ■ त्योहार के दौरान किसी भी प्रकार के अस्त्र-शस्त्र का प्रयोग प्रतिबंधित होगा। ■ इन नियमों का उल्लंघन किए जाने पर एपिडेमिक डिजीज एक्ट, आपदा प्रबंधन अधिनियम के तहत कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## रणजीत हत्याकांड में गुरमीत राम रहीम सिंह समेत पांच दोषियों को उम्र कैद

वार्ता < पंचकूला
www.dailypioneer.com



हरियाणा में पंचकूला की केंद्रीय जांच ब्यूरो( सीबीआई ) की विशेष अदालत ने सिरसा स्थित डेरा सच्चा सौदा के प्रबंधन समिति के सदस्य रणजीत सिंह हत्याकांड के लगभग 19 साल पुराने मामले में डेरा प्रमुख गुरमीत राम रहीम सिंह समेत पांच दोषियों को आज उम्र कैद की सज़ा सुनाई। सीबीआई के विशेष जज डा. सुशील गर्ग ने कैद की सज़ा के साथ डेरा प्रमुख को 31 लाख रूपये तथा चार अन्य दोषियों को 50-50 हजार रूपये जुर्माना भी सुनाया। अदालत में डेरा प्रमुख को वीडियो कांफ्रेंसिंग से जबकि चार अन्य दोषियों कृष्ण कुमार, अवतार, जसवीर और सबदिल को व्यक्तिगत रूप से पेश किया गया। इस दौरान अदालत परिसर और बाहर तथा शहर के अन्य संवेदनशील क्षेत्रों में निषेधाज्ञा लागू करने के साथ ही कड़े सुरक्षा बंदोबस्त के तहत पुलिस और अन्य सुरक्षा बल तैनात किये गये थे। इससे पहले इसी अदालत ने पांचों को गत आठ अक्तूबर को इस मामले में दोषी करार देते हुये सज़ा सुनाने के लिये 12 अक्तूबर की तारीख निर्धारित की थी लेकिन उस दिन डेरा प्रमुख की ओर से उनके और डेरा ओर से किये जा रहे सामाजिक कार्यों का उल्लेख करते हुये एक अर्जी दाखिल कर सज़ा में रहम की अपील की गई थी। इस अदालत ने इस पर दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद सजा को लेकर फैसला 18 अक्तूबर तक स्थगित कर दिया था। इस मामले में एक अन्य आरोपी इंद्रसेन की मौत हो चुकी है। अदालत ने इससे पहले गत 12 अगस्त को इस मामले की सुनवाई पूरी करते हुये सजा पर फैसला सुनाने के लिये 26 अगस्त की तारीख निर्धारित की थी लेकिन इसे बाद में आठ अक्तूबर तक स्थगित कर दिया गया। उल्लेखनीय है कि डेरा प्रमुख को इससे पहले डेरा की साध्वी यौन शोषण मामले में 25 अगस्त 2017 को दोषी करार देते हुये 20 साल की कैदी सज़ा सुनाई गई थी। इसके अलावा उन्हें सिरसा के पत्रकार रामचंद्र छत्रपति हत्याकांड में भी उम्र कैद की सज़ा सुनाई जा चुकी है। ये दोनों सजाएं उन्हें सीबीआई अदालत के विशेष जगदीप सिंह ने सुनाईं थीं। ये दोनों सजाएं उन्हें सीबीआई अदालत के विशेष जज जगदीप सिंह ने सुनाईं थीं।

### 5 की हालत गंभीर, सिम्स दाखिल

## मृत्यु भोज में शामिल 13 ग्रामीणों की बिगड़ी तबीयत



पायनियर संवाददाता < बिलासपुर
www.dailypioneer.com

कोटा के आमामुड़ा गांव में रविवार को मंगल सिंह की स्व पत्नी का तिजवी कार्यक्रम था, जिसमें शामिल होने आसपास के गांव से बड़ी संख्या में लोग पहुंचे थे। बताया जा रहा है कि यहां दोपहर में भोजन करने के बाद लोगों की तबियत अचानक बिगड़ने लगी। लोगों को उल्टियां होने लगी, जिसके बाद 13 लोगों का स्वास्थ्य बिगड़ जाने पर उन्हें रतनपुर स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। रतनपुर लाए गए लोगों में 3 महिलाएं और 10 पुरुष शामिल है। इनमें से 5 की स्थिति गंभीर होने पर उन्हें बिलासपुर सिम्स भेजा जा रहा है। इस कार्यक्रम में शामिल होने आमामुड़ा के अलावा छतौना, बरगवां, टिकरा, केंदा आदि गांव से लोग पहुंचे थे। मृत्युभोज के लिए तैयार भोजन करने के बाद इनकी तबीयत खराब होने लगी। माना जा रहा है कि फूड प्वाइजनिंग का यह लोग शिकार हुए हैं जिन का इलाज किया जा रहा है। तो वही अब मामले की जांच भी पुलिस करेगी। मंगल सिंह की पत्नी के मृत्युभोज में शामिल होने गए लोग अब खुद जिंदगी और मौत की लड़ाई लड़ रहे हैं।

### इनकी बिगड़ी तबीयत

सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र रतनपुर से मिली जानकारी के अनुसार, आमामुड़ा निवासी जगपाल, सगम बाई, रूप सिंह, ध्यान सिंह, धरमांध सिंह, राजकुमार, जगमोहन, ध्यान सिंह, चंद्रमति, चंद्रिका, जानकुंवर, सहित 15 लोगों को इलाज के लिए भर्ती कराया गया। जिनमें 10 मरीजों को सिम्स रेफर किया गया है। कोटा एसडीएम तुलाराम भारद्वाज ने कहा कि महिला की मौत के बाद दशगात्र में फूड प्वाइजनिंग की बात सामने आई है। गांव में स्वास्थ्य विभाग की टीम भेजी गई है। ग्रामीणों की तबीयत कैसे बिगड़ी इसका पता लगा कर गांव में कैंप लगाया जाएगा।

### स्वास्थ्य विभाग की टीम उनके घर आए लोगों के संबंध में भी जानकारी जुटा रही

ग्रामीणों ने बताया कि आमामुड़ा में रहने वाली अमृत बाई पति मंगल भी दशगात्र कार्यक्रम में गई थी। वहां उसकी तबीयत बिगड़ गई। इसके कारण महिला की बरगवां में ही मौत हो गई। शनिवार को स्वजन उसके शव को गांव लेकर आए और अंतिम संस्कार कर दिया। महिला के अंतिम संस्कार में शामिल होने गए लोगों की ही तबीयत बिगड़ी है। स्वास्थ्य विभाग की टीम उनके घर आए लोगों के संबंध में भी जानकारी जुटा रही है।



# नशे की गिरफ्त में प्रदेश : नशीली दवाई बेचने वाला हिस्ट्रीशीटर, चरस के साथ युवक गिरफ्तार



■ हिस्ट्रीशीटर के खिलाफ 29 अपराध पंजीबद्ध

**पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर**
www.dailypioneer.com

राजधानी में प्रतिबंधित नशीली टेबलेट के साथ थाना तेलीबांधा निवासी हिस्ट्रीशीटर अज्जू उर्फ अजय मोटवानी गिरफ्तार को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपित अज्जू उर्फ अजय मोटवानी (31) निवासी रविग्राम गली नंबर 2 थाना तेलीबांधा रायपुर ने पूछताछ में बताया कि वह नशीली टेबलेट महासमुंद जिले से लेकर आया था। और यहां रायपुर में बेचने की फिराक में ग्राहक की तलाश कर रहा था। जानकारी के मुताबिक आरोपी के खिलाफ थाना तेलीबांधा, सिविल लाइन, टिकरापारा, न्यू राजेन्द्र नगर, गुढ़ियारी व जिला महासमुंद के थाना सिंघोड़ा में हत्या के प्रयास, आर्म्स एक्ट के साथ ही अन्य मामले समेत कुल 29 अपराध पंजीबद्ध है। इतना ही आरोपी अज्जू के खिलाफ एनएसए की भी कार्रवाई की जा चुकी है। एनएसए की कार्रवाई के बाद से जेल से रिहा होने के बाद थाना तेलीबांधा की टीम द्वारा आरोपित पर लगातार नजर रखी जा रही थी।

पुलिस ने बताया कि प्रतिबंधित नशीली टेबलेट रखने के संबंध में आरोपित के पास कोई वैध दस्तावेज नहीं थे। आरोपित के कब्जे से अलग-अलग 99 स्ट्रीप में रखें कुल 990 नग प्रतिबंधित नशीली टेबलेट जब्त कर उसके खिलाफ थाना तेलीबांधा में अपराध क्रमांक 483/21 धारा 22(ग) एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने बताया कि रविवार को थाना तेलीबांधा पुलिस की टीम को सूचना मिली कि अज्जू उर्फ अजय मोटवानी अपने पास प्रतिबंधित नशीली टेबलेट बिक्री करने के लिए रखा है और नशीली टेबलेट को बेचने की फिराक में मरीन ड्राइव तेलीबांधा पास ग्राहक की तलाश कर रहा है। इस पर थाना प्रभारी तेलीबांधा के नेतृत्व में थाना तेलीबांधा पुलिस की टीम द्वारा उक्त स्थान पर जाकर हिस्ट्रीशीटर अज्जू उर्फ अजय मोटवानी की पतासाजी कर पकड़ा गया।

## ग्राहक की तलाश कर रहे युवक को पुलिस पकड़ा

■ नशीले पदार्थ के कारोबारियों के संबंध में की जा रही है पूछताछ





राजधानी के ग्रास मेमोरियल मैदान के पास मादक पदार्थ चरस बेचने के लिए ग्राहक की तलाश करता युवक पुलिस के हत्थे चढ़ गया। जानकारी के मुताबिक आरोपित हरीश रावत को कोतवाली पुलिस ने गिरफ्तार कर उसके पास से करीब 145.500 एम.जी जिसकी कीमत 1.5 लाख रुपये आंकी गई है, उसे पुलिस ने बरामद किया। जानकारी के मुताबिक आरोपित द्वारा चरस को पोड़ी गढ़वाल (उत्तराखंड) लाने की जानकारी दी। इसके अलावा पुलिस ने आरोपित से पांच हजार रुपये नकद और एक बाइक जब्त की है। आरोपी हरीश रावत (30) निवासी शिक्षक नगर बड़े उरला अभनपुर रायपुर के खिलाफ थाना कोतवाली में अपराध क्रमांक 250/21 धारा 21(बी) नारकोटिक्स एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है। जानकारी के मुताबिक थाना कोतवाली पुलिस टीम को सूचना मिली कि थाना कोतवाली क्षेत्रांतर्गत स्थित ग्रास मेमोरियल मैदान के पास दोपहिया वाहन सवार एक व्यक्ति कुछ मादक पदार्थ रखा है, जिसे बेचने की फिराक में ग्राहक की तलाश कर रहा है। इस सूचना पर तुरंत कार्रवाई करते हुए अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शहर तारकेश्वर पटेल और नगर पुलिस अधीक्षक कोतवाली अविनाश ठाकुर द्वारा थाना प्रभारी कोतवाली मोहसीन खान को आरोपित को मादक पदार्थ के साथ रंगे हाथ पकड़ने के लिए कहा गया। पुलिस टीम द्वारा व्यक्ति से बातचीत का प्रयास करने पर वह भागने लगा, जिसे टीम के सदस्यों द्वारा दौड़ाकर पकड़ा गया। पूछताछ में व्यक्ति ने अपना नाम हरीश रावत निवासी अभनपुर रायपुर का होना बताया। गिरफ्तार आरोपित से इस काले कारोबार में जुड़े अन्य कारोबारियों के संबंध में विस्तृत पूछताछ की जा रही है, इस काले कारोबार से जुड़े जो भी नाम सामने आएंगे उन सबके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

## राजधानी में जमकर चले चाकू-छुरी, एक की मौत, पांच घायल

राजधानी रायपुर में इन दिनों गुटीय विवाद या आपसी रंजिश के दौरान चाकूबाजी की घटनाएं बढ़ गई हैं। इसका मुख्य कारण शहर में पुलिस का खौफ पूरी तरह से खत्म हो चुका है। बदमाश खुलेआम बेखौफ शहर की सड़कों पर निकलने वाले चल समारोह में और गाड़ियों में चाकू लेकर घूम रहे हैं। छोटी सी नोक-झोंक पर चाकूबाजी की वारदात को अंजाम दे रहे हैं। बीती रात कोटा इलाके में तीन युवकों को और टिकरापारा में एक युवक पर चाकू से हमला के बाद जमकर हंगामा हुआ। शहर में बदमाशों ने पिछले तीन दिनों में शहर के चार थानों में बड़ी चाकूबाजी की घटनाओं को अंजाम देकर पांच युवकों को घायल और एक को मौत के घाट उतार चुके हैं। हालांकि, घटना के सभी आरोपित पुलिस की गिरफ्त में हैं।

**दो आरोपित गिरफ्तार :** प्रार्थी शिवम व उसके साथी अपने एक साथी का जन्मदिन मनाकर वापस आ रहे थे। शिवम व उसके साथी अजय यादव, आदित्य यादव एवं भूपेंद्र धृतलहरे कोटा कालोनी पानी टंकी के पास से गुजर रहे थे।उसी समय सचिन गौतम और नितेश गोड जो प्रार्थी एवं उसके साथियों के पूर्व परिचित है। दोनों ने प्रार्थी एवं उसके साथियों को कहां जा रहे हो कहकर अश्लील टिप्पणी की। इसके बाद विवाद हो गया। नितेश और सचिन ने धारदार हथियार से वार कर तीनों को घायल कर दिया। दोनों आरोपितों के विरुद्ध धारा 294, 506बी, 323, 324, 307, 34 और 25,27 आर्म्स एक्ट का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।पुलिस ने तत्काल पतासाजी कर आरोपितों को गिरफ्तार कर अग्रिम कार्रवाई की। आरोपितों का जुलूस भी निकाला गया।

**लूट की वारदात, तीन गिरफ्तार :** सिविल लाइन थाना क्षेत्र में 15 अक्टूबर की रात खालसा स्कूल के पास चाकू मारकर लूट की वारदात करने वाले तीन आरोपितों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। सिविल लाइन पुलिस ने आरोपित सलाहुद्दीन और मो. शाहिद और रोशन सिंह को पकड़ा। घटना के संबंध में पूछताछ की गई।घटना में अपनी संलिप्तता स्वीकार किया। आरोपितों ने चाकूबाजी की वारदात की थी, वहीं से उनका जुलूस निकाला गया।

**टिकरापारा में जनता कांग्रेस के कार्यकर्ता पर चाकू से हमला :** रायपुर टिकरापारा थाना क्षेत्र में चाकूबाजी की घटना हुई। जनता कांग्रेस जोगी के कार्यकर्ता पर चाकू से हमला किया गया। इससे घायल हेमराज बंटी बंजारे को गंभीर चोट आई।

# ईद-मिलादुन्नबी की महंत और मरकाम ने दी मुबारकबाद

**पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर**
www.dailypioneer.com





छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष डॉ चरणदास महंत ने मुस्लिम समाज सहित सभी प्रदेशवासियों को ईद-मिलादुन्नबी की मुबारकबाद दी है। डॉ महंत ने कहा कि, पैगम्बर साहब के जन्मदिवस ईद-मिलादुन्नबी के पवित्र मौके पर दुनिया भर के मुसलमान इस त्यौहार के दिन वे नए कपड़े पहन विशेष प्रार्थनाएं करते हैं। मोहम्मद पैगंबर का जन्म अरब के शहर मक्का में हुआ था उनकी शिक्षा को समुदाय के लिए बहुत ही मूल्यवान माना जाता है मुस्लिम पैगंबर मोहम्मद की महान शिक्षाओं को याद करने और चर्चा करने के लिए बैठक आयोजित करते हैं । हजरत साहब के संदेश खुशहाल समाज बनाने की दिशा में हमेशा याद किए जाएंगे।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष मोहन मरकाम ने प्रदेशवासियों और मुस्लिम समाज को ईदमिलादुन्नवी की बधाई देते हुये शुभकानायें प्रेषित किया है उन्होंने कहा कि ईदमिलादुन्नवी का यह पर्व देश व प्रदेश में सुख, शांति, समृद्धि लेकर आये। कोरोना की वैश्विक महामारी के बाद आने वाले हमारे पारंपरिक त्यौहार हम सब में एक नई ऊर्जा और उत्साह का संचार करते है।

# राजीव गांधी किसान न्याय योजना से किसान आर्थिक समृद्ध कृषि क्षेत्र में भरोसा विश्वास जागा : तिवारी

■ दीपावाली पूर्व किसानों को राजीव गांधी न्याय योजना की तीसरी किश्त

**पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर**
www.dailypioneer.com



मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने बस्तर दौरे पर राजीव गांधी किसान न्याय योजना का भुगतान, राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर एक नवंबर को किये जाने की घोषणा की है। प्रदेश कांग्रेस वरिष्ठ प्रवक्ता घनश्याम राजू तिवारी ने कहा कि, प्रदेश में गांव गरीब किसान की भूपेश सरकार है, सरकार किसानों से किये वायदों पर प्रतिबद्ध है, दृढ़ संकल्पित है। राजीव गांधी किसान न्याय योजना से छग के कृषि क्षेत्र में क्रांतिकारी परिवर्तन आया है। संकट और महामारी के समय न्याय योजना के दूसरे वर्ष की तीसरी किस्त के रूप में किसानों के खातों में सीधे राशि दी जाएगी। प्रदेश कॉंग्रेस प्रवक्ता घनश्याम राजू तिवारी ने कहा कि, छत्तीसगढ़ की कांग्रेस सरकार किसानों को समृद्ध बनाने उनको प्रति एकड़ की अतिरिक्त सहायता दे रही है। धान उत्पादक किसानों को अंतर राशि 9000 रु की इनपुट सब्सिडी के साथ वैकल्पिक खेती कोदो कुटकी रागी, दलहन तिलहन उत्पादक किसानों को 10000 रु प्रति एकड़ की सहायता से तथा फलदार वृक्ष लगाने वाले किसानों को भी 10000 की सहायता के प्रावधान से छत्तीसगढ़ के किसान निश्चित तौर पर एक लाभदायक फसल चक्र की ओर अग्रसर होंगे।

प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता घनश्याम राजू तिवारी ने कहा कि, छत्तीसगढ़ देश का पहला राज्य है जहां किसानों को प्रति एकड़ धान पर 25 सौ रुपए से अधिक की राशि दी जा रही है। प्रतिवर्ष 19 लाख किसानों को 5750 करोड़ रुपये की राशि खातों में चार किस्तों में अंतरित की जा रही है। छत्तीसगढ़ सरकार राज्य के भूमिहीन खेतिहर मजदूरों को भी राजीव गांधी किसान न्याय योजना का लाभ दे रही है।

# एलेक्सा से अपने बारे में सुनकर मुख्यमंत्री भूपेश मुस्करा उठे

**पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर**
www.dailypioneer.com



जिला प्रशासन बस्तर द्वारा स्कूली बच्चों को अध्ययन में सहायता देने के लिए एलेक्सा का वितरण स्कूलों में किया गया है। आर्दश माड़पाल स्कूल में आयोजित गणित-विज्ञान मॉडल प्रदर्शनी के अवलोकन के दौरान मुख्यमंत्री भूपेश बघेल विकासखंड लोहण्डीगुड़ा के बच्चों द्वारा लगाए गए एलेक्सा के स्टाल पर पहुंचे।

एक बच्चे ने इस दौरान एलेक्सा से पूछा कि - भूपेश बघेल कौन है ? एलेक्सा ने बताया कि भूपेश बघेल छत्तीसगढ़ के तीसरे और वर्तमान मुख्यमंत्री हैं। एलेक्सा ने बघेल के राजनीतिक सफर के बारे में संक्षिप्त जानकारी दी। यह सुनकर मुख्यमंत्री भी मुस्करा उठे। स्कूल की शिक्षिका ने बताया कि बच्चों को एलेक्सा से पढ़ाई का यह तरीका बहुत पसंद है। नरवा, गरूवा, घुरवा बाड़ी के मॉडल के अवलोकन के दौरान मुख्यमंत्री ने स्कूली छात्राओं को बताया कि अब गोबर से बिजली बनाने का काम भी शुरू किया गया है।

# फिर से बढ़ी कालेजों में प्रवेश की तिथि, 25 तक लें दाखिला

■ रविवि में 32,941 ग्रेजुएशन व डिप्लोमा के छात्रों को मिला प्रवेश

■ अंतिम तिथि के बाद भी कई छात्र नहीं ले पाए थे प्रवेश

**पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर**
www.dailypioneer.com




शासन ने कालेजों में प्रवेश के लिए फिर से तिथि बढ़ा दी है। जिन छात्रों ने अब तक दाखिला नहीं लिया था। वे 25 अक्टूबर तक कालेजों में बची हुई सीटों पर प्रवेश ले सकते हैं। बता दें कि पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय से संबद्ध 147 कालेजों में नौ अक्टूबर को अंतिम तिथि समाप्त होने के बाद 32,941 छात्रों को स्नातक व डिप्लोमा कोर्स में दाखिला लिया। वहीं, स्नातकोत्तर कोर्स के प्रथम वर्ष में 11483 को प्रवेश लिया था। अंतिम तिथि के बाद भी कई ऐसे छात्र थे जो दाखिला लेने से वंचित रह गए थे। वहीं, कालेजों में भी सीटें रिक्त होने की जानकारी सामने आई थी। इसे देखते हुए शासन ने दाखिले की तिथि फिर से बढ़ा दी है। जो छात्र प्रवेश लेना चाहते हैं, सीधे कालेज जाकर सीटें रिक्त होने की स्थिति में वहां दाखिला ले सकते हैं। बता दें कि रविवि से संबद्ध शासकीय कालेजों में 9025 छात्रों को बीए में 3473 छात्रों को बीकाम में, 7212 छात्रों को बीएससी में दाखिला मिला।वहीं, प्राइवेट कालेजों में 1528 छात्रों ने बीए में, 3248 छात्र बीकाम में और 1373 छात्रों को बीएससी में दाखिला मिला है। प्रबंधन ने बताया कि छात्रों को दाखिले के लिए इस बार सर्वाधिक समय तक मौके दिए गए हैं। खाली सीटों की संख्या को देखते हुए एक से नौ अक्टूबर तक दाखिले के लिए अंतिम अवसर दिया गया था। जानकारी के मुताबिक अभी भी आठ फीसद सीटें खाली है।

> कालेजों में करीब आठ फीसद सीटें खाली है। स्थिति को देखते हुए शासन ने दाखिले की तिथि 25 अक्टूबर तक बढ़ा दी है। जिन्होंने अब तक प्रवेश नहीं लिया है। रिक्त सीटों पर कालेज में सीधे जाकर दाखिला ले सकते हैं।
>
> **- डा. केएल वर्मा,** कुलपति, रविवि

# टाटा की नई काम्पेक्ट एसयूव्ही टाटा पंच की भसीन मोटर्स में लांचिंग

**पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर**
www.dailypioneer.com






टाटा मोटर्स लि पैसेंजर कार डिवीजन के अधिकृत विक्रेता भसीन मोटर्स, मैग्नेटो मॉल के पासए कृषक नगर, छोकरानाला रायपुर में कल टाटा की नई काम्पेक्ट एसयूव्ही टाटा पंच की भव्य लांचिंग उपभोक्ताओं तथा गणमान्य अतिथियों की उपस्थिति में की गई।

इस अवसर पर भसीन मोटर्स के निदेशकगण अमरप्रीत सिंह भसीन तथा रविन्दर सिंह भसीन ने बताया कि नई टाटा पंच में ड्यूअल एयर बैग्स, अधिक लगेज के लिए बड़ा बूट स्पेस, सुविधाजनक एंट्री हेतु 90 डिग्री पर खुलने वाले डोर्स, हाइट एडजेस्टेबल ड्रायवर सीट के साथ हाईसीटिंग व्यवस्था है। साथ ही आर 16 डायमंड कट एलॉय व्हील्स, प्रोजेक्टर हेड लैमप्स और बोल्ड एलईडी टेल लैम्प्स, ऑटोमेटिक क्लाइमेट कंट्रोल, स्टायलिस रूप रेल्स, खूबसूरत इंटीरियर्स तथा एक्सटीरियस जैसे ढेरों विशेषताएं भी हैं। भसीन मोटर्स के सेल्स मैनेजर प्रदीप शुक्ला ने बताया की नई टाटा पंच की एक्स शोरूम कीमत 5.49 लाख से प्रारंभ है तथा अनेक उपभोक्ताओं ने भारी उत्साह दर्शाते हुए टाटा पंच की बुकिंग करवाई है। लांचिंग अवसर पर टाटा मोटर्स लिमिटेड के टेरेटरी सेल्स मैनेजर अभिलाष तिवारी तथा स्वपनिल चौरसिया के अलावा एसबीआई, एक्सिस बैंक, एचडीएफ सी बैंक, आईसीआईसीआई बैंक तथा अन्य बैंकों एवं फ यनेंस कंपनी के अधिकारीगण भी उपस्थित थे।

## छत्तीसगढ़ के 169 नगरीय निकायों में खुलेंगे 188 श्री धन्वतंरी जेनेरिक मेडिकल स्टोर्स

# इलाज की राह हुई और आसान, आधी कीमत पर दवाइयों के लिए खुल रही है दुकान

**पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर**
www.dailypioneer.com




मरीजों को सस्ती दवा उपलब्ध कराने धन्वंतरी जेनेरिक मेडिकल स्टोर्स शुरू करने जा रही है। सब्बो स्वस्थ्य-जम्मों सुघ्घर अर्थात सभी स्वस्थ्य रहे और सभी ठीक रहे, कुछ इन्हीं परिकल्पनाओं के साथ प्रदेशवासियों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने छत्तीसगढ़ की सरकार की फिर एक नई पहल अमल में लाई जा रही है।मरीजों को सस्ती दवा उपलब्ध कराने धन्वंतरी जेनेरिक मेडिकल स्टोर्स शुरू करने जा रही है। योजना के तहत प्रदेश के नगरीय निकायों के 169 शहरों में 188 धन्वंतरी मेडिकल स्टोर्स प्रारंभ होंगे। इन मेडिकल स्टोर्स के माध्यम से लोगों को अधिकतम खुदरा बिक्री मूल्य (एमआरपी) में से 50 प्रतिशत से भी अधिक की छूट दी जाएगी। छत्तीसगढ़ सरकार की इस पहल से ऐसे लाखों गरीबों और आमनागरिकों के पैसे बचेंगे जो अपनी बीमारी ठीक करने के लिए मंहगी दवाइयां खरीदते हैं। श्री धन्वतंरी जेनेरिक मेडिकल स्टोर के नाम से शहरों में संचालित होने वाले इन दवा दुकानों में आसानी से कम कीमत पर दवाइयां मिल जाने से आमनागरिकों को बहुत राहत मिलेगी और उनके इलाज की राह भी आसान हो जाएगी।

**इलाज के बाद अब घर तक पहुचेगी दवाएं :** छत्तीसगढ़ सरकार ने विगत ढ़ाई साल में स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच बढ़ाने, गुणवत्तापूर्ण इलाज उपलब्ध कराने और जरूरतमंदों को निःशुल्क जांच, उपचार एवं दवाइयां मुहैया कराने अनेक नई पहल की है। मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल के नेतृत्व में स्वास्थ्य विभाग द्वारा डॉ. खूबचंद बघेल स्वास्थ्य सहायता योजना, मुख्यमंत्री विशेष स्वास्थ्य सहायता योजना, मुख्यमंत्री हाट-बाजार क्लीनिक योजना और मुख्यमंत्री स्लम स्वास्थ्य योजना के माध्यम से स्वास्थ्य सुविधाओं तक लोगों की निःशुल्क पहुंच सुनिश्चित की गई है। मेडिकल कॉलेज अस्पतालों, जिला अस्पतालों, सिविल अस्पतालों, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों और उप स्वास्थ्य केंद्रों में सुविधाओं एवं संसाधनों के लगातार उन्नयन से स्थानीय स्तर पर ही जरूरतमंदों को गुणवत्तापूर्ण इलाज मिल रहा है। इसी दिशा में छत्तीसगढ सरकार ने स्वास्थ्य सुविधाओं का विस्तार करते हुए राज्य में श्रीधन्वंतरी दवा योजना शुरु की जा रही है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा 20 अक्टूबर को 85 श्री धन्वंतरी जेनेरिक मेडिकल स्टोर्स की शुरूआत के साथ प्रदेशवासियों को एक नई सौगात देंगे। इस कड़ी में शेष धन्वंतरी मेडिकल दुकानें भी अक्टूबर माह के अंत तक प्रारम्भ कर दी जायेगी। खास बात यह भी है कि मोबाइल मेडिकल यूनिट के माध्यम से जिस तरह से चिकित्सकों की टीम वार्डों और स्लम बस्तियों में जाकर लोगों का निःशुल्क उपचार उनके घर के आसपास कर रही है, ठीक वैसे ही श्री धन्वंतरी दवा योजना के माध्यम से सस्ती दवाइयां घर तक पहुचाने के लिए भी तैयारिया की जा रही है। आने वाले दिनों में जरूरत के हिसाब से जरूरी दवाइयां घर तक भी पहुचाई जाएगी।

**जेनरिक दवाओं के साथ हर्बल उत्पाद :** श्रीधन्वतंरी जेनेरिक मेडिकल स्टोर्स के नाम पर संचालित होने वाले इन दुकानों में महत्वपूर्ण 251 दवाइयां, 27 सर्जिकल आइटम, सर्दी, खासी, बुखार, ब्लड प्रेशर जैसी सामान्य बीमारियों के अलावा एंटीबायोटिक भी उपलब्ध होगी।

# रायपुर ग्रामीण जिला कांग्रेस की बैठक आयोजित

**रायपुर ।** जिला कांग्रेस रायपुर ग्रामीण की बैठक राजीव भवन शंकर नगर में हुई। सर्वप्रथम महात्मा गांधी की तैल चित्र पर माल्यार्पण कर शुरू किया गया। जिला कांग्रेस अध्यक्ष उधो राम वर्मा के नेतृत्व में बैठक में बूथ कमेटी के गठन के संबंध में जिला में चल रहे कार्यो की समीक्षा की गई। पार्टी के कार्य मों एवं अन्य गतिविधियों को सुचारू रूप से चलाने हेतु जिला कांग्रेस रायपुर ग्रामीण द्वारा प्रत्येक ब्लाक में जिला पदाधिकारियों को विभिन्न ब्लाकों की प्रभारी नियुक्त किया गया। आजादी की 75वीं वर्षगांठ को हीरक जयंती के रूप में मनाने हेतु कार्य म की रूपरेखा साल भर करने बनाया गया। जिसमें 5 सदस्यी समिति बनाये गये है। बैठक को वरिष्ठ विधायक अभनपुर धनेन्द्र साहू ने कांग्रेस की मजबूती के लिये सभी को कार्य करने का आह्वान किया। बैठक को धरसींवा विधायक अनिता शर्मा, कृषक कल्याण मण्डल के अध्यक्ष सुरेन्द्र शर्मा, प्रदेश कांग्रेस के प्रभारी महामंत्री संगठन चंद्रशेखर शुक्ला, राजेन्द्र साहू प्रभारी रायपुर जिला कांग्रेस, जिला सह. बैंक रायपुर के अध्यक्ष पंकज शर्मा, द्वारिका साहू, प्रवीण साहू, ब्लॉक अध्यक्ष गण सौरभ शर्मा, कोमल साहू, दुर्गेश वर्मा, कमल भारती, अनिता गुरूपंच, भारती देवांगन, देवा दास टंडन, बलदाऊ साहू, महेश अग्रवाल, सुनील सोनी, मोहन वर्मा, कन्हैया यादव, अभिषेक शुक्ला रहमत, देवेन्द्र मिश्रा, प्रणव ठाकुर, दीपा साहू, चंद्रकला साहू उपस्थित थे।

# बच्चों को स्कूल में उपलब्ध सुविधाओं का अधिक से अधिक उपयोग कर ज्ञानार्जन करने की सीख दी सीएम भूपेश बघेल ने

पायनियर संवाददाता ∢ जगदलपुर
www.dailypioneer.com

बस्तर के ग्रामीण अंचल के माड़पाल शासकीय स्कूल के बच्चे अपने स्कूल की प्रयोगशाला में थ्रीडी प्रिंटर का उपयोग कर रहे हैं, ड्रोन का मॉडल तैयार कर रहे हैं, रसायन विज्ञान की प्रयोगशाला में फिटकरी बनाने जैसे कई प्रयोग कर दक्षता के साथ कर रहे हैं। साथ ही स्मार्ट क्लास में अत्याधुनिक तरीके से ज्ञानार्जन भी कर रहे हैं। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय माड़पाल की पहचान आज बस्तर जिले के सर्व सुविधायुक्त उत्कृष्ट शिक्षण संस्थान के रूप में है। इस स्कूल के विषय मे सुनकर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल अपने दो दिवसीय बस्तर प्रवास के दौरान सोमवार को विकासखंड जगदलपुर के ग्राम माड़पाल के इस स्कूल को देखने पहुंचे। उन्होंने इस दौरान इस स्कूल में 68 लाख रूपए की लागत से कराए गए जीर्णोद्धार कार्य तथा 31 लाख रूपए की लागत से निर्मित अतिरिक्त कक्ष का लोकार्पण किया।ग्रामीण इलाकों के सरकारी स्कूलों में बच्चों के लिए स्मार्ट क्लास, कंप्यूटर, आधुनिक उपकरणों से सुसज्जित लैब, ग्रंथालय की सुविधा दूर की कौड़ी लगती है, ऐसे समय में बस्तर के आदिवासी अंचल के बच्चों के लिए अध्ययन-अध्यापन की आधुनिक सुविधाओं से लैस माड़पाल गांव का शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय किसी वरदान से कम नहीं है। इस स्कूल के बच्चे विज्ञान के नए-नए प्रयोग स्कूल की प्रयोगशाला में कर रहे हैं। स्कूल के अवलोकन के दौरान उद्योग मंत्री एवं जिले के प्रभारी मंत्री कवासी लखमा, लोकसभा सांसद दीपक बैज, राज्यसभा सांसद फुलोदेवी नेताम, संसदीय सचिव रेखचंद जैन, विधायक कोंडागांव मोहन मरकाम, बीजापुर विधायक विक्रम मंडावी, विधायक चित्रकोट राजमन बेंजाम, सरपंच वंदना नाग सहित कलेक्टर रजत बंसल तथा वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जितेन्द्र मीणा भी उपस्थित थे। मुख्यमंत्री ने इस स्कूल के भ्रमण के दौरान वहां किए जा रहे नवाचारों, अध्ययन-अध्यापन की उत्कृष्ट सुविधाओं की जहां प्रशंसा की, वहीं स्कूल की विभिन्न कक्षाओं और प्रयोगशाला तथा लायब्रेरी में जा कर बच्चों से बातचीत कर उनकी पढ़ाई लिखाई के बारे में पूछा। उन्होंने स्कूल में उपलब्ध कराई गई सुविधाओं के लिए जिला प्रशासन, स्कूल शिक्षा विभाग और स्कूल के प्राचार्य और स्कूल के स्टाफ की सराहना की। मुख्यमंत्री ने छात्र-छात्राओं से बातचीत के दौरान उनसे स्कूल में उपलब्ध सुविधाओं का अधिक से अधिक उपयोग करने को कहा। मुख्यमंत्री ने स्कूल की कक्षा दसवीं पहुंचकर बच्चों से बातचीत की। उन्होंने बच्चों को संस्कृति की अवधारणा के बारे में समझाया। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी संस्कृति हमारी पहचान होती है। हमारी संस्कृति हमारे रीति-रिवाज, बोलचाल, भाषा, रहन-सहन, कला, परंपरा, विश्वास, आस्था, जीवन मूल्य, स्थापत्य कला की सम्मिलित अवधारणा है। हम अपनी संस्कृति का प्रतिनिधित्व करते हैं। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ और बस्तर की अपनी सांस्कृतिक पहचान है। उन्होंने शहीद वीर नारायण सिंह के व्यक्तित्व और कृतित्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी। कक्षा दसवीं की छात्रा गायत्री सिंह ने मुख्यमंत्री के कहने पर ''छत्तीसगढ़ परिवेश-कला, संस्कृति एवं व्यक्तित्व'' शीर्षक का पाठ अपनी पुस्तक में से पढ़ कर सुनाया। मुख्यमंत्री बघेल ने स्कूल की अटल टिंकरिंग लैब, भौतिक विज्ञान और रसायन विज्ञान की प्रयोगशाला, लाइब्रेरी और स्कूल की स्मार्ट क्लास में जाकर वहां उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी ली और बच्चों से उनके बारे में पूछा। बच्चों ने पूरा आत्मविश्वास के साथ मुख्यमंत्री के प्रश्नों का जवाब दिया। मुख्यमंत्री ने बच्चों को इसके लिए शाबासी दी। इस अवसर पर स्कूल के परिसर में गणित-विज्ञान विषय पर आधारित प्रदर्शनी भी लगाई गई थी। मुख्यमंत्री ने इस प्रदर्शनी में जाकर बच्चों द्वारा तैयार किए गए मॉडल देखें और बच्चों से उनके बारे में विस्तार से जानकारी ली। बच्चों ने गणित के भाग, गुणा की अवधारणा, दूरियों के मापन, नरवा, गरूवा, घुरवा और बाड़ी, ड्रिप इरिगेशन, वॉटर रिसाइकलिंग, पर्यावरण संरक्षण जैसे विषियों पर उपयोगी मॉडल बनाए थे। कोरोना वायरस से बचाव के लिए ऑटो सेनेटाइजर, फॉग सेनेटाइजर के मॉडल भी तैयार किए थे। मुख्यमंत्री ने बच्चों की कल्पनाशीलता और रचनात्मकता की सराहना की। कई बच्चों ने कबाड़ से जुगाड़ पर आधारित मॉडल भी तैयार किए थे। राज्य शासन की मंशानुरूप कलेक्टर रजत बंसल के दिशा-निर्देश एवं सतत मार्गदर्शन में तथा शिक्षा विभाग के विशेष प्रयासों से शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय माड़पाल आज बस्तर जिले का सर्व सुविधायुक्त उत्कृष्ट शिक्षण संस्थान बन गया है। स्वच्छ, सुन्दर एवं सुविधाजनक विद्यालय भवन का निर्माण तथा योग्य एवं प्रतिबद्ध शिक्षकों के साथ-साथ आधुनिक लैब व पुस्तकालय जैसे जरूरी संसाधनों तथा अनुकूल शैक्षणिक परिवेश की उपलब्धता के कारण आज यह विद्यालय गुणवत्ता एवं संसाधनों की उपलब्धता के मामले में नामचीन निजी विद्यालयों को टक्कर दे रहा है। इस विद्यालय में संसाधन एवं अध्ययन-अध्यापन की समुचित व्यवस्था के कारण ग्रामीण परिवेश के गरीब बच्चों को माड़पाल जैसे दूरस्थ ग्राम के विद्यालय में अनुकूल शैक्षणिक परिवेश में गुणवत्तायुक्त शिक्षा मिल रहा है। वर्तमान में माड़पाल के इस उत्कृष्ट विद्यालय परिसर में पूर्व माध्यमिक शाला एवं हायर सेकेण्डरी स्कूल संचालित है। जिसमें पूर्व माध्यमिक शाला में 123 एवं हायर सेकेण्डरी स्कूल में 439 सहित कक्षा 6वीं से लेकर 12वीं तक कक्षाओं में कुल 562 बच्चे अध्ययनरत हैं। इस पूरे विद्यालय परिसर को बहुत ही सुन्दर एवं आकर्षक स्वरूप में सुसज्जित किया गया है। इस विद्यालय में कुल 16 कक्ष हैं, जिसमें जरूरी सुविधाओं से युक्त अध्ययन कक्ष के अलावा प्राचार्य, कार्यालय एवं स्टॉफ तथा भण्डार कक्ष भी बनाएं गए हैं। विद्यालय में वर्तमान समय एवं ज्ञान विज्ञान के अनुरूप आधुनिक जीव विज्ञान, भौतिक एवं रसायन प्रयोगशाला तथा अटल टिंकरिंग लैब भी स्थापना की गई है। इसके अलावा विद्यालय में सर्व सुविधायुक्त 1-1 स्मार्ट क्लास, ग्रंथालय एवं क्रीडा कक्ष का भी निर्माण किया गया है। विद्यालय में समुचित विद्युत व्यवस्था के अलावा कम्प्युटर, प्रिंटर, एलसीडी प्रोजेक्टर सेट, ओएचपी तथा पेयजल, बालक एवं बालिकाओं के लिए अलग-अलग शौचालय आदि सुविधा की समुचित व्यवस्था के अलावा फर्नीचर आदि भी प्रर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है। इसके साथ ही विद्यालय परिसर में सांस्कृतिक मंच, हरे-भरे पेड़-पौधों से युक्त उद्यान, पोषण वाटिका तथा विद्यार्थियों के लिए सायकल स्टैण्ड का निर्माण किया गया है। इस तरह से इस विद्यालय को अध्ययन-अध्यापन की सभी सुविधाओं से युक्त किया गया है।



## मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने किया कलागुड़ी का लोकार्पण

**जगदलपुर।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने जगदलपुर में दलपत सागर के निकट बनाये गए कलागुड़ी (बस्तर आर्ट गैलरी) का लोकार्पण किया। इस अवसर पर कलेक्टर रजत बंसल ने बस्तर की हस्तशिल्प कलाओं के निर्माण की जीवन्त प्रदर्शन के लिए निर्मित इस परिसर के संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि ब्रिटिश शासन काल के दौरान इस भवन अत्यंत जर्जर स्थिति में पहुंच चुका था। वर्तमान में इसका उपयोग लोक निर्माण विभाग द्वारा अभियांत्रिकी कार्यशाला के रूप में किया जा रहा था। बस्तर की पारंपरिक हस्तशिल्प कलाओं से सैलानियों के साथ युवा पीढ़ी को परिचित कराने के लिए इस परिसर में स्थित जर्जर भवनों को पुनर्निर्माण किया गया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने यहाँ बनाये गए आर्ट गैलरी का भ्रमण कर यहाँ लगाए हस्तशिल्पों का अवलोकन किया। यहां 30 वर्षों से सूखी लक?ियों के माध्यम कला का प्रदर्शन कर रहे डाइट के सहायक प्राध्यापक सुभाष श्रीवास्तव के ड्रिफआर्ट और कोलाज पर कागज से निर्मित कलाकृतियों के साथ ही बेलमेटल से निर्मित कलाकृतियों का प्रदर्शन किया गया था। इसके साथ ही यहां एक अन्य कक्ष में लक्ष्मी जगार और धनकुल जगार के अवसर पर भित्तियों में बनाई जाने वाली जगार चित्र की कार्यशाला का भी अवलोकन भी किया। यहां कोंडागांव के जगार चित्रकार खेम वैष्णव द्वारा स्कूली बच्चों को जगार चित्रकला के सामाजिक, सांस्कृतिक और ऐतिहासिक महत्व के संबंध में जानकारी देते हुए बच्चों को चित्रकला का प्रशिक्षण दिया गया । नए बालचित्रकारों पहले प्रयासों में बनाई गई खूबसूरत चित्रकारी की मुख्यमंत्री ने जमकर सराहना की। मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने इसके साथ ही यहाँ लोक कलाकारों द्वारा लौह शिल्पकारी, मृदा शिल्पकारी, बेलमेटल की शिल्पकारी और सीसल शिल्पकारी का जीवंत प्रदर्शन देखा। मुख्यमंत्री ने इसके साथ ही यहां कैफेटेरिया में बस्तर कॉफी का स्वाद भी लिया।




**बस्तर जिला प्रशासन और फ्लिपकार्ट के बीच हुआ एमओयू-** इस अवसर पर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की मौजूदगी में बस्तर शिल्पकलाओं के विक्रय हेतु बस्तर जिले प्रशासन और फ्लिपकार्ट के बीच एमओयू पर हस्ताक्षर किया गया। इस अवसर पर प्रभारी मंत्री कवासी लखमा, सांसद दीपक बैज, संसदीय सचिव रेखचन्द जैन, कोंडागाँव विधायक मोहन मरकाम, चित्रकोट विधायक राजमन बेंजाम, महापौर सफीरा साहू, नगर निगम अध्यक्ष कविता साहू, कमिश्नर जी आर चुरेंद्र, पुलिस महानिरीक्षक सुंदरराज पी, मुख्य वन संरक्षक मोहम्मद शाहिद, कलेक्टर रजत बंसल, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जितेंद्र मीणा सहित जनप्रतिनिधिगण और अधिकारीगण उपस्थित थे।

## मुख्यमंत्री भूपेश बघेल पहुंचे जगदलपुर के पत्रकार भवन में



मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने पत्रकार संघ सह प्रेस क्लब बस्तर संभाग के नये भवन निर्माण के लिए मंजूरी प्रदान की है। मुख्यमंत्री सोमवार को अपने दो दिवसीय बस्तर प्रवास के दौरान जगदलपुर के नयापारा स्थित पत्रकार भवन पहुंचे थे, जहां उन्होंने उपस्थित पत्रकारों के साथ चर्चा की। पत्रकारों द्वारा इस अवसर प्रेस क्लब के नये भवन की मांग की गई थी। मुख्यमंत्री से चर्चा के दौरान पत्रकारों द्वारा प्रेस क्लब के नये भवन निर्माण हेतु जमीन का पट्टा देने तथा पत्रकारों को आवास की सुविधा उपलब्ध कराने का आग्रह भी किया गया। मुख्यमंत्री ने उनकी इन समस्याओं के समाधान के लिए उचित पहल का आश्वासन दिया। इस दौरान इलेक्ट्रॉनिक मीडिया, प्रिंट मीडिया एवं वेब पोर्टल के अनेक वरिष्ठ पत्रकार मौजूद थे।

# सरकारी संरक्षण में बेलगाम हो चुके नशे के कारोबार की पराकाष्ठा है पत्थलगांव की घटना : लता उसेंडी

पायनियर संवाददाता ∢ कोण्डागांव
www.dailypioneer.com



स्थानीय विश्राम गृह मं जिला स्तरीय प्रेस वार्ता के दौरान मीडिया से रूबरू होकर भाजपा राष्ट्रीय कार्यसमिति सदस्य व छत्तीसगढ़ प्रदेश उपाध्यक्ष लता उसेंडी ने राज्य सरकार को आड़े हाथों लेते कई गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि पत्थलगांव की हृदयविदारक घटना इस बात की तस्दीक कर रही है कि यह घटना राज्य में सरकारी संरक्षण में पूरी तरह बेलगाम हो चुके नशे के कारोबार की वजह से हुआ है। छत्तीसगढ़ में नारकोटिक्स जिहाद का दौर चल रहा है, लेकिन प्रदेश सरकार इस गंभीर मसले पर खामोश बैठी है। शराब व मादक पदार्थों की तस्करी और गोरखधंधे में कई हिस्ट्रीशीटर्स की खुली संलिप्तता छत्तीसगढ़ में बढ़ते अपराध और नशे के कारोबार में चोली-दामन के रिश्ते को रेखांकित करने के लिए पर्याप्त है और प्रदेश सरकार इसे अनदेखा कर रही है। नशे के इन कारोबारियों का नेटवर्क फैला हुआ है और तमाम कारोबारी, सत्ता-संरक्षण में बेखौफ छत्तीसगढ़ की किशोर व युवा पीढ़ी को नशाखोरी की साजिशों का शिकार बना रहे हैं। नशाखोरी और मादक पदार्थों के इस खुलेआम चल रहे गोरखधंधे ने प्रदेश की कानून-व्यवस्था को ध्वस्त कर अपराधों का ग्राम बढ़ाया है, लेकिन प्रदेश सरकार और कांग्रेस के लोग मुंह में दही जमाए और आँखें मूंदे बैठे हैं। तमाम मादक पदार्थ अब छत्तीसगढ़ में आसानी से सुलभ होना और प्रदेश की राजधानी में इनकी सबसे अधिक खपत बेहद चिंताजनक है । भाजपा यह मांग करती है कि पत्थलगांव और कवर्धा आदि मामले की निष्पक्ष न्यायिक जांच हो। प्रदेश में कांग्रेस के सहयोग और संरक्षण मे चल रही तस्करी गतिविधियों पर तुरंत लगाम लगाई जाए। तस्करों के खिलाफ विशेष अभियान चलाते हुए एसआईटी/एसटीएफ का गठन हो। इसके अलावा सिलगेर के प्रकरण सहित किसानों मजदूरों आदि की आत्महत्या के हर मामले मे लखीमपुर की तर्ज पर तुरंत सहायता राशि दी जाए।

इस दौरान जिलाध्यक्ष दीपेश अरोरा, नगर पालिका अध्यक्ष हेम कुवर पटेल, जितेंद्र सुराना, जसकेतु उसेंडी, रौनक दीवान, सोनामणि पोयाम, ललित देवांगन, नागेश देवांगन, विकास दुआ, विक्की रवानी, महेंद्र पारख, बंटी नाग व अन्य मौजूद रहे।

# गोंडवाना समाज समन्वय समिति की एक दिवसीय आमसभा आज




पायनियर संवाददाता ∢ कोण्डागांव
www.dailypioneer.com

गोंडवाना समाज समन्वय समिति जिला कोंडागांव के नेतृत्व में आदिवासी विश्राम भवन चौपाटी परिसर में आमसभा आहुत की गई है। जिसमें पांचवीं अनुसूची क्षेत्र बस्तर संभाग में निवासरत मूलनिवासियों के साथ हो रही बस्तर में निवासरत असामाजिक लोगों के द्वारा दिन प्रतिदिन मारपीट, हत्या, बलात्कार, अन्याय, लूटपाट और अत्याचार की घटनाओं को अंजाम दिया जा रहा है, जिसके विरोध में 19 अक्टूबर दिन मंगलवार को 12.00 बजे से शाम 5.00 बजे तक आदिवासी विश्राम भवन चौपाटी मैदान कोण्डागांव में आम सभा होने के बाद बस स्टैंड होते हुए कलेक्टर कार्यालय में ज्ञापन सौंपने के लिए गोंडवाना आदिवासी समाज की ओर से एक दिवसीय आमसभा एवं शांति पूर्वक महारैली निकालेंगे। जिसमें मूल बस्तरिया- सर्व आदिवासी समाज बस्तर संभाग, सर्व आदिवासी समाज युवा प्रभाग जिला कोंडागांव, आदिवासी युवा छात्र संगठन बस्तर संभाग, आदिवासी युवा छात्र संगठन कोण्डागांव जिलाध्यक्ष/ ब्लॉक अध्यक्ष छ.ग.अनु ज.जा. शासकीय सेवक संघ जिला कोंडागांव, जिला अध्यक्ष अन्य पिछड़ा वर्ग समाज, जिलाध्यक्ष अनुसूचित जाति समाज जिला कोंडागांव को जनसमर्थन एवं सहयोग के लिए अपील की जाती है।

# राज्योत्सव के लिए अधिकारियों को सौंपे गये दायित्व

पायनियर संवाददाता ∢ कांकेर
www.dailypioneer.com

राज्य शासन के दिये गये निर्देशानुसार छत्तीसगढ़ स्थापना दिवस के अवसर पर 01 नवम्बर को जिला मुख्यालय में एक दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन नरहरदेव शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के खेल मैदान में किया जाएगा। कलेक्टर चन्दन कुमार ने उक्त कार्यक्रम के सफल क्रियान्वयन के लिए अपर कलेक्टर डी.एन. कश्यप को नोडल अधिकारी नियुक्त है। जिला स्तरीय अधिकारियों की बैठक में कलेक्टर द्वारा लिये गये निर्णय एवं सौंपे गये दायित्व का निर्वहन नोडल अधिकारी के संरक्षण में किया जाएगा। उक्त कार्यक्रम हेतु जिले के अधिकारियों को भी दायित्व सौंपा गया है, जिसमें जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी राज्योत्सव कार्यक्रम हेतु आमंत्रण पत्र एवं प्रशस्ति पत्र छपवाने की कार्यवाही करेंगे। पुलिस विभाग कांकेर द्वारा सुरक्षा एवं शांति व्यवस्था, लोक निर्माण विभाग के कार्यपालन अभियंता टेंट, स्टेज, माईक, एवं बेरिकेट्स की व्यवस्था करेंगे। इसी प्रकार छत्तीसगढ़ विद्युत मण्डल कांकेर के कार्यपालन अभियंता को विद्युत व्यवस्था, संबंधित विभाग प्रमुख को महत्वपूर्ण विभागीय योजनाओं का प्रदर्शन हेतु, आदिवासी विकास विभाग के सहायक आयुक्त को रात्रिकालीन सांस्कृतिक कार्यक्रम हेतु तथा जिला शिक्षा अधिकारी और आदिवासी विकास के सहायक आयुक्त जिला स्तर पर स्थानीय कलाकारों के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजन कराने की व्यवस्था करेंगे।

AU SMALL FINANCE BANK
A SCHEDULED COMMERCIAL BANK

## एयू स्मॉल फाइनेन्स बैंक लिमिटेड (शिड्यूल्ड कॉमर्शियल बैंक)

रजिस्टर्ड ऑफिसः 19–ए, धूलेश्वर गार्डन, अजमेर रोड, जयपुर–302001 (CIN: L36911RJ1996PLC011381)

**परिशिष्ट IV [ देखें नियम 8(1) कब्जा सूचना ]**

जबकि, अद्योहस्ताक्षरकर्ता एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड (शिड्यूल्ड कॉमर्शियल बैंक) का प्राधिकृत अधिकारी होते हुए "वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनगर्ठन और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002" (2002 का 54) और प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम 13 (12) का सपठित नियमों के नियम 3 के तहत प्रदत शक्तियों के अनुप्रयोग में ऋणियों को मांग सूचना पत्र निम्नलिखित तालिका के अनुसार निर्गमितकर तालिका में राशि 60 दिवस के भीतर चुकाने के लिए कहा गया था।

| ऋणी / सहऋणी / बंधककर्ता / गारन्टर / ऋण खाता संख्या | धारा 13(2) के अन्तर्गत नोटिस की दिनांक व राशि | स्थावर सम्पत्ति का विवरण | कब्जे की तारीख |
|---|---|---|---|
| ( ऋण खाता संख्या ) L9001060817713482, निर्दोष तिवारी ( ऋणी ) | 10-जुलाई-21 ₹ 1,84,808/- एक लाख चौरासी हजार आठ सौ आठ रूपये मात्र 7-जुलाई-21 तक | रिहायशी/ व्यावसायिक संपत्ति भूमि/ बिल्डिंग/ स्ट्रक्चर एवं फिक्सर के सभी अभिन्न अंग स्थित एमआई जी 1084 एमआईजी 1084 एन, आदित्य नगर, छत्तीसगढ हाऊसिंग बोर्ड कॉलोनी, ग्राम तितुरडिह, वार्ड नं. 20, दुर्ग छत्तीसगढ, क्षेत्रफल 111.75 वर्ग मीटर, पूर्व: नहीं, पश्चिम: नहीं, उत्तर: नहीं, दक्षिण: नहीं | 13-अक्टूबर-21 |
| ( ऋण खाता संख्या ) L9001061121066526, मदन लाल मिश्री लाल ( ऋणी ), मोहनलाल खत्री ( सहऋणी ), पवन खत्री ( सहऋणी ) | 13-जुलाई-21 ₹ 2,20,922/- दो लाख बीस हजार नौ सौ बाईस रूपये मात्र 7-जुलाई-21 तक | रिहायशी/ व्यावसायिक संपत्ति भूमि/ बिल्डिंग/ स्ट्रक्चर एवं फिक्सर के सभी अभिन्न अंग स्थित खसरा नं. 403, मोहनलाल का प्लॉट, पीसी नं. 05 23 लोरमी मुंगेली, छत्तीसगढ, क्षेत्रफल 4309 वर्ग फीट, पूर्व: नहीं, पश्चिम: नहीं, उत्तर: नहीं, दक्षिण: नहीं | 13-अक्टूबर-21 |

ऋणियों द्वारा वह राशि लौटाने में विफल होने पर ऋणियों को तथा सामान्यजन को एतद् द्वारा सूचना दी जाती हैं कि अद्योहस्ताक्षरकर्ता ने उक्त अधिनियम की धारा 13 की उपधारा (4) तथा सपठित प्रतिभूति हित प्रवर्तन नियम 2002 के नियम 8 के अन्तर्गत प्रदत शक्तियों के अनुप्रयोग में उपरोक्त तालिका में वर्णित सम्पत्तियों का कब्जा ग्रहण कर लिया है।
ऋणियों का ध्यान प्रतिभूति आस्तियों के मोचन के लिये उपलब्ध समय के सन्दर्भ में अधिनियम की धारा 13 की उपधारा (8)के उपबंधों की ओर आकृष्ट किया जाता है।
ऋणियों को विशिष्टतया तथा सर्व साधारण को सामान्यतया एतद द्वारा सम्पत्तियों के साथ काई व्यवहार नहीं करने की चेतावनी दी जाती हैं।और सम्पत्ति के साथ कोई व्यवहार उपरोक्त तालिका में वर्णित राशि तथा आगे का ब्याज एवं कुल भुगतान होने तक ''एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड'' (शिड्यूल्ड कॉमर्शियल बैंक) के प्रभार के अधीन होगा।

**स्थान: छत्तीसगढ**
**दिनांक: 18/10/2021**

**प्राधिकृत अधिकारी**
**एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड**

## मांग सूचना

जबकि, असेट रिकंस्ट्रक्शन कम्पनी (इंडिया) लिमिटेड (इसमें आगे "आर्सिल" कही गई है), जो कम्पनी अधिनियम, 1956 के अधीन निगमित एक आस्ति पुनर्निर्माण कम्पनी है तथा वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 (इसमें आगे "अधिनियम" कहा गया है) की धारा 3 के अधीन भारतीय रिज़र्व बैंक के साथ पंजीकृत है, तथा जबकि नीचे वर्णित चार्ट के कालम 3 में वर्णित कर्जदारों/बंधकदाताओं/गारंटरों/सह–आबंधकों एवं सहमतिदाताओं ने विभिन्न बैंकों से ऋण प्राप्त किया है और जबकि आर्सिल ने नीचे वर्णित चार्ट के कालम 2 में वर्णित ऋण खातों के संबंध में वित्तीय आस्तियां अधिग्रहीत कर ली हैं; तथा जबकि आर्सिल ने अधिनियम के तहत प्रतिभूत लेनदार के रूप में और प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 3 के साथ पठित उक्त अधिनियम की धारा 13(2) के अधीन प्राप्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, कालम 3 में वर्णित कर्जदारों/सह–कर्जदारों/गारंटरों/बंधकदाताओं/सह–आबंधकों एवं सहमतिदाताओं को मांग सूचनाएं जारी की थी, जिसमें उनसे सूचनाओं में वर्णित राशि उस पर आगे ब्याज के साथ सूचना की तिथि से 60 दिन के भीतर चुकाने की मांग की गई थी, परंतु विभिन्न कारणों से उनमें से कुछ को सूचनाएं सुपुर्द नहीं की जा सकीं।

| क्र. सं. | ऋण खाता संख्या– | कर्जदार/सह–कर्जदार/गारंटर का नाम | कुल बकाया राशि (रू. में) नियत तिथि |
|---|---|---|---|
| 1 | 30048266791 | ए सूर्यनारायण, डामर सिंह | रू. 20,48,281.21/– 07–09–2021 |
| सम्पति वर्णनः खसरा नंबर 1169/2, प्लॉट नंबर 28, फरीद नगर, कोहका दुर्ग, सिटी–दुर्ग, राज्य–छत्तीसगढ़, पिनकोड : 491001, क्षेत्रफल परिमाप 1250 वर्ग फीट और चौहद्दीः उत्तरः 30 फीट रोड, दक्षिणः प्लॉट नंबर 21, पूरबः अन्य की भूमि, पश्चिमः प्रकाश तामस्कर की भूमि। | | | |
| 2 | एलबीबीएलआई 00000350974 | अमर जीत, आशा यादव, सतेन्द्र कुमार | रू. 39,72,536.11/– 07–09–2021 |
| सम्पत्ति वर्णन : खसरा नंबर 751/754 – 751/75 (नया 1574/198) करूड दुर्ग पी.एच. नंबर 55 भिलाई – 490 023 | | | |
| 3 | एलबीबीएलआई 00001088161 | अप्पालास्वामी/टी पद्मावती | रू. 41,92,091.25/– 07–09–2021 |
| सम्पत्ति वर्णन : खसरा नंबर 120/18 (पार्ट), वार्ड नंबर 8, पीसी नंबर 13, एमसी जामुल, तहसील/जिला –दुर्ग भिलाई, सिटी–भिलाई, राज्य–छत्तीसगढ़, पिनकोड : 490002, क्षेत्रफल परिमाप 1200 वर्ग फीट, चौहद्दी : उत्तर : रामनाथ की भूमि दक्षिण : विक्रेता की भूमि, पूरब : 20 फीट रोड, पश्चिम : विक्रेता की भूमि, | | | |
| 4 | 10823111485 | भगवानदास खूबचंदानी | रू. 3,84,146.38/– 07–09–2021 |
| सम्पत्ति वर्णन : खसरा नंबर 478/10 का भाग, प्लॉट नंबर 5, पीसी नंबर 104, नहरपारा रायपुर, सिटी – रायपुर, राज्य–छत्तीसगढ़, पिनकोड : 492001, क्षेत्रफल परिमाप 3300 वर्ग फीट, चौहद्दी : उत्तर : लक्ष्मी पोहा मिल, दक्षिण : रोड, पूरब : विक्रेता की भूमि (प्रस्तावित क्रेता लालचंद), पश्चिम : विक्रेता की भूमि (सुलोचना देवी), | | | |
| 5 | 63008937537 | बिशेलाल, शिव कुमार सोनी | रू. 11,69,508.29/– 07–09–2021 |
| सम्पत्ति वर्णन : खसरा नंबर 1075/32, पीएच नंबर 12, ग्राम खेडमारा जामुल, तहसील एवं जिला दुर्ग, क्षेत्रफल परिमाप 1500 वर्ग फीट, चौहद्दी : उत्तर : अरोड़ा की भूमि, दक्षिण : देसीराम की भूमि, पूरब : 20 फीट रोड, पश्चिम : अमर सिंह की भूमि | | | |
| 6 | 53006711186 | चुरमन सोनी/मंथीर लाल | रू. 10,38,482.58/– 07–09–2021 |
| सम्पत्ति वर्णन : भूमि और खसरा नंबर 1075/16 (1075/1 का भाग) पर प्रस्तावित बिल्डिंग, प्लॉट नंबर 4, ग्राम खेडामारा, पीएच नंबर 12, तहसील एवं जिला दुर्ग, छत्तीसगढ़, क्षेत्रफल परिमाप 1500 वर्ग फीट, चौहद्दी : उत्तर : डा. कविता श्रीनिवास की भूमि दक्षिण : प्लॉट नंबर 5, पूरब : 20 फीट रोड, पश्चिम : प्लॉट नंबर 17 विक्रेता की भूमि | | | |
| 7 | एलबीबीएलआई 00000351340 | चुरमन सोनी/मंथीर लाल | रू. 16,20,183.57/– 07–09–2021 |
| सम्पत्ति वर्णन : खसरा नंबर 411/58 –– (पुराना नंबर 411/1 अंशकृत) पीएच नंबर 19 –– (पुराना नंबर 65/19), चंद्राविहार रिसाली –7 तहसील एवं जिला दुर्ग (छत्तीसगढ) भिलाई–490021, क्षेत्रफल परिमाप 3000 वर्ग फीट, चौहद्दी : उत्तर : सुधा सिंह की भूमि, दक्षिण : अभिनिश्चित नहीं, पूरब : के बी सिंह की भूमि, पश्चिम : एन सिंह की भूमि | | | |
| 8 | 10823117329 | मोहम्मद मुकीम खान, तौसीफा खान | रू. 8,31,825.53/– 07–09–2021 |
| सम्पत्ति वर्णन : मकान नंबर 262957, नया मकान नंबर 24/957, खसरा नंबर 169/4 का भाग, शीट नंबर 30, प्लॉट नंबर 4721, ग्राम पंडरी तराई, पीसी नंबर 109, रवि शंकर शुक्ला वार्ड नंबर 24, नूरानी चौक से पंडरी क्रॉसिंग भगत सिंह स्कूल रोड से 700 मीटर अंदर, रायपुर, राजा तालाब, तहसील एवं जिला रायपुर सिटी–रायपुर, राज्य– छत्तीसगढ़–490021, क्षेत्रफल परिमाप 600 वर्ग फीट, चौहद्दी : उत्तर : मोहम्मद अली की भूमि, दक्षिण : मलका बेगम की भूमि, पूरब : गली, पश्चिम : करनेल सिंह की भूमि | | | |
| 9 | एलबीकेबीए 00001408834 | नेयाज अहमद, रिजवाना बानू, सैफ अहमद | रू. 15,25,514.00/– 07–09–2021 |
| सम्पत्ति वर्णन : मकान नंबर 8/ई –– प्रथम तल –– दीन दयाल आवास योजना –– सीजी हाउसिंग बोर्ड–– बोरबासपुर, कोर्बा–495677 | | | |

अतएव कालम नंबर 3 में वर्णित कर्जदारों/बंधकदाताओं/गारंटरों/सह–आबंधकों एवं सहमतिदाताओं को सूचना दी जाती है तथा कालम 4 में संबंधित कर्जदार/सह–कर्जदार के सामने दर्शाई गई कुल राशि का भुगतान, इस सूचना के 60 दिन के भीतर करने की मांग की जाती है, क्योंकि उक्त राशि कालम नंबर 3 में दर्शित तिथि को संबंधित ऋण खातों के संबंध में देय पाई गई है। यह स्पष्ट किया जाता है कि यदि कुल राशि, भुगतान की तिथि तक आगे ब्याज और और अन्य राशियों, जो देय हो सकती हैं, के सहित नहीं चुकाए जाने की स्थिति में आर्सिल उपरिवर्णित सम्पत्तियों पर प्रतिभूति हित के प्रवर्तन हेतु उपयुक्त कार्यवाही करने हेतु बाध्य होगा। अधिनियम और तदधीन विरचित नियमों के अधीन निर्धारित अन्य विधियों से सूचना प्रदान करने हेतु कदम उठाए जा रहे हैं।

हस्ता./–
स्थान : छत्तीसगढ
तिथि : 19–10–2021
प्राधिकृत अधिकारी
असेट रिकंस्ट्रक्शन कम्पनी (इंडिया) लिमिटेड

Arcil Premier ARC
असेट रिकंस्ट्रक्शन कम्पनी (इंडिया) लिमिटेड
सीआईएन : U65999MH2002PLC134884 ● वेबसाइट : www.arcil.co.in
पंजीकृत कार्यालय : दि रूबी, 10वां तल, 29, सेनापति बापट मार्ग, दादर (पश्चिम), मुंबई–400028, फोन : 022 – 66581300/399
शाखा पता : चटर्जी इंटरनैशनल सेंटर, 33ए जवाहरलाल नेहरू रोड, छठा तल, कमरा नंबर 4, कोलकाता – 700 071, पश्चिम बंगाल, ● फोन : 033–022880224

# तहसील चौक लवन में पत्थलगांव की घटना को लेकर भाजयुमो ने सीएम का पुतला दहन किया

पायनियर संवाददाता < लवन
www.dailypioneer.com

विजय दशमी पर्व के उपलक्ष्य के बीते दिनों में पत्थलगांव में माता विसर्जन के लिए जा रहे श्रद्धालुओं को गांजा तस्करों ने बेलगाम गाड़ी दौड़ाते हुए गाड़ी से श्रद्धालुओं पर चढ़ा दिये थे जिससे कई श्रद्धालुओं की मौके स्थल पर ही मौत हो गई थी। दर्दनाक हादसे में 4 लोगों की मौत हो गई और 16 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए थे। घटना के बाद गुस्साई भीड़ ने गांजा तस्करों की गाड़ी को आग के हवाले कर दिये। पूरे छत्तीसगढ़ में घटना को लेकर रोष की लहर व्याप्त रहा।उक्त दर्दनाक घटना की मामले को लेकर भाजपा युवा मोर्चा द्वारा 17 अक्टूबर से पूरे प्रदेशभर में जनजागरण अभियान चला रही है। इसी क्रम में नगर पंचायत लवन के तहसील चौक में भाजपा युवा मोर्चा के जिला महामंत्री प्रशांत यादव के कार्यकर्ताओं द्वारा मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का पूतला दहन कर सरकार से नाराजगी जाहिर करते हुए भूपेश बघेल मुर्दाबाद के नारे लगाए। भाजपा युवा मोर्चा ने मांग किया है कि मृतको के लिए एक करोड़ की राशि तथा घायलो के लिए 50 लाख रूपये मुआवजे की मांग युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओं के द्वारा किया गया है। वही, 18 अक्टूबर दिन सोमवर को भाजपा युवा मोर्चा और महिला मोर्चा के संयुक्त तत्वाधान में कैडल मार्च का आयोजन किया जायेगा। पुतला दहन में जिला महामंत्री प्रशांत यादव, अनुपम बाजपेयी, रामलाल कुर्रे, पंकज अग्रवाल, पार्षद एस कुमार धीवर, गायेश्वर साहू, दयाराम पटेल, प्रणव अवस्थी, लालू यादव, रवि घृतलहरे, सर्वेन्द्र साहू, घुरउराम वर्मा, गजानंद वर्मा, युवराज साहू, ओमप्रकाश वर्मा, रामकृपाल वर्मा, मनोज मारकण्डेय, गजानंद वर्मा, जोहन साहू, दीपक पैकरा, दल्लू केंवट, राजेश्वर सोनवर्षा, पूरन पटेल, महेश पटेल, शंकर पटेल, जशवंत सेन, सुनील कुमार टोण्डरे, बहादुर सेन उपस्थित रहे।



## भाजयुमो कसडोल ने किया मुख्यमंत्री का पुतला दहन किया

भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा प्रदेश के आह्वान पर जिलाध्यक्ष सुनील यदु के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा मण्डल कसडोल के अध्यक्ष नागेश साहू के अगुवाई में जशपुर के पत्थलगांव मे घटित हृदय विदारक घटना के विरोध में पीड़िती को सही मुआवजा नहीं मिलने एवं कांग्रेस चरित्र पुलिसिया कार्यवाही एवं पूरे प्रदेश में चल रहे गांजा, दारू के अवैध तस्करी के विरोध में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के पुतला को अर्थी में सजा कर नगर भ्रमण किया गया तद उपरांत नगर के मुख्य चौक पुराना नगर पंचायत के सामने पुतला दहन कर सरकार के विरोध में नारेबाजी किया गया। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष नागेश साहू ने कहा की पत्थलगांव में किस प्रकार से एक तस्कर ने माता विषर्जन के लिए जा रहें श्रद्धालुओं को गाड़ी से कुचलकर हत्या कर दी और अनेकों को घायल कर दिया कही न कही एक ऐसा संदेह है कि कांग्रेस की सरकार के सह में ही सभी तस्कर बेढलह्ले से तस्करी में लगे हुये है जिसका परिणाम हमने पत्थलगांव की घटना को देखा हम सबको मिलकर इसका पुरजोर विरोध करना है और सरकार को कठघरे में खड़ा कर सवाल पूछना है और मृतकों के लिए हमें एक करोड़ राशि की मांग करनी है और घायलों के लिए पचास लाख की मांग भूपेश सरकार से करना है। उक्त कार्य म में भाजयुमो मण्डल अध्यक्ष नागेश साहू, उपाध्यक्ष ललित श्रीवास, उपाध्यक्ष तेजनाथ पटेल, सुंदर साहू सो.मी.म.संयोजक, कमल श्रीवास भाजयुमो कार्यकर्ता, रामा धीवर, दीपक साहू, पंकज साहू, धनंजय पैकरा, प्रदीप साहू, अजय पैकरा, ऋ षि साहू, रामविलास साहू, राजादास, जगराम पटेल, सत्यनारायण देवांगन, अजय यादव, विनोद देवांगन, नरोत्तम पटेल, कृष्णा साहू, राकेश साहू, संजय साहू, मनीष कुमार साहू, राजा साहू, शंभू साहू, इलियाश प्रेमी, शनि यादव, राकेश यादव, देवशरण यादव, शोम यादव, कुलदीप यादव भजन यादव, छबि पैकरा, कौशल दास सहित कसडोल मण्डल के समस्त कार्यकर्ता शामिल रहे।

# घटना के 20 मिनट बाद ही 307 का आरोपी पुलिस के हत्थे चढ़ा न्यायिक अभिरक्षा में बन्दीगृह दाखिल

पायनियर संवाददाता < लवन
www.dailypioneer.com



14 अक्टूबर को शाम करीब 19.15 बजे नगर पंचायत लवन के वार्ड क्रमांक 13 में घर के बाजू में दीवाल बनाने व पानी निकासी कर कब्जा करने की बात को लेकर आरोपी रेशम घृतलहरे एवं विजय टंडन के मध्य विवाद हो रहा था जिसे विजय चंदन की पिता प्रार्थी कन्हैया लाल चंदन द्वारा समझा-बुझाकर अपने पुत्र विजय टंडन को घर लेकर चला गया । आरोपी भी अपने घर चला गया । घर से सब्जी काटने की लोहे की हसिया को लेकर बाहर निकला बाहर में प्रार्थी कन्हैयालाल टंडन का छोटा पुत्र आतिश टंडन चौरा में बैठा था जिसे आरोपी रेशम घृतलहरे ने आवेश में आकर गाली देते हुए हाथ में रखे हंसिया से आतिश टंडन के ऊपर प्राणघातक हमला कर दिया जिससे आतिश टंडन के पेट में गंभीर चोट आई झगड़ा मारपीट को देख कर आहत के पिता द्वारा बीच-बचाव करने आया तो उसे भी आरोपी द्वारा मारपीट कर चोट पहुंचाया गया । घटना की सूचना पुलिस मिलने पर पुलिस चौकी प्रभारी बी के सोम के नेतृत्व में पुलिस टीम तत्काल मौके पर पहुंचकर आरोपी को हिरासत में लेकर चौकी लाया गया तथा घायल मुत्त. को तत्काल सीएचसी लवन में भर्ती कराया गया प्रार्थी कन्हैयालाल टंडन पिता दरस टंडन (50) साकीन वार्ड नंबर 13 लवन के रिपोर्ट पर आरोपी के विरुद्ध धारा 294, 323 ,307 भा द वि का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया गंभीर अपराधों में त्वरित कार्यवाही करने की वरिष्ठ अधिकारियों के दिशा निर्देश एवं मार्गदर्शन में 15 अक्टू को आरोपी के मेमोरेंडम पर घटना में प्रयुक्त लोहे की हंसिया तथा आरोपी का खून आलूदा कपड़ा घटनास्थल पर खून आलूदा मिट्टी व सादी मिट्टी जब्त किया गया प्रकरण में आरोपी के विरुद्ध धारा सदर का अपराध घटित करना सबूत पाए जाने से 15.अक्टू को 12.40 बजे विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर न्यायालय रवाना किया गया । उपरोक्त कार्यवाही में चौकी प्रभारी उप निरीक्षक बीके सोम सहायक उपनिरीक्षक मोहम्मद कुरेशी ,संजीव राजपूत ,कमल नारायण देवांगन ,प्रधान आरक्षक क्रमांक 65 मालिक राम भारद्वाज 225 देवेंद्र देवांगन आरक्षक शैलेंद्र बंजारे, अनुराग कोसरिया ,गुमान सिंह, मिर्जा अब्बास एवं अन्य स्टाफ का विशेष योगदान रहा। गौरतलब हो कि पदस्थापना से ही वर्तमान चौकी प्रभारी मुस्तैदी के साथ अपराध पर अंकुश लगाने में सार्थक पहल करते हुए दिख रहे हैं।

# उपहार स्वरूप उज्जवला योजना के तहत गैस सिलेंडर एवं गैस चूल्हा वितरण किया गया

पायनियर संवाददाता < तिल्दा नेवरा
www.dailypioneer.com



नगर से लगे ग्राम पंचायत सरोरा में गांव की माताओं व बहनों को दीपावली पर्व के उपहार स्वरूप केंद्र सरकार के उज्जवला योजना के तहत गैस सिलेंडर एवं गैस चूल्हा का वितरण किया गया जिसमें लगभग 280 कनेक्शन दिया गया है।माता बहन केंद्र सरकार को धन्यवाद ज्ञापित किया इस शुभ अवसर पर ग्राम पंचायत सरोरा के सरपंच बिहारी राम वर्मा एवं उपसरपंच राकेश विनोद जी ठाकुर जिला जनपद पंचायत सदस्य रेखा राम देवांगन एवं पंच गण उपस्थित रहे जिससे गैस सिलेंडर चूल्हा प्राप्त कर गांव के माताओं में खुशी की लहर जगी एवं सभी लोगों ने केंद्र सरकार की योजना का भूरी भूरी प्रशंसा करते हुए अपना गैस चूल्हा एवं सिलेंडर लेकर अपने अपने घरों की ओर प्रस्थान किए।

# 1933 से राम लीला का मंचन होता आ रहा ग्राम निनवा में

पायनियर संवाददाता < तिल्दा नेवरा
www.dailypioneer.com



तिल्दा के ब्लॉक ग्राम निनवा में सन 1933 से आज तक श्रीराम लीला मण्डली का अनवरत मंचन होता आ रहा है। पूरे अंचल में ख्यातिलब्ध यह लीला मण्डली सबसे पुराना है। विशेष उल्लेखनीय है कि आज तक ऐसा कोई वर्ष नहीं ,जब गांव में रामलीला का मंचन नहीं हुआ हो।उक्त लीला मण्डली सनातन धर्म के प्रसार प्रचार के उद्देश्य से अंचल में लीला प्रतियोगिताओं में भाग लेते आये हैं और हर बार अपने बेजोड़ वार्ता,उत्कृष्ट वेशभूषा,जानदार व्यास और दबंग कलाकारी के चलते पुरस्कार जीतते आये हैं। रायपुर के प्रसिद्ध दुग्दधाधारी मठ के तत्वावधान में रावण भाठा के दशहरा मैदान में कुम्भकरण, मेघनाद,रावण बध की लीला का मंचन कर प्रसद्धि को प्राप्त किया।जब से उक्त लीलामण्डली का संचालन,प्रबन्धन सुप्रसिद्ध भगवताचार्य पंडित नन्दकुमार शर्मा के हाथ में आया तब से उक्त लीला मण्डली का मानो काया कल्प हो गया। शर्मा ने कलाकरों का चयन, वार्ता, वेशभूषा और संवाद पर विशेष ध्यान देकर निनवा के लीला मण्डली को पूरे अंचल में प्रतिष्ठित किया। यही नहीं पूरा शर्मा परिवार समर्पित होकर लीला को सजाने,सँवारने में लगा रहता है। सन 1933 से प्रारम्भ होने के कारण इस वर्ष 33 फीट के रावण के पुतला का दहन किया गया । हजारों की संख्या में यहाँ दशहरा देखने दर्शक पहुंचते है। यहां के कुछ कलाकारों को तो अंचल में लीला पात्र के नाम से जाना जाता है। मधु साहू, स्वर्गीय गोपेश्वर निर्मलकर,ऋ षि कुमार वर्मा, यशवन्त वर्मा, खूबी यादव, होमलाल वर्मा, कमलनारायण, राजेन्द्र निर्मलकर, गिरेन्द्र साहू,भूषण वर्मा, बोधन शर्मा ऐसे ही कलाकार हैं। वर्तमान अध्यक्ष बृजभूषण वर्मा ने बताया कि इस वर्ष बृंदावन-मथुरा से विविध वेशभूषा एवं सामग्रियों की खरीदी की गई है। पंडित नन्दकुमार शर्मा की अनुपस्थिति में संचालन का दायित्व जगदीश साहू निभा रहे हैं। रावण का पुतला बनाने मे भी महेश कुमार साहू, बिशेष यादव, पवन साहू, लीलाधर साहू, भुनेशर साहू, रामजी सेन महेंद्र वर्मा, कौशल वर्मा, दिनेश जेठी, महेश निर्मलकर, मुकेश वर्मा कैलाश यादव, बलकरण निर्मलकर, उमेश साहू देवेन्द्र साहू रतनु साहू, एवं नव जागृति दुर्गोत्सव समिति निनवा का विशेष सहयोग बताया गया है।

# प्रदेश सतनामी समाज की बैठक आज रायपुर में

■ प्रदेश अध्यक्ष चुनाव सहित विभिन्न सामाजिक मुद्दों पर होगी चर्चा

पायनियर संवाददाता < गरियाबंद
www.dailypioneer.com



प्रदेश सतनामी समाज छत्तीसगढ़ की प्रबंध कार्यकारिणी बैठक 19 अक्टूबर को राजधानी रायपुर के अमापारा चौक स्थित गुरु घासीदास प्लाजा में आहूत की गई है। बैठक में नए प्रदेश अध्यक्ष का निर्वाचन सहित दस विभिन्न सामाजिक मुद्दों पर चर्चा कर प्रस्ताव पास किए जाएंगे। प्रदेश अध्यक्ष हेमंत सांग, सचिव दिलीप दिवाकर व उपाध्यक्ष सुरेन्द्र खुटे ने बताया कि बैठक में वार्षिक लेखा जोखा प्रस्तुत करने के साथ आगामी वर्ष 2021- 22 के कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार की जाएगी। इसके साथ ही बैठक में प्रदेश अध्यक्ष सहित पूरे कोर कमेटी का गठन किया जाएगा।

प्रदेश कार्यकारिणी के गठन के बाद जिला स्तर पर सामाजिक पदाधिकारियो के विस्तार एवं रिक्त पदाधिकारियों की नियुक्ति के संबंध में चर्चा की जाएगी। इसके अलावा शासन से वन अधिकार पट्टा के तहत गिरौदपुरी धाम में प्रदेश सतनामी समाज हेतु 25 एकड़ जमीन आरक्षित करने, गिरौदपुरी धाम को गिरोधपुरी विकास प्राधिकरण बनाए जाने, गिरौदपुरी धाम को ट्रस्ट बनाने हेतु मांग पत्र तैयार किया जाएगा। सतनामी समाज हेतु प्रदेश के सभी ब्लॉकों में समाज के नाम से जमीन आबंटित किए जाने, संस्था को टैक्स की बचत के लिए धारा 12ए एवं 80जी का पंजीयन संलग्न कराने तथा कर्मचारी हित को ध्यान में रखते हुए आवश्यक निर्णय लिए जायेंगे। मुख्यमंत्री भुपेश बघेल द्वारा घोषणा किए गए गुरुकुल विद्यालय को तत्काल प्रारंभ करवाने की मांग की जाएगी। बैठक में प्रदेश सतनामी समाज का मुख्य कार्यालय के लिए स्थान चयन, नए कार्यालय निर्माण व समाज के नाम से पैन कार्ड बनवाने को लेकर भी चर्चा की जाएगी।

# असत्य कितना भी बलशाली हो जीत सदैव सत्य की होती है : रोहित साहू

■ बेलटुकरी के रामलीला व दशहरा कार्य म में शामिल हुए जिपं सदस्य रोहित व चंद्रशेखर साहू

पायनियर संवाददाता < गरियाबंद
www.dailypioneer.com



ग्राम पंचायत बेलटुकरी के आबादीपारा में प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी विजयादशमी एवं रामलीला का आयोजन धूमधाम से किया गया। उक्त कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिला पंचायत सदस्य रोहित साहू, कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला पंचायत सदस्य चंद्रशेखर साहू ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में भावना रामप्रकाश देवांगन सरपँच ग्राम पंचायत बेलटुकरी, धनंजय साहू उपसरपंच,पुराणिक साहू पूर्व सरपँच,घनश्याम साहू अध्यक्ष ग्राम विकास समिति, संतोष हिरवानी कोषाध्यक्ष ग्राम विकास समिति उपस्थित रहे। इस दौरान उपस्थित अपार जनसमुदाय को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि जिला पंचायत सदस्य रोहित साहू ने कहा कि विजयादशमी का पर्व हमें सदैव सत्य के मार्ग पर चलना सिखाती है। असत्य कितना भी बलशाली हो जीत हमेशा सत्य की ही होती है। अधर्म और अहंकार का नाश रावण की तरह एक दिन हो ही जाता है।हमें समरसता के भाव से मिलजुल कर गांव के विकास के लिए चिंतनशील रहना चाहिए। कार्यक्रम के अध्यक्ष चंद्रशेखर साहू ने सभी को अन्याय पर न्याय की विजय का पर्व विजयादशमी की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि मर्यादा पुरुषोत्तम प्रभु श्रीराम का जीवनचरित्र हम सभी के लिए प्रेरणादायी है जो हमें जीवन में धैर्य, अनुशासन और त्याग की प्रेरणा देती है। हम सबको न्याय के पथ पर अग्रसर होकर प्रभु श्रीराम के जीवन चरित्र को आत्मसात करना चाहिए।अन्याय और दमन का नाश हर युग में होता आया है।इस अवसर पर महेंद्र देवांगन, भगवात साहू, खेलन साहू, कमलनारायण देवांगन, तुकाराम तारक, अरुण हिरवानी, शंकर तारक, रेवा साहू सहित ग्राम वासी उपस्थित थे।

## दशहरा उत्सव में पूर्व विधायक एवं संसदीय सचिव गोवर्धन सिंह मांझी हुए शामिल

# काण्डेकेला में हर्षोल्लास से मनाया गया देव दशहरा

पायनियर संवाददाता < मैनपुर/काण्डेकेला
www.dailypioneer.com







गरियाबंद जिले के मैनपुर ब्लाक अंतर्गत ग्राम काण्डेकेला में प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी दशहरा उत्सव धूमधाम से मनाया गया। इस मौके पर आस-पास के गांव के देवी-देवता, डांग, डोली, बाजे-गाजे के साथ पहुंचे, देवी-देवताओं की शोभायात्रा निकाली गई, उसके पश्चात दशहरा स्थल पहुंचकर देवी-देवताओं ने नृत्य करते एवं तलवार, खड़क, बाना, सांगा व अस्त्र-शस्त्र जमकर भांजते हुए हुए अपने शक्ति का प्रदर्शन किया। इस उत्सव में बड़ी संख्या में लोग देवी-देवताओं के दर्शन कर आशीर्वाद लेकर अपने परिवार एवं गांव की सुख, शांति, समृद्धि और खुशहाली की कामना की।

दशहरा उत्सव कार्यक्रम के मुख्य अतिथि- गोवर्धन सिंह मांझी पूर्व विधायक एवं संसदीय सचिव (बिन्द्रानवागढ़), विशिष्ट अतिथि- पुनित राम सिन्हा (जनपद सदस्य-काण्डेकेला-छेलडोंगरी), सम्मानित अतिथि- श्री साहू (टीआई अमलीपदर थाना), धनीराम सिन्हा वरिष्ठ नागरिक छैलडोंगरी, मंच संचालन- मेसकुमार साहू, कार्यक्रम की अध्यक्षता- धनेश्वर सिन्हा (अध्यक्ष दशहरा उत्सव समिति काण्डेकेला), प्रभुलाल साहू (उपाध्यक्ष), तुपेश्वर मांझी (कोषाध्यक्ष), भोजलाल सागर, मोतीलाल जगत (सचिव), यीशु प्रकाश साहू, किलर साहू (सक्रिय सदस्य), ओमप्रकाश साहू। उपस्थित गणमान्य नागरिक- नंदकिशोर कोमर्रा (सरपंच), सुफेद राम साहू, मिश्रत राम साहू, हुमकुमार नेताम- ग्राम पुजारी (झाकर), राजकुमार मांझी (ग्राम गौटिया), सिद्धेश्वर मांझी (ग्राम पटेल), वृंदावन बिहारीलाल जगत, कैलाश राम यदु, कृपाराम प्रधान, लक्ष्मीलाल यादव, टीकम राम साहू, पवन यादव, शेखरचंद साहू, सुजनराम साहू, पुलस्तराम साहू, घासीराम यादव, रामानंद साहू, खिलावन साहू, उपेन्द्र नेताम (सचिव), प्रमोद कुमार मांझी, पदमन मांझी, पदमन साहू, तिरन नागेश, देवशरण साहू, नन्हे सिंह साहू, योगेश पटेल, पुरुक राम साहू, अशोक पटेल आदि उपस्थित थे। इस अवसर रात्रिकालीन सांस्कृतिक कार्यक्रम के तहत नाटक का आयोजन किया गया।

# रोहित साहू एवं चंद्रशेखर साहू ने किया कबड्डी प्रतियोगिता का शुभारंभ

पायनियर संवाददाता < गरियाबंद
www.dailypioneer.com

ग्राम पंचायत खुटेरी में शनिवार को हैप्पी नवयुवक मंडल के तत्वावधान में राज्य स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में जिला पंचायत सदस्य रोहित साहू एवं अध्यक्षता जिला पंचायत सदस्य चंद्रशेखर साहू पहुंच कर प्रतियोगिता का शुभारंभ किया एवं खिलाड़ियों व आयोजन समिति हैप्पी नवयुवक मंडल को शुभकामनाएं दी। कबड्डी प्रतियोगिता के उद्घाटन अवसर पर यहां पहुंचे सभी अतिथियों का गांव में बाजे गाजे के साथ अभूतपूर्व स्वागत किया। इसके पूर्व अतिथियों द्वारा प्रतिभागी खिलाड़ियों का परिचय प्राप्त किया गया और उन्हें खेल भावना के साथ खेलने की अपील की गई। कबड्डी मैच के उद्घाटन अवसर पर मुख्य अतिथि रोहित साहू ने कहा कि कबड्डी प्राचीन खेलों में से एक है जिस का महत्व आज भी बरकरार है। इस खेल का मजा खेलने वालों में से कहीं ज्यादा देखने वालों में होता है अतः आप सभी खेल का मजा लें जिससे कि खिलाड़ियों का उत्साह वर्धन हो। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे जिला पंचायत सदस्य चंद्रशेखर साहू ने संबोधित करते हुए कहा कि स्वस्थ तन व मन के लिए खेल का होना बहुत जरूरी है और उन्होंने खेल भावना के साथ खेलने के लिए खिलाड़ियों को प्रेरित किया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इन अवसर पर विशिष्ट अतिथि जनपद सदस्य कीर्ति गजेंद्र निषाद, सरपंच लक्ष्मी साहू,सामाजिक कार्यकर्ता रोशन साहू एवं बड़ी संख्या में खेलप्रेमी व खिलाड़ी गण व ग्राम के प्रमुख नागरिक ऐन सिंह हरिलाल चिंताराम भरत रमऊ हेमलाल शंकर हेमू दिनू दुष्यंत वेदप्रकाश नागेंद्र लोकनाथ टीकू हीरा लाल साहू कीर्तन पटेल परमेश्वर गंधर्व महेश साहू उपस्थित रहे।

# पत्थलगांव की घटना को लेकर भाजयुमो शक्ति नगर मंडल ने फूंका सीएम का पुतला



पायनियर संवाददाता < सक्ती
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ प्रदेश के जशपुर जिले के पत्थलगांव शहर में दुर्गा विसर्जन के दौरान निकल रही यात्रा को मादक पदार्थों से भरे वाहन द्वारा यात्रा में शामिल लोगों को रौंद दिए जाने की घटना को लेकर भारतीय जनता युवा मोर्चा छत्तीसगढ़ प्रदेश एवं जांजगीर-चांपा जिले संगठन के निर्देशानुसार भारतीय जनता युवा मोर्चा शक्ति नगर मंडल के कार्यकर्ताओं ने भी 17 अक्टूबर को सीएम का पुतला फूंका, इस दौरान भारतीय जनता युवा मोर्चा सक्ती नगर मंडल ने भाजयूमो महामंत्री हर्ष देवांगन के नेतृत्व में शव यात्रा निकाल कर पुतला फूंका, हर्ष देवांगन ने बताया की भाजपा युवा मोर्चा सक्ती ने पत्थलगांव मे गांजा तस्कर के द्वारा आम नागरिकों को दुर्गा विसर्जन कार्यक्रम में जाते हुए कुचला जाना बहुत ही दर्दनाक घटना है। वही भाजयूमो अध्यक्ष अंकित अग्रवाल ने कहा की छत्तीसगढ़ में इस घटना से गांजा तस्कर का यह मनोबल समाज के लिए खतरनाक है।

युवा मोर्चा के द्वारा कई बार छत्तीसगढ़ की सरकार को नशाखोरी एवं तस्करी के खिलाफ कड़ी कार्यवाही करने हेतु आंदोलन, धरना- प्रदर्शन किया जा चुका हैं, लेकिन शासन के द्वारा कोई एक्शन नहीं लिया जा रहा है। वही भाजयूमो नेता संजय कश्यप ने सरकार को निकम्मी बताते हुए कहा की भाजयूमो के द्वारा इस सरकार के सामने हम अपनी बातों को रखते रखते थक गए हैं, लेकिन सरकार सक्रिय नही नजर आ रही हैं, इसलिए भारतीय जनता युवा मोर्चा सक्ति द्वारा यह कार्यक्रम आयोजित किया गया है, एवं जिस सरकार को छत्तीसगढ़ में जनता के लिए काम करना चाहिए वह दूसरे प्रदेश में अपनी राजनीति कर रहे है, वही भाजपा नगर मंडल के उपाध्यक्ष गोविंद देवांगन ने कहा की भूपेश बघेल को तो अपनी कुर्सी ज़्यादा प्यारी है इसलिए वो बार बार दिल्ली दौरा में रहते है, भाजयूमो के सभी कार्यकर्ताओं ने जमकर सरकार के ख़िलाफ़ हल्ला बोला कार्यक्रम में मुख्य रूप से भाजपा नेता मांगेराम अग्रवाल, भाजपा नगर उपाध्यक्ष गोविंद देवांगन, पुर्व भाजयुमो जिलाउपाध्यक्ष संजय कश्यप, भाजयुमो अध्यक्ष अंकित अग्रवाल, महामंत्री हर्ष देवांगन, उपाध्यक्ष मुकेश खूंटे, लाखन नामदेव, मंत्री गोविंदा निराला, कमल राठौर, प्रमेन्द्र ठाकुर, योगेश साहू, प्रकाश साहू, सूरज देवांगन, महिला मोर्चा शक्ति नगर मंडल अध्यक्ष पुष्पेन्द्री कसेरा एवं उनकी टीम, गोपाल गौतम, गौतम शर्मा, संतोष साहू, वैभव बरेठ, पुरुषोत्तम बरेठ, मोहन साहू, चंद्रभाल पटेल, पिंटू राठौर, सूरज यादव, ओंकार यादव, तुलेश जायसवाल, गिरधारी यादव प्रमुख रूप से उपस्थित रहे तथा मंत्री गोविंदा निराला ने सभी कार्यकर्ता का आभार व्यक्त किया।

# दर्रा-सिपाहीमुडा की महिलाओं ने अवैध शराब बिक्री को लेकर थाना प्रभारी को सौंपा ज्ञापन



पायनियर संवाददाता < सक्ती
www.dailypioneer.com

सक्ति विकासखंड के ग्राम-दर्रा सिपाहीमुड़ा के की महिलाओं ने 17 अक्टूबर को पुलिस थाना शक्ति पहुंचकर शहर के वार्ड-क्रमांक 18 स्टेशन पारा में दर्रा सिपाही मुड़ा जाने वाले मार्ग पर की जाने वाली अवैध शराब की बिक्री को लेकर इसे बंद करवाने ज्ञापन सौंपा है, तथा 17 अक्टूबर को ग्राम दर्रा सिपाहीमुड़ा की कांतिबाई, मथुरा बाई, शोभा बाई, मीना बाई, सीताबाई, सविता, शीला, तेरस बाई, गुरुवारी, शकुंतला, संतोषी, पुष्पा, सावित्री, माया, निर्मला, ललिता सहित अनेकों महिलाओं ने थाना पहुंचकर थाना प्रभारी के नाम ज्ञापन सौंपते हुए बताया है कि हम सभी महिलाएं ग्राम पंचायत हरेठी के अंतर्गत दर्रा-सिपाहीमुड़ा की हैं, तथा शक्ति नगर पालिका क्षेत्र के वार्ड क्रमांक- 18 स्टेशन पारा में होने वाली अवैध रूप से शराब बिक्री के चलते हम सभी को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है, तथा अवैध शराब बिक्री के कारण असामाजिक तत्वों का आना जाना पड़ गया है, जिससे भविष्य में किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना घटित हो सकती है, तथा शक्ति नगर के वार्ड नंबर- 18 दर्रा एवं सिपाहीमुड़ा जाने के लिए भी मार्ग है, तथा अवैध शराब बिक्री होने के कारण महिलाओं को भी इस मार्ग से गुजरने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है, दर्रा- सिपाहीमुंडा की महिलाओं ने ज्ञापन की प्रतिलिपि कलेक्टर जांजगीर चांपा, आबकारी विभाग शक्ति, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व शक्ति एवं अनुविभागिय अधिकारी पुलिस शक्ति को भी प्रेषित की है।

# राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ शक्ति ने विजयदशमी के मौके पर मनाया संघ स्थापना दिवस



पायनियर संवाददाता < सक्ती
www.dailypioneer.com

संघे शक्ति कलियुगे...इस ध्येय के साथ विजयादशमी के पावन अवसर पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना काल से ही हिंदू धर्म के रक्षार्थ शस्त्र धारण करने के साथ पूजन करने की परंपरा का निर्वहन राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ करते आ रहा है, यह बात विभाग प्रचारक योगेश्वर साहू ने सरस्वती शिशु मंदिर, सक्ती में आयोजित विजयादशमी उत्सव के अवसर पर मुख्य वक्ता के रुप में कही, इस अवसर पर नगर शाखा के स्वयं सेवकों के दंड व आयुध प्रदर्शन के साथ ही उपस्थित लोगों के द्वारा परंपरागत रुप से वि
विध शस्त्रों का पूजन भी किया गया।

उक्त जानकारी देते हुए शिशु मंदिर के व्यवस्थापक अधिवक्ता चितरंजय सिंह पटेल ने बताया कि विजयादशमी उत्सव में अभ्यागत के रूप में मुख्य रुप से ईश्वर चंद देवांगन अधिवक्ता, प्रीतम सिंह गबेल, लक्ष्मी सोनी, नंदकिशोर तंबोली, धनंजय नामदेव, संजय रामचंद, श्याम राठौर, ओमप्रकाश राठौर, दीपक गुप्ता, चेतन साहू के साथ विनोद यादव, गौरीशंकर राठौर, बजरंग अग्रवाल, अमरदास, चिरंजीवी, रविंद्र थवाईत आदि संघ के दायित्ववान स्वयं सेवक की गरिमामय उपस्थिति रही। विजयादशमी पर संघ परिवार की ओर से आग्रह किया गया कि वर्तमान समय में संघ की गतिविधियों में शामिल होकर सकारात्मक प्रयास से ही सामाजिक सद्भाव को कायम रखा जा सकता है, क्योंकि संघ ही वह एकमात्र राष्ट्रवादी संगठन है जो कठिन परिस्थितियों में हिंदूत्व व वसुधैव कुटुम्बकम की स्वस्थ परंपरा को कायम रख कर समाज में अमन चैन बनाए रखने में कामयाब है।

# धोबनी में 5 दिवसीय स्काउट-गाइड, रोवर-रेंजर जांच शिविर सम्पन्न

- **करीब तीन सौ प्रतिभागियों को मिला प्रशिक्षण**

पायनियर संवाददाता < सरसीवां
www.dailypioneer.com



शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय धोबनी में पांच दिवसीय स्काउट-गाइड, रोवर-रेंजर जांच एवं प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का समापन जनपद सदस्य ईश्वर सिदार, एसएमडीसी अध्यक्ष भीष्मदेव साहू, प्रभारी प्राचार्य जगमोहन साहू, सरपंच हरिहर साहू के साथ पंचगणों की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ। शिविर में बेलादुला, सोहागपुर, किसड़ा, बेंगपाली, दुरुग, पिपरभवना से स्काउट 94, गाइड 144, रोवर 27, रेंजर 34 कुल 299 प्रतिभागी सम्मिलित हुए। अतिथियों द्वारा बच्चों के भोजन और उत्साह वर्धन हेतु पुरस्कार का भी प्रबंध किया गया था। शिविर के दौरान बेलडुला चौकी प्रभारी कुर्रे ने भी शिविर पहुंचकर स्काउट गाइड के बच्चों का उत्साहवर्धन किया एवं स्काउटिंग गतिविधियों की सराहना की। शिविर को सफल बनाने में शिविर संचालक ( स्काउट) दीपक पांडे, सहायक संचालक परमानंद साहू और शिविर संचालक (गाइड ) निर्मला साहू, राज्यपाल पुरस्कार प्राप्त रोवर रेंजर्स खुशबू, सजल, क्षीतीज, बलराम, लीला, मंजीत आदि का विशेष योगदान रहा।



# किरन्दुल में बैलाडीला व्यापारी संघ द्वारा किया गया डांडिया नाईट प्रतियोगिता का आयोजन



पायनियर संवाददाता < किरन्दुल
www.dailypioneer.com

किरन्दुल के मेन मार्केट में बैलाडीला व्यापारी संघ के तत्वाधान में रविवार देर रात डांडिया नाईट प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। इस कार्यक्रम में नगर के काफी महिलाओं एवं युवाओं ने बढ़ चढ़ कर भाग लिया एवं उत्साह और उमंग के साथ डांडिया किया। डांडिया नाईट कार्यक्रम में ग्रुप एवं सिंगल डांस के विजेताओं का चयन किया गया जिसमें मलप्पा कैम्प के अभि एन्ड ग्रुप ने प्रथम स्थान हासिल किया एवं आर के ग्रुप को द्वितीय स्थान प्राप्त हुई वहीं सिंगल डांस में प्रतियोगिता में पूनम गुप्ता प्रथम एवं श्रद्धा कर्मकार द्वितीय स्थान पर रहीं। व्यापारी संघ के पदाधिकारियों ने विजेताओं को शील्ड देकर पुरस्कृत किया।

# किरन्दुल गजराज कैम्प में नवदुर्गा पूजा समिति द्वारा किया गया रामलीला झांकी का आयोजन



पायनियर संवाददाता < किरन्दुल
www.dailypioneer.com

किरन्दुल के गजराज में नवदुर्गा पूजा समिति द्वारा रविवार शाम को रामलीला झांकी का आयोजन किया गया। इस रामलीला में स्थानीय कलाकारों द्वारा कुम्भकरण वध, मेघनाथ वध एवं राम रावण युद्ध की प्रस्तुति दी गई। जिसमें गंगाधर ठाकुर ने भगवान राम अनिल वास ने लक्ष्मण, गौतम बाघ ने हनुमान, डोमन साहू ने रावण, विजय ने मेघनाथ, प्रसाद ठाकुर ने कुम्भकरण, यमन कुमार साहू ने सुग्रीव का किरदार निभाया। इस कार्यक्रम में सैकड़ों की संख्या में लोग मौजूद रहे तथा देर रात इसका समापन हुआ।

# जवाहर नवोदय विद्यालय उडियाकला में कक्षा छठवीं और नवमीं के लिए प्रवेश प्रारंभ

**कक्षा छठवीं में प्रवेश के लिए ऑनलाईन 30 नवंबर और कक्षा नवमी के लिए 31 अक्टूबर तक निर्धारित**

पायनियर संवाददाता < कवर्धा
www.dailypioneer.com




जवाहर नवोदय विद्यालय में आगामी शैक्षणिक शिक्षा सत्र 2022-23 में कक्षा छठवीं और कक्षा नवमीं में प्रवेश करने के लिए ऑनलाईन आवेदन करने की प्रकिया शुरू हो गई है। कक्षा छठवीं में प्रवेश के लिए लॉनलाईन आवेदन करने की अंतिम तिथि 30 नवम्बर निर्धारित है। इसी प्रकार कक्षा नवमीं में प्रवेश करने के लिए ऑनलाईन आवेदन करने की अंतिम तिथि 31 अक्टूबर निर्धारित की गई है। कलेक्टर रमेश कुमार शर्मा ने जिला शिक्षा अधिकारी व खण्ड शिक्षा अधिकारियों को इस निर्धारित समय से पहले कक्षा छठवीं और कक्षा नवमीं में प्रवेश के लिए अधिक से अधिक विद्यार्थियों को लॉनलाईन आवेदन भरने सुनिश्चित करने के निर्देश दिए है।

जवाहर नवोदय विद्यालय उड़ियाकला, कबीरधाम के प्राचार्य प्रभाकर झा ने बताया कि विद्यालय के कक्षा छठवीं में प्रवेश के लिए सभी छात्रा-छात्राएं नामांकन हेतु जवाहर नवोदय विद्यालय चयन परीक्षा 2022-23 का ऑनलाईन आवेदन जवाहर नवोदय विद्यालय उड़ियाकला जिला कबीरधाम और नवोदय विद्यालय समिति के वेबसाईट पर लिंक के माध्यम से आगामी 30 नवंबर 2021 तक आवेदन कर सकते है। इसी तरह कक्षा नवमीं में प्रवेश के लिए लिंक के माध्यम से आगामी 31 अक्टूबर 2021 तक आवेदन कर सकते है। अधिक जानकारी के लिए नवोदय विद्यालय समिति के वेबसाईट तथा विद्यालय के वेबसाईट का अवलोकन कर सकते है।

प्राचार्य प्रभाकर झा ने बताया कि वर्तमान में कक्षा पांचवीं तथा कक्षा आठवीं में अध्ययनरत सभी विद्यार्थी आगामी शैक्षणिक शिक्षा सत्र 2022-23 में कक्षा छठवीं और कक्षा नवमीं में प्रवेश करने के लिए ऑनलाईन आवेदन कर सकते है।

# सड़क दुर्घटनाओ की रोकथाम हेतु पुलिस मुख्यालय रायपुर द्वारा जिला कांकेर स्तरीय नोडल अधिकारियो की ली गई वर्चुअल मीटिंग

पायनियर संवाददाता < कांकेर
www.dailypioneer.com



पुलिस मुख्यालय रायपुर के वरिष्ठ अधिकारियो की उपस्थिति मे तथा जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन कांकेर के वरिष्ठ अधिकारियो के निर्देश पर जिला कांकेर के सड़क दुर्घटनाओ मे कमी लाने के उद्देश्य से आज दिनांक कलेक्ट्रेट परिसर कांकेर मे पुलिस विभाग, जिला परिवहन विभाग, राष्ट्रीय राज मार्ग विभाग, स्वास्थ्य विभाग,लोक निर्माण विभाग के समस्त नोडल अधिकारियो की Virtual Meeting आहूत की गई, उक्त Meeting मे (iRAD) Integrated Road Accident Database Project के सम्बन्ध मे किसी स्थान पर सड़क दुर्घटना होने पर पुलिस द्वारा घटना की Live Entry किया जाना, रोड का सुधार करना, वाहनों की त्रुटि का निरीक्षण करना, मरीज का डिटेल भरना स्वास्थ्य लाभ देना अन्य महत्व पूर्ण जानकारी एवं अन्य महत्वपूर्ण जानकारी को एक दूसरे विभाग मे साझा करने के सम्बन्ध मे बताया गया।

निश्चित तौर पर (iRAD) Project जो सम्पूर्ण छत्तीसगढ़ राज्य मे एक अक्टूबर से संचालित हुई हैं, उसके माध्यम से सड़क दुर्घटना मे कमी लाई जा सकती हैं. उक्त मीटिंग मे पुलिस विभाग से (iRAD) नोडल अधिकारी उप पुलिस अधीक्षक अमृत कुजूर, स्वास्थ्य विभाग से सी एम एच ओ डॉ एस एल उइके, लोकनिर्माण विभाग भानुप्रतापपुर डिवीजन से ई ई, एम एस कश्यप, कांकेर डिवीजन से ई ई एस एल मरकाम, जिला परिवहन अधिकारी कांकेर से अतुल असैया, लोगनिर्माण कांकेर से एस डी ओ विघ्नेश सिंह, यातायात प्रभारी निरीक्षक रोशन कौशिक, जिला डी आर एम,(NIC)लोकेश्वर सिन्हा मौजूद थे।

**छत्तीसगढ़ प्रदेश भाजपा के महामंत्री एवं जांजगीर चापा विधायक नारायण चंदेल भी हुए शामिल**

# भारतीय जनता युवा मोर्चा एवं महिला मोर्चा जांजगीर ने पत्थलगांव में घटित घटना को लेकर कचहरी चौक जांजगीर में किया विरोध प्रदर्शन

पायनियर संवाददाता < सक्ती
www.dailypioneer.com



भारतीय जनता युवा मोर्चा एवं महिला मोर्चा के छत्तीसगढ़ प्रदेश संगठन के निर्देशानुसार जांजगीर-चांपा जिला मुख्यालय के कचहरी चौक में भाजयुमो एवम महिला मोर्चा द्वारा 17 अक्टूबर को पत्थलगांव की घटना को लेकर नेताजी चौक से कचहरी चौक तक कैंडल मार्च निकालकर विरोध प्रदर्शन कार्यक्रम का आयोजन किया गया, इस कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ प्रदेश भाजपा के महामंत्री एवं जांजगीर-चांपा विधायक नारायण चंदेल की प्रमुख रूप से शामिल हुए, तथा पार्टी कार्यकर्ताओं ने पत्थलगांव की घटना को लेकर निंदा करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ प्रदेश मादक पदार्थों की तस्करी का सबसे बड़ा गढ़ हो गया है, तथा सरकार को नशे के सौदागरों के संबंध में बार-बार भारतीय जनता पार्टी द्वारा कार्यवाही करने के लिए अवगत कराए जाने के बावजूद सरकार ध्यान नहीं दे रही है, जिससे छत्तीसगढ़ प्रदेश में मादक पदार्थों की तस्करी बढ़ती जा रही है, नशे का कारोबार फलता फूलता जा रहा है, पत्थलगांव मे गांजा तस्कर के द्वारा आम नागरिकों को दुर्गा विसर्जन कार्यक्रम में जाते हुए कुचला जाना बहुत ही दर्दनाक घटना है। गांजा तस्कर का यह मनोबल समाज के लिए खतरनाक है, भारतीय जनता युवा मोर्चा एवं महिला मोर्चा द्वारा 17 अक्टूबर को आयोजित कार्यक्रम में प्रमुख रूप से प्रदेश महामंत्री भारतीय जनता पार्टी एवं जांजगीर चांपा विधायक नारायण चंदेल, विवेका गोपाल उपाध्यक्ष भाजपा जांजगीर, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य भाजपा प्रशांत सिंह ठाकुर, मंडल अध्यक्ष आशुतोष गोस्वामी, मंडल महामंत्री अमित यादव, भाजयुमो जिला अध्यक्ष मुकेश जायसवाल , भाजयुमो नगर मंडल अध्यक्ष दिनेश राठौर, जिला महामंत्री आकाश सिंह , जिला उपाध्यक्ष पलाश चंदेल, जिला प्रचार प्रसार प्रमुख देवव्रत देवांगन, जिला कार्यकारिणी सदस्य धनराज, देवांगन, चांपा मंडल अध्यक्ष गिरीश मोदी, नवागढ़ मंडल अध्यक्ष नरेंद्र, मधु राठौर ,बुद्धिमान सिंह, कालू सेन ,विवेक शर्मा एवं भाजपा के समस्त कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## संपादकीय

# डीयू में प्रवेश

## भारी समस्या

**पूरे** देश में डीयू में प्रवेश लेने की इच्छा उच्च शिक्षा क्षेत्र की भारी समस्या प्रकट करती है। दिल्ली विश्वविद्यालय-डीयू स्नातक पाठ्यक्रमों में प्रवेश की प्रक्रिया राष्ट्रीय राजधानी में महानगरीय छात्र जीवन का वार्षिक उत्सव है। पिछले साल कोविड-19 महामारी भी इस जोश पर लगाम नहीं लगा सकी थी। विडंबना है कि इस साल दिल्ली विश्वविद्यालय एक प्रोफेसर की बिना विचारे की गई टिप्पणी ने यह जोश ठंडा कर दिया। एक खास राजनीतिक सोच वाले प्रोफेसर ने दावा किया कि रल शिक्षा बोर्ड एक 'नंबर जिहाद' कर रहा है। उन्होंने दावा किया कि बोर्ड अपने छात्रों को 100 प्रतिशत नंबर देता है ताकि कुछ खास पाठ्यक्रमों में रल छात्रों का 'ज्यादा प्रवेश' हो स। हालांकि, विश्वविद्यालय अधिकारियों ने इसे पसंद नहीं किया और पूरी तरह खारिज कर दिया। दो साल पहले दिल्ली मुख्यमंत्री अरविंद जरीवाल ने विधानसभा चुनाव पहले आम आदमी पार्टी घोषणापत्र में लिखा था कि दिल्ली विश्वविद्यालय की 85 प्रतिशत सीटें राजधानी निवासियों लिए आरक्षित की जाएंगी। लेकिन भौतिकी प्रोफेसर की तरह मुख्यमंत्री यह नहीं समझ स कि डीयू दिल्ली विश्वविद्यालय एक्ट अंतर्गत संचालित एक न्द्रीय विश्वविद्यालय है और यह किसी राज्य सरकार आधीन नहीं है। यह सभी शिक्षा बोर्डों साथ समान व्यवहार करता है और कोई किसी जनसंख्या समूह लिए सीटें आरक्षित नहीं कर सकता है। इन पक्षपाती दृष्टिकोणों बावजूद डीयू में प्रवेश समय पूरे भारत लाखों लोग सहभागिता कर इसे एक राष्ट्रीय आयोजन बना देते हैं। इनमें छात्र, उन माता पिता, संरक्षक तथा कौंसिलिर शामिल हैं। कटआफकुछ कोर्सों लिए 100 प्रतिशत होने साथ ही प्रार्थनापत्रों की संख्या तथा अनेक सूचियां पहले पेज की खबरें बनती हैं। इस साल 70,000 सीटों में से 41,000 का फैसला पहले कटआफ बाद हो गया। इसमें से लगभग 10,000 सीटें विभिन्न राज्यों छात्रों को तथा बाकी सीबीएसई छात्रों को मिलीं।

प्रवेश प्रक्रिया पूरी होने अंत तक दिल्ली पिछले साल की तुलना में ज्यादा महानगरीय रहेगी। लेकिन व्यापक रूप से देखें तो पूरे देश में डीयू में प्रवेश की पसंद राज्यों में उच्च शिक्षा की स्थिति प्रति दुःखद टिप्पणी है। योग्य छात्रों को अपने स्नातक पाठ्यक्रम लिए दिल्ली भागना पड़ता है और इसी प्रकार स्नातक बाद वे भारत छोड़ कर विदेश चले जाते हैं। बाहर से अधिकांश छात्र दिल्ली इसलिए आते हैं क्योंकि वे अपने प्रदेशों में शिक्षण मानकों, अकादमिक परिवेश तथा प्रतियोगिता से संतुष्ट नहीं होते हैं और दिल्ली उन लिए आगे बढ़ने का महत्वपूर्ण अवसर प्रदान करने वाली लगती है। यह भी कहा जा सकता है कि इस प्रवास को वरिष्ठ छात्रों तथा राज्य सरकारों द्वारा भी बढ़ावा दिया जाता है। पूर्वोत्तर तथा दक्षिणी राज्यों की छात्र असोसियेशनें राज्यों की राजधानियों तथा दिल्ली में हेल्प डेस्क बनाती हैं ताकि पाठ्यक्रम और कालेज चुनने में छात्रों की सहायता की जा स, वे दिल्ली लिए स्वयं को ढाल सं या हिंदी सीख कर स्वयं को स्थानीय स्ट्रीट फूड का अभ्यस्त बना सं। दक्षिण में सरकार-संचालित तेलंगाना ट्राइबल एंड सोशल वेलफेयर रेजीडेंशियल एजुशन इस्टीट्यूशन्स सोसाइटी निचली जातियों व वर्गों छात्रों को डीयू में प्रवेश लिए प्रोत्साहित करती है। इस लिए वह फीस तथा होस्टल खर्च में उनको सहायता देती है। तेलंगाना सरकार का यह कदम हाशियाकृत युवाओं को अपने सुदूर घरों से दिल्ली विश्वविद्यालय की लंबी यात्रा लिए प्रोत्साहित करता है।

# अंतरिक्ष में निजी क्षेत्र को आमंत्रण

## भारतीय अंतरिक्ष कार्यक्रम को निजी क्षेत्र लिए खोलना एक नया कदम है। दुनिया बहुत गौर से देख रही है कि यहां प्रवेश करना कितना उचित होगा।



**अनिल प्रकाश**
(लेखक सेटकाम इंडस्ट्री एसोसिएशन के महानिदेशक हैं)



**भारत** सरकार द्वारा 'अंतरिक्ष' को निजी क्षेत्र लिए खोलना इस समय सारी संभावनाओं द्वार खोलना है। पांच दशकों से अंतरिक्ष विभाग-डीओएस अंतर्गत इसरो सभी अंतरिक्ष संबंधी गतिविधियों का न्द्र है जिस पर सीधे प्रधानमंत्री की नजर रहती है। उसे विभिन्न सफल मिशनों का श्रेय प्राप्त है। वह दुनिया की पहली अंतरिक्ष एजेंसी है जिसने चंद्रमा पर पानी तलाशा है। उस पास सुदूर संवेदी उपग्रहों का दुनिया का सबसे बड़ा समूह तथा दो उपग्रह नौवहन प्रणालियां-गगन व नाविक हैं। वर्तमान समय में भारतीय अंतरिक्ष उद्योग वल 7 बिलियन डालर का है, जबकि वैश्विक अंतरिक्ष बाजार 360 बिलियन डालर से अधिक है। इन व्यापक व अविवादित उपलब्धियों बावजूद इसरो ने स्वीकार किया है कि वह भारत भीतर से लगातार अंतरिक्ष-आधारित एप व सेवाओं की बढ़ती मांग पूरी करने में कठिनाई का अनुभव कर रहा है। कृषि, मत्स्यपालन, परिवहन, मौसम विभाग, तेल एवं गैस तथा शहरी विकास जैसे सभी क्षेत्र अपने बिजनेसों लिए अंतरिक्ष तकनीकों पर निर्भर हैं। भारतीय अंतरिक्ष कार्यक्रम को निजी क्षेत्र लिए खोलना एक नया कदम है। दुनिया बहुत गौर से देख रही है कि यहां प्रवेश करना कितना उचित होगा। पहले निजी उद्योग अपनी सीमित भूमिका से बाधित था, पर अब वह न वल वेंडर, बल्कि साझीदार की तरह भी काम करने को तैयार है। इसरो का ढांचा, वैज्ञानिक व तकनीकी संसाधन तथा अंतरिक्ष कार्यक्रम का डेटा भी निजी उद्योग की पहुंच में होगा। इंडियन नेशनल स्पेस प्रमोशन एंड आथराइजेशन सेंटर-इनस्पेस एक फैसिलिटेटर व नियामक की भूमिका अदा करने लिए तैयार है और इसरो तथा निजी क्षेत्र बीच सेतु का काम करेगा।

भारत में स्पेस स्टार्टअप क्षेत्र जीवन्त तथा अंतरिक्ष व डाउनस्ट्रीम क्षेत्रों में काम करने को तैयार है। अनेक निजी व युवा स्टार्टअप ने नए युग निवेशकों को प्रोत्साहित किया है जो जोखिम उठाने तथा दीर्घकालीन परियोजनाओं से लाभ प्राप्त करने में धैर्य धारण करने लिए तैयार हैं। वे लांच सुविधायें, उपग्रह थ्रस्टर्स, एमएम वेव तथा आप्टिकल संचार संपर्कों साथ उपग्रह निर्माण, भू प्रेक्षण उपकरणों, स्पेस सिचुएशनल एवेयरनेस-एसएसए, कोलीज़न डिटेक्शन, आदि स्थापित कर रहे हैं। इस क्षेत्र में बड़े संगठनों प्रवेश ने स्टार्टअप व एमएसएमई को मूल्य श्रृंखला में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने का अवसर दिया है। वर्तमान समय में लगभग 500 फर्में प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से अंतरिक्ष तकनीकों से जुड़ी हैं तथा अनेक स्टार्टअप सरकार साथ काम कर रहे हैं। एक देश रूप में भारत में असाधारण उद्यमिता भावना है जो हालिया वैश्विक महामारी कठिन समय में ज्यादा उल्लेखनीय रूप से उभर कर सामने आई है। उसने लघु उपग्रहों, परिष्कृत राट प्रणोदकों, लांच वाहनों, एआई, रोबोटिक्स, आदि क्षेत्रों में नई तकनीक व बिजनेस माडल विकसित किए हैं। लेकिन इन स्टार्टअप पास संसाधनों तथा तकनीक की कमी है जिससे वे स्वतंत्र अंतरिक्ष कार्यक्रम नहीं चला सकते हैं। हालांकि, अब निजी क्षेत्र फर्मों को इसरो ढांचे व संसाधनों का प्रयोग करने की सुविधा होगी, पर अभी विभिन्न अनुमति की प्रक्रियाओं व समयसीमा बारे में स्थिति स्पष्ट नहीं है।

समयबद्ध तरीके से इन मामलों में स्टार्टअप की सहायता से उनकी प्रगति और तेज होगी। सक्षम बनाने वाली नीतियों अभाव में स्टार्टअप अन्य देशों में जा सकते हैं जहां नियामक व वित्तीय बाधायें युवा बिजनेसों लिए अनिश्चितता न पैदा करें तथा उन दीर्घकालीन निवेश में बाधा न डालें।

उद्योग में उपग्रह स्पेक्ट्रम तक पहुंच सर्वाधिक महत्वपूर्ण है और यह इस क्षेत्र की सफलता लिए जरूरी है। वर्तमान समय में सैटकाम स्पेक्ट्रम की उपलब्धता बारे में स्थिति स्पष्ट नहीं है। स्पेक्ट्रम आबंटन में नीतिगत स्तर पर स्पष्टता बिना युवा स्टार्टअप को सामान्य टेलीमीट्री, टेलीकमांड व पेलोड डेटा आपरेशन्स में कठिनाई होगी। इस संबंध में तीन अलग अधिकारों-लाइसेंसों की आवश्यकता होगी जिनमें जीएमपीसीएस, वीसैट, इन्सैट एमएसएस शामिल हैं। अभी लाइसेंस श्रेणियों में उपग्रह सेवाओं या अपस्ट्रीम व डाउनस्ट्रीम क्षेत्रों बारे में कोई स्पष्टता नहीं है। समय आ गया है कि भारत स्टार्टअप-हितैषी लाइसेंस नीति अपनाने पर विचार करे। इसमें इसरो द्वारा अल्पकालीन प्रायोगिक लाइसेंस भी शामिल है जिससे निजी क्षेत्र उपग्रह मिशनों से जुड़ सकता है। वर्तमान समय में अंतरिक्ष विभाग की भूमिका लाइसेंस देने वाले, बाजार नियामक तथा उपग्रह आपरेटर की है।

इससे निजी उपग्रह निर्माताओं तथा सैटकाम सेवा प्रदाताओं साथ हितों टकराव वाली स्थिति पैदा होती है। इस साथ ही डीओटी, डीओएस, डब्लूपीसी, इनस्पेस व एनएसआईएल अनुमतियों अनेक स्तर पैदा करते हैं। इससे इस क्षेत्र में बिजनेस सुगमता में बाधा आती है। वाणिज्यिक इकाइयों लिए स्पष्ट रूपरेखा बनानी जरूरी है ताकि उनको अपने उद्यम शुरू करने लिए दौड़भाग न करनी पड़े।

नए नियमों ने विदेशी कंपनियों को भारत में अपनी सुविधायें स्थापित करने तथा अंतरिक्ष क्षेत्र में 100 प्रतिशत प्रत्यक्ष विदेशी निवेश लाने की अनुमति दी है। यह एक सकारात्मक कदम है तथा इससे अनेक संयुक्त उद्यम स्थापित हो सकते हैं। इससे उपग्रहों सहयोगी विकास, भारी निवेश तथा रोजगार सृजन में सहायता मिलेगी और जीडीपी वृद्धि तेज होगी। वर्तमान समय में टैक्सों अनेक स्तर, जैसे, जीएसटी, राजस्व शेयर, अनेक डीओटी, डीओएस चार्ज व विधहोल्डिंग टैक्स आदि हैं। इन कारण लगभग एक तिहाई उद्यमी भारत से बाहर जाने की सोच रहे हैं ताकि उनको नियमों पालन व टैक्सों बोझ से राहत मिल स। सिंगापुर, मलेशिया व हांगकांग जैसे देश भारत की तुलना में एक बेहतर ढांचागत व तार्किक कर संरचना पेश करते हैं अतः उद्यमी वहां जाना चाहते हैं।

हालांकि, सरकार ने स्टार्टअप को बढ़ावा देने लिए अनेक एक्सलरेटर कार्यक्रम बनाए हैं। भारत दुनिया में अमेरिका व चीन बाद तीसरा सबसे बड़ा स्टार्टअप क्षेत्र है और इसकी आगे प्रगति की संभावना है। लेकिन निश्चित रूप से कुछ चुनौतियां भी हैं। भारत में 140 इन्क्यूबेटर व एक्सलरेटर हैं, जबकि चीन और अमेरिका में इनकी संख्या 2,400 व 1,500 से अधिक है। ऐसे में पंजीकरण, दीवालिया कानूनों, अनुदानों, निवेश, आदि क्षेत्रों में तत्काल नियमों को सरल करने की जरूरत है।

इसरो और सरकार को नीतिगत कमियां दूर करने की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभानी होगी। ऐसा करने पर भारत स्टार्टअप व निजी क्षेत्र उत्पादों व सेवाओं लिए आकर्षक बाजार बन जाएगा। बड़े पैमाने पर बाजार अवसर अपस्ट्रीम क्षेत्र में निजी क्षेत्र की प्रतीक्षा कर रहे हैं जहां वे डिजाइन निर्माण तथा उच्च प्रौद्योगिकी वाले अंतरिक्षयानों का विकास कर सकते हैं। इस साथ ही डाउनस्ट्रीम क्षेत्र में सेटकाम प्रयोगों को विस्तार देना महत्वपूर्ण होगा। नियामक व संबंधित अधिकारियों को उभरते स्टार्टअप साथ नजदीकी से काम कर बहु-प्रतीक्षित सुधारों व प्रोत्साहनों को गति देनी चाहिए ताकि देश में उद्योग जगत तेजी से काम करते हुए अपनी सफलता से पूरे देश को लाभान्वित कर सके।

अंतरिक्ष एक वैश्विक परिघटना है और भारत को इस मोर्चे पर अवसरों का लाभ उठाने से चूकना नहीं चाहिए। नीतियों की संगति सर्वोत्तम वैश्विक व्यवहारों साथ होनी चाहिए। इससे हमारा विकास और मानक भी बाकी दुनिया समान होंगे। उद्योग तेजी से तकनीकी विकास क्षेत्र में प्रगति करने तथा जीडीपी वृद्धि में योगदान करने की संभावनायें हैं। इस प्रकार निजी क्षेत्र व स्टार्टअप अंतरिक्ष तथा उससे आगे की यात्रा में भारत सरकार के सच्चे साझीदार बन सकते हैं।

# ताइवान पर मंडराता युद्ध का खतरा

"हालांकि, बीजिंग अभी इस द्वीप पर हमला कर सकता है, लेकिन वह इसके लिए तीन साल में पूरी तरह तैयार हो जाएगा।"

**गुइन डायर**
(लेखक वरिष्ठ पत्रकार एवं स्तम्भकार हैं)



**चीन** राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने वादा किया है कि 'मातृभूमि पूर्ण एकीकरण का ऐतिहासिक काम निश्चित रूप से पूरा किया जाएगा।' यह परोक्ष रूप से ताइवान को दी गई एक धमकी थी, पर इसकी कोई समयसीमा नहीं थी। अगले दिन राष्ट्रपति साइ-इंग वेन ने भी जवाब देते हुए कहा, 'कोई ताइवान को वह रास्ता अपनाने लिए मजबूर नहीं कर सकता है जो चीन ने अपने लिए चुना है।'

हालांकि, अमेरिका ने चीन साथ युद्ध की कीमत पर द्वीप की रक्षा का सीधे वादा नहीं किया, पर यह स्पष्ट कर दिया कि ताइवान में अमेरिकी विशेष बल व मैरीन प्रशिक्षण मिशन पर हैं। बीजिंग इसे पहले से जानता है क्योंकि ट्रंप ने उनको वहां दो साल पहले भेजा था, लेकिन वाशिंगटन द्वारा इस बात की खुली पुष्टि चीन को स्पष्ट चेतावनी है। इस प्रकार एक संकटपूर्ण स्थिति है, भले ही यह धीरे-धीरे विकसित हो रही हो। रक्षा मंत्री चू कुओ-चेन ने ताइवान में कहा कि बीजिंग अब भी द्वीप पर हमला करने की स्थिति में है, पर वह तीन साल समय में पूरी तरह ऐसा करने लिए तैयार हो जाएगा। उन अनुसार, '2025 तक चीन हमले की कीमत और खामियाजा न्यूनतम करने की स्थिति में होगा। उस पास वर्तमान समय में क्षमता है, पर वह आसानी से युद्ध नहीं शुरू करेगा क्योंकि उसे अनेक दूसरी चीजों पर भी विचार करना पड़ेगा।' क्या उन जो कहने का अर्थ है वह पूरी तरह सच है?

आंशिक रूप से यह स्वीकृति है कि चीन तेजी से ऐसे हथियार एकत्र कर रहा है जिससे ताइवान पर ताइवान खाड़ी से होकर समुद्री हमला संभव हो स जो सबसे संकरे बिंदु पर 180 किलोमीटर चौड़ी है। प्रमुख चीनी हथियार लंबी दूरी वाला राट तोपखाना है जिससे ताइवन सभी बिंदुओं पर सटीक हमला किया जा सकता है। इनकी संख्या इतनी हो सकती है कि ताइवान की मिसाइल-रोधी रक्षा प्रणाली बेकार हो जाए। ऐसे हथियार को पीसीएल-191 कहते हैं और यह द्वितीय विश्वयुद्ध में प्रयोग किए गए मल्टिपल राट लांचर 'स्टालिन आर्गन' का परिष्कृत रूप है, लेकिन अब इसकी रेंज 350 किलोमीटर है। इन राट लांचरों की दो ब्रिगेड ताइवान सामने वाले चीनी तट पर तैनात हैं और उनकी संख्या में जल्द ही और बढ़ोत्तरी होने वाली है। यदि वर्तमान समय में न हो, तो भी जल्द ही वे बीजिंग को ताइवान हवाईअड्डों, राडार स्टेशनों, विमान-रोधी रक्षा स्थलों तथा बंदरगाहों पर एकसाथ हमले में सक्षम बना देंगे। यदि ताइवान सभी रनवे व बंदरगाह नष्ट हो जाएं तो उस विमान व युद्धक जहाज चीनी आक्रमण का मुकाबला नहीं कर संगे। जहाज खाड़ी को दस घंटे में पार कर लेंगे और कोई भी इतने नजदीक नहीं होगा कि चाहते हुए भी ताइवान की रक्षा कर स।




किसी भी समय अचानक हमला होने की स्थिति में ताइवान को जापानी अड्डों पर खड़े लड़ाकू विमानों तथा अमेरिकी प्रशांत बेड़े से सहायता मिल सकती है। ऐसे में सवाल यह भी उठता है कि भले ही उस पास तटों पर राट लांचरों की समुचित संख्या हो, पर चीन को ऐसा हमला करने से विरत करने वाली 'अन्य चीजें' कौन सी हैं जो उसके पास उपलब्ध हो सकता हैं?

वल एक ही चीज काफी है, यदि अमेरिका ताइवान को बचाने लिए समय पर सैनिक हस्तक्षेप न कर पाए तो भी वह निश्चित रूप से इस तत्काल बाद चीन की पूरी तरह से नौसैनिक घेरेबंदी कर देगा। प्रशांत महासागर पार करने वाले चीन जहाज द्वीपों की 'प्रथम श्रृंखला', यानी जापान, ताइवान व फिलीपीन्स से गुजर कर हिंद महासागर में पहुंचते हैं और फिर वहां से मलक्का खाड़ी-मलेशिया व इंडोनेशिया होकर मध्य पूर्व व यूरोप पहुंचते हैं। व्यावहारिक रूप से कोई और रास्ता नहीं है और नौसैनिक घेरेबंदी से चीन की अर्थव्यवस्था कुछ ही महीनों में मर जाएगी।

दोनों ओर से युद्ध भड़कने में नाभिकीय युद्ध का भय एक बड़े प्रतिरोधक की तरह काम करता है और किसी प्रकार की संधि करने को मजबूर करता है। यह चीन के लिए अत्यधिक अपमानजनक स्थिति होगी। शायद यह इतनी अपमानजनक हो सकती है कि कम्युनिस्ट पार्टी का नियंत्रण समाप्त हो जाए। इसलिए शी जिनपिंग कभी ऐसा खतरा उठाने को तैयार नहीं होंगे। शास्त्रीय रणनीतिक रूप से सोचने वाले लोगों का यही विचार है और वे संभवतः ठीक भी हैं। लेकिन यह गलत भी हो सकता है।

## फरमाया



हम 2022 में गोवा और 2024 में दिल्ली जीतेंगे। हिम्मत और आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़े कि जीत हमारी होगी।

– **पी चिदंबरम**
कांग्रेस नेता



हर बीतने दिन के साथ और ईरान द्वारा बेहतर विश्वास में समायोजित करने से इनकार किए जाने के चलते रास्ता छोटा होता जा रहा है।

– **एंटोनी ब्लिंकेन**
अमेरिकी विदेश सचिव



राज्य सरकार कोयले की आपूर्ति बढ़ाने के लिए लगातार केंद्र सरकार से संनर्क में है जिससे कि बिजली उत्पादन सुगमता से चले।

– **अशोक गहलोत**
मुख्यमंत्री राजस्थान

## आप की बात



इस कॉलम में अपने विचार या प्रतिक्रिया भेजने के लिए हमारे ई-मेल से
pioneer.editorial@gmail.com
पर भी भेज सकते है।

www.dailypioneer.com

## बांग्लादेश में हिदुओं पर हमले

**बांग्लादेश** मंदिरों में तोड़फोड़ और हिंदुओं पर हमले मामले रुकने का नाम नहीं ले रहे हैं। पिछले दिनों दुर्गा पंडाल में हुए हमले बाद अब शुक्रवार को बांग्लादेश नोआखली जिले में एक इस्कान मंदिर पर भीड़ ने कथित तौर पर हमला कर दिया। इसमें एक इस्कान मंदिर सदस्य की मौत हो गई। बांग्लादेश सरकार ने स्थिति पर काबू पाने लिए अर्धसैनिक बलों को उतारा है मगर मुस्लिम राष्ट्रों में अल्पसंख्यक हिंदुओं पर कोई पहली बार हमने नहीं हुए हैं! बांग्लादेश और पाकिस्तान हो या अफगानिस्तान सभी जगहों पर कट्टरपंथी लोग हिंदुओं की संपत्ति हथिया कर उन्हें अपने देश से बाहर कर देने पर आतुर हैं! अफगानिस्तान में तालिबान आंतकवादिओं द्वारा सत्ता हथिया लेने बाद विश्व भर में आतंकवादी घटनाओं में भारी वृद्धि हुई है! ऐसे में भारत लिए एनसीबी कानून अत्यावश्यक हो गया है। मुस्लिम राष्ट्रों में अल्पसंख्यक हिंदुओं को मरने लिए अला नहीं जो छोड़ा जा सकता है! अच्छा हो सरकार को उच्च स्तर पर बांग्लादेश सरकार से बात कर हिंदुस्तानी नागरिकों की रक्षा की पुख्ता व्यवस्था करना चाहिए। और यदि वहां की सरकार असफल होती है तो भारत को अपना सैन्य बल वहां पर भेजकर इस स्थिति को काबू में करना चाहिए।

– **सुभाष बुड़ावनवाला,** रतलाम

## बच्चों को बाल साहित्य पढ़ाएं

**बदलते** परिदृश्य में सब कुछ बदलता चला गया। बच्चे तो है मगर बचपन गुम हो गया। दादी -नानी ,मां लोरिया और कहानियां सुनाती तो ज्ञानार्जन में वृद्धि होती थी, वही कोलाहल से दूर एकाग्रता का समावेश होता था। मीठी नींद जो की अच्छे स्वास्थ्य का सूचक होती वो इनसे प्राप्त होती थी। किन्तु वर्तमान में इलेट्रॉनिक दुनिया की ,भागदौड़ भरी व्यस्तम जिंदगी में बच्चों के लिए साथ बिताने का समय लोग नहीं निकाल पाता। इसके अलावा रिश्तेदारी का व्यवहारिक ज्ञान भी पीछे छूट सा गया है। कहानी से कल्पनानाओं की उत्पत्ति होती वही मातृत्व दुलार भी सही तरीके से प्राप्त होता। अब ये चिंता सताने लगी की कही कहानियां सुनाने की प्रथा विलुप्त न हो जाए। नहीं तो बच्चे लाड़-प्यार और कहानियों से वंचित हो जाएंगे। हाईटेक होते युग में मोबाइल और इंटरनेट ही सहारा बन गए हैं। दादी-नानी की कहानियां सुनने की प्रथा जैसे अब विलुप्ति की कगार पर जा पहुंची हो। कहानियां कहने की कला बच्चों के स्मृति पटल पर अंकित हो कर और भावी पीढ़ी को कहने की कला देती है। बच्चों में भाषा के ज्ञान को मजबूती देने के लिए एवं पाठ्यक्रमों में कहानियों से बाल साहित्य को एक नई दिशा प्राप्त होगी।

– **संजय वर्मा,** मनावर, मप्र

## बेनतीजा बैठकें

**चीन** से सीमा विवाद सुलझाने प्रयास भारत द्वारा लगातार जारी है मगर चीन की नीयत में कोई बदलाव नजर नहीं आ रहा है। हाल ही में हुए ताजा विवाद बाद कोर कमांडर बैठक भी बेनतीजा रही है। चीन अड़ियल रवैये का ही नतीजा है कि इस बार भी सर्दियों में एलएसी पर सेना की मौजूदगी रहेगी। चीनी कदमों से तनाव घटने की बजाय बढ़ता ही जा रहा है। ऐसे में बैठकों का कोई औचित्य तो नजर नहीं आता? चीनी अड़ियल नतीजों का ही परिणाम है कि सीमा पर लगातार तनाव बना हुआ है।कभी चीनी सैनिक तो कभी विस्तारवाद की नियत विवादों की वजह बनती है। पिछले दिनों फिर भारत चीन सैनिक आमने-सामने थे इससे एक बार फिर लगा कि किसी संघर्ष की नौबत आ सकती है। विवाद सुलझाने लिए कोर कमांडर बैठक भी हुई जो भारत को अनर्गल ठहराने अलावा कुछ और हासिल न कर सकी जबकि सारे विवाद की जड़ में चीनी विस्तारवाद ही स्पष्ट रूप से सामने आया है। चीन का रवैया द्विपक्षीय समझौते का उल्लंघन भी है।

– **अमृतलाल मारू,** दसई, मप्र

# ईद मिलादुन्नबी पर जुलूस,जलसा, भंडारा, लंगर की अनुमति नहीं, कलेक्टर ने मुस्लिम समाज की बैठक ली

पायनियर संवाददाता कवर्धा
www.dailypioneer.com



ईद मिलादुन्नबी के अवसर पर कबीरधाम जिले में शांति एवं अमन चैन के लिए जिला कार्यालय के सभाकक्ष में कलेक्टर रमेश कुमार शर्मा की अध्यक्षता में मुस्लिम समाज की बैठक संम्पन्न हुवा। बैठक में समाज के लोगो ने इस संबंध में आवश्यक सुझाव भी दिए। बैठक में पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मनीषा ठाकुर रावटे, डिप्टी कलेक्टर संदीप ठाकुर, एसडीएम विनय सोनी सहित मुस्लिम समाज के सदस्य उपस्थित थे।

बैठक में कलेक्टर रमेश कुमार शर्मा ने बताया गया कि ईद मिलादुन्नबी पर्व पर जुलूस, जलसा जैसे सामूहिक सार्वजनिक गतिविधियों पर प्रतिबंध लगाया गया है। जारी आदेश के अनुसार कोरोना वायरस (कोविड-19) का प्रकोप भी निरंतर जारी है। इसलिए आवश्यक है कि ऐसे सुरक्षात्मक उपाय किया जाए, जिससे स्वास्थ्य स्थितियां जिले में बेहतर बना रहे। छत्तीसगढ़ राज्य वक्फ बोर्ड के पत्र द्वारा दिए गए निर्देश अनुसार जिले में आगामी ईद मिलादुन्नबी के अवसर पर जुलूस निकालने, जलसा आयोजित करने, आदि जैसे सामूहिक एवं सार्वजनिक गतिविधियों की अनुमति नही होगी। ईद मिलादुन्नबी पर्व के दौरान शासन एवं जिला प्रशासन द्वारा जारी प्रतिबंधात्मक आदेशों एवं निर्देशों का पूर्णतःपालन सुनिश्चित करना होगा। मुस्लिम समाज के सदस्यों ने बताया कि शासन एवं जिला प्रशासन के दिशा निर्देश का पूर्णतः पालन करते हुवे समाज के व्यक्तियो से घर मे ही रहकर नमाज पढ़ने का अपील किया गया है। मुस्लिम समाज के सदस्यों ने वर्तमान परिस्थिति में धारा 144 एवं कर्फ्यू का कड़ाई से पालन कराने पर जिला प्रशासन एवं पुलिस विभाग का धन्यवाद भी ज्ञापित किया।

### कबीरधाम शान्त प्रिय जिला है: कलेक्टर रमेश कुमार शर्मा

कलेक्टर रमेश कुमार शर्मा ने जिले वासियो से शांति व्यवस्था बनाने की अपील करते हुए कहा कि कबीरधाम शान्त प्रिय जिला है। वर्तमान परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए शहर में धारा 144 के साथ कर्फ्यू लागू है। शहर के जनजीवन को पुनः अच्छा बनाए रखने के लिए हर संभव प्रयास किए जा रहे है। शहर की सभी प्रवेश सीमाएं सील की गई है।

# कलेक्टर ने ग्राम कुसुमकसा के आंगनबाड़ी केन्द्र पहुँचकर हितग्राहियों को दिए जा रहे गरम भोजन का किया अवलोकन

पायनियर संवाददाता बालोद
www.dailypioneer.com



कलेक्टर जनमेजय महोबे ने डौंडी विकासखंड के ग्राम कुसुमकसा के आंगनबाड़ी केन्द्र क्रमांक-1 पहुँचे। जहाँ नौनिहालों ने फूल देकर कलेक्टर का स्वागत किया। श्री महोबे ने हितग्राहियों को दिए जा रहे गरम भोजन का अवलोकन किया। गरम भोजन में आंगनबाड़ी केन्द्र के बच्चों सहित हितग्राही महिलाओं को चॉवल, दाल, रोटी, सब्जी, पापड़, सलाद दिया गया था। कलेक्टर ने भोजन के संबंध में जानकारी लेने पर बच्चों तथा हितग्राही महिलाओं ने बताया कि भोजन का स्वाद अच्छा है। कलेक्टर ने नियमित रूप से गुणवत्तापूर्ण गरम भोजन उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। आंगनबाड़ी केन्द्र की कार्यकर्ता ने कलेक्टर को बताया कि आंगनबाड़ी केन्द्र में तीन एनिमिक महिलाए, पॉच गर्भवती माताए तथा तीन वर्ष से छह वर्ष तक के अठारह बच्चों को गरम भोजन प्रदाय कर लाभान्वित किया जा रहा है। कलेक्टर महोबे ने आंगनबाड़ी केन्द्र परिसर में विकसित किए गए पोषण वाटिका का अवलोकन कर उसकी सराहना की। उन्होंने कहा कि पोषण वाटिका में उत्पादित सब्जियों का उपयोग हितग्राहियों के लिए पकाए जाने वाले गरम भोजन में करें। कलेक्टर ने आंगनबाड़ी केन्द्र में मास्क का उपयोग व सोशल डिस्टेसिंग का पालन और स्वच्छता बनाए रखने के निर्देश दिए। उन्हेंने ग्रामीणों से शासकीय उचित मूल्य की दुकान से राशन मिलने, पेयजल तथा विद्युत व्यवस्था के संबंध में भी जानकारी ली। उन्होंने वहॉ उपस्थित ग्रामीणों की समस्याए भी सुनी और नियमानुसार निराकरण का भरोसा दिलाया। इस अवसर पर ग्राम पंचायत कुसुमकसा के सरपंच, महिला एवं बाल विकास विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारी हरिकीर्तन राठौर, प्रभारी जिला बाल संरक्षण अधिकारी नरेन्द्र साहू आदि मौजूद थे।

### सुपोषण बाड़ी से होगा फायदा- कलेक्टर

क्लेक्टर जनमेजय महोबे ने बताया की कोविड के बाद तो हर जगह विजिट कर रहे हैं। बच्चों को गरम भोजन जो बच्चे 3 से 6 वर्ष के बीच के हैं। बच्चों को गरम भोजन जिस उद्देश्य से शासन ने स्कीम शुरू की है। उसके अनुसार उनको गरम भोजन मिल रहा है की नहीं ये देखा जा रहा हैं। मुख्यमंत्री सुपोषण अभियान के अंर्तगत कुछ ऐसी महिलाएं भी हैं। जिनका एनीमिया काफी बड़ा हुआ है। एनीमिक हैं और कुछ शिशुवती और गर्भवती महिलाएं भी हैं। जिनको हमने मुख्यमंत्री सुपोषण अभियान के अंतर्गत गरम भोजन की स्कीम चालू की है। वह देखना उद्देश्य रहता हैं और मैंने कुसुमकसा में आंगनबाड़ी में देखा कि बच्चे काफी अच्छे से भोजन कर रहें हैं। यहाँ कि महिलाएं भी काफी सक्रिय रूप से इसमें भागीदारी कर रहीं हैं और यहाँ आँगनबाड़ी में सुपोषण बाड़ी निर्मित हैं। इसमें हरी सब्जियाँ लगी हुई हैं। जिसका उपयोग यहाँ के बच्चे और महिलाओं को इससे फायदा होने की पूरी उम्मीद है।

# धान की फसलों में कीट-पतंगों के प्रकोप की रोकथाम के लिए कृषि वैज्ञानिकों की सलाह

पायनियर संवाददाता बेमेतरा
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ कृषि प्रधान राज्य है। प्रदेश को धान का कटोरा के नाम से जाना जाता है। यहां लगभग 80 प्रतिशत लोग खेती-किसानी का कार्य करते हैं। वर्तमान समय में धान में बालियां आने लगी है। ऐसे समय में कीट पतंगों का प्रकोप बढ़ जाता है। सरना, बासमती, जवांफूल, दुबराज, आईआर-36, गुरमटिया, मसूरी, स्वर्णा, स्वर्णा सब-1 एच.एम.टी. एमयूटी-1010, एमटीयू-1001, राजेश्वरी, सुगंधित सहित लगभग 20 हजार से अधिक किस्म के धान की खेती किसानों द्वारा की जाती है। वर्तमान समय में फसल पर कीटव्याधि एवं रोग लगने की प्रबल संभावना है। ऐसे समय में कृषि वैज्ञानिकों के परामर्श के अनुसार कीटों के प्रकोप को रोकने के लिए आवश्यक उपाय जरूरी है। इन फसलों में कीट-पतंगों के प्रकोप से बचने के निम्नलिखित सलाह कृषि वैज्ञानिकों द्वारा दी गई है।

आभासी कंड रोग - यह एक फूफंदी जनित रोग है। रोग के लक्षण पौधों में की बालियों के निकलने के बाद ही स्पष्ट होता है। रोग ग्रस्त दाने पीले से लेकर संतरे रंग के होते हैं। जो बाद में जैतूनी काले रंग के गोले में बदल जाता है। उपचार - खेतों में जलभराव अधिक नहीं होना चाहिए। रोग के लक्षण दिखाई देने पर प्रॉपेकोनेजोल 20 मिलीलीटर मात्रा में 15 से 20 लीटर पानी में घोलकर का छिड़काव करें। कंडुआ रोग - इस रोग के प्रकोप से धान की बालियों के जगह पीले रंग बाल बन जाता है। इसके बाद यह काले रंग का हो जाता है। यह रोग धान की फसल को 60 से 90ः तक नुकसान कर सकता है। उपचार - प्रॉपीकोनाजोल 25ः ईसी 1 मिलीलीटर, प्रति लीटर पानी के घोल में मिलाकर छिड़काव कर सकते हैं। भूरा माहो - यह कीट छोटे आकार तथा भूरे रंग का होता है। यह पौधे में पानी की सतह से थोड़ा ऊपर पत्तों के घने छतरी के नीचे रहते हैं। कीटों के बारे में शीघ्र पता नहीं चल पाने पर इसका नियंत्रण अधिक जटिल हो जाता है। उपचार - पायमेट्रोजिन 50 प्रतिशत डब्ल्यूजी -300 ग्राम प्रति हेक्टेयर, थायोमेथेक्जाम 25 प्रतिशत डब्ल्यूजी - 100-120 ग्राम प्रति हेक्टेयर, इमीडाक्लोरोप्रीड 17.8 प्रतिशत एसएल - 150-200 मि.ली. प्रति हेक्टेर, फिप्रोनिल 3 प्रतिशत .ब्यूप्रोफेजिन 22 प्रतिशत-500 मि.ली. प्रति हेक्टेयर, ब्यूप्रोफेजिन 15 प्रतिशत .एसीफेट 35 प्रतिशत 50 ग्राम प्रति हेक्टेयर, डाइनोटेफ्यूरॉन 20 प्रतिशत एस.जी. 175 ग्राम प्रति हेक्टेयर में से किसी एक दवा का प्रयोग किया जा सकता है।

# बालोद जिले में कोरोना से मृत 451 व्यक्ति के परिजनों व आश्रितों को जल्द प्रदान की जाएगी 50 हजार रुपये की सहायता राशि



**जिन्हें डेथ सर्टिफिकेट नही मिला उन्हें भी किया जा रहा जारी: कलेक्टर**

**बालोद।** जिले में कोरोना से मृत लोगो के आश्रितों एवं परिजनों को 50 हजार देने की प्रक्रिया को जिला प्रशासन ने तेज कर दिया है। सीएम भूपेश बघेल के ऐलान के बाद जिला प्रशासन के मार्गदर्शन में स्वास्थ्य अमला युद्ध की स्तर पर जुट चुका है। जहां कलेक्टर जनमेजय महोबे ने पायनियर को जानकारी देते हुए बताया कि अपर कलेक्टर की अध्यक्षता में टीम बनी हुई है।

जिसमें स्वास्थ्य अधिकारी भी शामिल है। तहसील स्तर पर आवेदन लेने की प्रक्रिया भी तेज कर दी गई है। साथ ही जिले में 451 ऐसे लोगो को चिन्हांकित किया गया है, जिनकी कोरोना से मौत हुई है और जल्द ही इनको 50 हजार की सहायता राशि वितरण कर दिया जाएगा। शासन स्तर से फंड भी आ चुका है। श्री महोबे ने आगे बताया कि इसके साथ ही जिन लोगों की इसमें कोई डेट सर्टिफिकेट नहीं मिला है। उन्हें भी जल्द सर्टिफिकेट जारी किए जा रहे हैं। मृत्यु प्रमाण पत्र रजिस्टर नंबर भी दर्ज किया जा रहा है। किसी को किसी प्रकार की दिक्कत ना हो इस को विशेष ध्यान रखा जा रहा है। आपको बता डर की सारी चीजों की मॉनिटरिंग खुद कलेक्टर कर रहे हैं।

# बिजली समस्या नहीं हुई ठीक तो जिले के विद्युत अधिकारियों के घरों की बिजली काटेगी महासभा: निर्वाणी

**नया रायपुर जिसमे हजार लोग भी नही, वहां रात भर सड़को में रौशनी,गाँव के किसान को पीने के पानी के लिए भी बिजली मुहय्या नहीं: महासभा**

पायनियर संवाददाता बेमेतरा
www.dailypioneer.com



अखिल भारतीय छत्तीसगढ़ी महासभा ने, छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत विपणन कंपनी के डायरेक्टर को पत्र लिखकर बिजली आफिस के घेराव की चेतावनी दी है,पत्र में कहा गया है कि जिस नए रायपुर में हजार लोग भी नही रहते वहां की सुनसान स्ट्रीट लाइट रात भर जलती रहती है,जहां झींगुर की आवाज के अलावा कुछ सुनाई नही देता, वहां 24 घण्टे बिजली है।
लेकिन जो किसान धरती के सीने को अपने खून पसीने से सींचता है उसे पीने के पानी के लिए भी बिजली मुहय्या नही है,।

सरप्लस बिजली वाले राज्य की अन्नदाता अंधेरे में गुजर कर रही है, शहरी मस्ती खोर लड़के नये रायपुर के सुनसान जगमगाती रोशनी में कार और बाइक दौड़ाते हैं, थोड़े हवा तूफान और बादल में गाँवो की बत्ती घंटो गुल रहती है, मुलमुला, कोसा, नरी, पंडरभट्ठा, चारभाटा सेक्टर सहित 100 से भी अधिक गांवों में बिजली की सालो से आ रही समस्या का स्थायी समाधान नही किया गया तो बिजली दफ्तरों का घेराव होगा,जहां मर जाओ तो घण्टों कोई उठाने वाला नही दिखे वहां बिजली इफरात बिजली की सप्लाई है जबकि हमारे गाँव के बच्चों को मोबाइल चार्ज करने के लिए भी शहर आना पड़ता है और ये ही असली जमीनी हकीकत है। पूरी बरसात बिजली की आंख मिचौली ने रुलाया है, अखिल भारतीय छत्तीसगढ़ी महासभा के प्रदेश अध्यक्ष सौरभ निर्वाणी ने कहा ही कि अगर गांवों के बिजली समस्या को टाइम बाउंड समय में दुरुस्त नही किया गया तो जिले के विद्युत अधिकारियों के घरों के बिजली काटेगी अखिल भारतीय छत्तीसगढ़ी महासभा, छत्तीसगढ़ गाँवों में बसता है, छत्तीसगढ़िया की आत्मा उसके गाँवो से जुड़ी हुई है, शहरो को सजाने के फेर में गाँवों की उपेक्षा कतई बर्दास्त नही होगी, महासभा के प्रदेश महासचिव मोतीलाल साहू ने कहा शहरों में बिजली और गांवों में बिजली के झटके, अब झटके जिम्मेवार लोगो को लगेंगे, अधिकारियों की जवाबदेही तय होनी ही चाहिये।

# भाजपा एससी मोर्चा की संयुक्त मण्डल स्तरीय बैठक सम्पन्न



**बेमेतरा।** भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा बेमेतरा शहर मंडल एवं बेमेतरा ग्रामीण मंडल प्रथम कार्यसमिति बैठक बेमेतरा भाजपा कार्यालय में शहर मंडल अध्यक्ष राजकुमार खांडे एवं ग्रामीण मंडल अध्यक्ष राजू गायकवाड के नेतृत्व में सफलता पूर्वक संपन्न हुआ। जिसमें पूर्व जिलाध्यक्ष राजेंद्र शर्मा,पूर्व विधायक अवधेश चंदेल, अनुसूचित जाति मोर्चा जिला अध्यक्ष देवादास चतुर्वेदी, मंडल प्रभारी रामखेलावन बघेल, मंडल अध्यक्ष मोंटी साहू, ग्रामीण मंडल अध्यक्ष छोटू राम साहू, युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष परमेश्वर वर्मा, पिछड़ा वर्ग मोर्चा जिलाध्यक्ष दीपेश साहू सहित वरिष्ठ नेतागण शामिल हुए। पूर्व जिलाध्यक्ष शर्मा ने कहा कि जिले में अजा वर्ग की स्थिति को सशक्त करने की आवश्यकता है। उन्होंने केंद्र सरकार द्वारा 7 वर्षो के कार्यकाल से अजा वर्ग के लोगों के घरों में शौचालय, उज्जावला योजना के अंतर्गत गैस सिलेंडर व चूल्हा, आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत 5 लाख तक इलाज, जनधन खाते के अंतर्गत सीधा राशि मुहैया कराने, गरीब परिवारों को कोरोना संकटकाल में प्रति व्यक्ति 5 किलो की दर से निशुल्क अन्ना, किसान सम्मान निधि, देश में अनुसूचित जाति वर्ग के छात्रों को दिए गए छात्रवृत्ति में 5 गुना वृद्धि किए जाने जैसे जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में विस्तृत जानकारी दी। पूर्व विधायक चन्देल ने मोर्चा पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं को राज्य सरकार की विफलताओं और केंद्र सरकार की उपलब्धियों को जनता तक पहुंचाने का टास्क सौंपा।

# कलेक्टर महोबे ने किया संयुक्त कलेक्टरों और डिप्टी कलेक्टरों के मध्य कार्य विभाजन

पायनियर संवाददाता बालोद
www.dailypioneer.com



**रश्मि वर्मा को एसडीएम गुरूर का प्रभार**

कलेक्टर जनमेजय महोबे ने आदेश जारी कर संयुक्त कलेक्टरों और डिप्टी कलेक्टरों के मध्य कार्य विभाजन किया है। कलेक्टर द्वारा जारी आदेश के अनुसार डिप्टी कलेक्टर सिल्ली थॉमस को शोध क्षमता प्रमाण पत्र (रूपए 25 लाख से उपर 50 लाख तक), सूचना का अधिकार में अपील अधिकारी, ऋण मुक्ति अधिनियम 1976 पट्टाधृति अधिनियम 1984/1998 के अंतर्गत अपील एवं पुनरीक्षण के प्रकरणों का निराकरण, अधीक्षक, सहायक अधीक्षक शाखा, आडिट निरीक्षण, लायसेंस शाखा, आवक-जावक शाखा, लोक सेवा गारंटी, पासपोर्ट शाखा, चिप्स, च्वाइस एवं एनआईसी शाखा, लोक सेवा केन्द्र, सचिव जिला साक्षरता समिति, नागरिकता एवं पासपोर्ट संबंधी कार्यवाही, मुख्य प्रतिलिपिकार शाखा, आंग्ल अभिलेखागार शाखा, अभिलेख कोष्ठ हिन्दी अभिलेखागार, सांख्यिकी जुडीशियल शाखा, सिविल सूट व्यवहार वाद, उच्च न्यायालय से संबंधित याचिका, बाल श्रमिक एवं बंधक शाखा की जिम्मेदारी सौंपी गई है। उपरोक्त के अतिरिक्त निम्नांकित कार्य एवं विषय पर पूर्ण परीक्षण उपरांत अनुशंसा सहित अंतिम स्वीकृति हेतु कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी को नस्ती प्रस्तुत करेंगे, शस्त्र लायसेंस, फटाका एवं सिनेमा लायसेंस के नवीनीकरण कार्य। अन्य कार्यः- जिला विवाह अधिकारी, जिला सत्कार शाखा के कार्य का पर्यवेक्षण, कानून व्यवस्था संबंधी वरिष्ठ कार्यालयों के पत्राचार नीतिगत एवं महत्वपूर्ण नस्तियां जिला दण्डाधिकारी को प्रस्तुत होंगे, नोडल अधिकारी स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल की जिम्मेदारी सौंपी गई है। इसके साथ ही वे कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी द्वारा समय-समय पर सौंपे गए अन्य प्रशासकीय कार्यों का निर्वहन करेंगे। डिप्टी कलेक्टर अभिषेक दीवान को वित्त एवं स्थापना, आहरण एवं संवितरण अधिकारी एवं प्रशासनिक कार्य, प्रभारी अधिकारी भू-अभिलेख शाखा, परिवर्तित भूमि शाखा, पेंशन प्रकरण, कलेक्टर प्रस्तुतकार शाखा, पर्यावरण संरक्षण, प्रदुषण नियंत्रण, पर्यटन मण्डल से संबंधी कार्य की जिम्मेदारी सौंपी गई है। उपरोक्त के अतिरिक्त निम्नांकित कार्य एवं विषय पर पूर्ण परीक्षण उपरांत अनुशंसा सहित अंतिम स्वीकृति हेतु कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी को नस्ती प्रस्तुत करेंगे। सेवानिवृत्त तृतीय एवं चतुर्थ वर्ग के कर्मचारियों के परिवार कल्याण निधि, समूह बीमा योजना की जमा राशि का अंतिम भुगतान तथा कर्मचारियों के विभागीय भविष्य निधि खाता में जमा राशि, अवकाश नगदीकरण, ग्रेज्युटी की राशि का अंतिम भुगतान स्वीकृति, अधीक्षक, सहायक अधीक्षक एवं भू-अभिलेख विभाग स्तर तक के अधिकारियों, कर्मचारियों के सामान्य भविष्य निधि से अग्रिम, आंशिक अंतिम विकर्षण यात्रा भत्ता चिकित्सा प्रतिपूर्ति की स्वीकृति, जिला कार्यालय के समस्त शाखाओं के तृतीय एवं चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों के समस्त प्रकार के अवकाशों की स्वीकृति एवं समस्त परीक्षाओं में सम्मिलित होने के लिए अनुमति स्वीकृति, तृतीय एवं चतुर्थ श्रेणी के कर्मचारियों की वेतन वृद्धि, विद्युत देयक, पीओएल, टेलीफोन एवं डाकतार संबंधी देयकों की स्वीकृति, लेखन सामग्री एवं अन्य आकस्मिक निधि से व्यय संबंधी देयक बीस हजार रूपए सीमा तक की स्वीकृति, अन्य कार्यः - अनुपयोगी डेड स्टॉक जो पॉच हजार रूपए का हो अपलेखन करने हेतु कलेक्टर को नस्ती प्रस्तुत करेंगे।

# सर्वधर्म, समभाव, बाल अधिकार और बाल विवाह रोकथाम पर चित्रकारी प्रतियोगिता का आयोजन

**कवर्धा।** मंत्रालय भारत सरकार महिला एवं बाल विकास विभाग, चाइल्ड लाइन इण्डिया फाउंडेशन के सहयोग से आस्था समिति क्रियान्वित चाईल्ड लाईन 1098 परियोजना के द्वारा कलेक्टर रमेश कुमार शर्मा और दौलत राम कश्यप निदेशक चाइल्ड लाईन के निर्देशानुसार एवं मार्गदर्शन में 16 अक्टूबर को ग्राम बांधाटोला, बोड़ला में बच्चों के साथ चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। बच्चों के द्वारा सर्वधर्म,समभाव, बाल अधिकार, बाल विवाह रोकथाम, बच्चों के हेल्पलाइन नंबर 1098 पर रोचक एवं मनमोहक चित्रकारी किया गया। बच्चों ने अपने चित्रकला के माध्यम से संदेश दिया कि बच्चों की सुरक्षा हम सब की जिम्मेदारी है। हम सभी को आपसी भाईचारे और सद्भावना के साथ एक दूसरे की मदद करनी चाहिए। चित्रकला प्रतियोगिता के माध्यम से टीम मेम्बर तबस्सुम खान द्वारा बच्चों को गुड टच और बेड टच के बारे में विस्तार से जानकारी देकर जागरूक किया गया। उन्होंने बताया कि चाइल्ड लाईन 1098 एक राष्ट्रीय इमरजेंसी निःशुल्क फोन एवं आउटरीच सेवा है। ऐसे बच्चों के लिए जिन्हें देखभाल एवं संरक्षण की जरूरत है। कोई भी वयस्क या स्वयं बच्चे 1098 हेल्पलाइन नंबर पर कॉल करके मदद प्राप्त कर सकते हैं। बच्चों को प्रोत्साहित करने के लिए चाइल्ड लाईन टीम द्वारा सभी बच्चों को पुरस्कार एवं मिठाई दी गई। कार्य म आयोजन कोविड-19 के दिशानिर्देश का पालन करते हुए किया गया। इस अवसर पर चंद्रकांत केन्द्र समन्वयक, चित्रारेखा राडेकर काउंसलर, तबस्सुम खान, महेश कुमार निर्मलकर, रामलाल पटेल, भगत राम यादव, तेजकुमार कश्यप टीम मेम्बर एवं शारदा निर्मलकर वालेंटियर के साथ बच्चों की उपस्थित थे।

**कलेक्टर महोबे ने लिया 'कुपोषण मुक्त बालोद' का संकल्प, कोरोना काल में भी बच्चों और महिलाओं को मिला पोषक आहार, टिफिन के माध्यम से घर घर जाकर किया गया गर्म भोजन वितरण**

# मुख्यमंत्री सुपोषण अभियान में बालोद जिले की स्थिति अच्छी, दो सालों में ही कुपोषित बच्चों की संख्या में 3 फीसदी की आई कमी

पायनियर संवाददाता बालोद
www.dailypioneer.com







छत्तीसगढ़ में कुपोषण के खिलाफ शुरू की गई जंग में बालोद जिले ने एक बड़ी उपलब्धि हासिल हुई है। मुख्यमंत्री सुपोषण अभियान के शुरू होने के दो सालों में ही कुपोषित बच्चों की संख्या में 3 फीसदी की कमी देखी गई है। प्रदेश में बालोद जिले की स्तिथि काफी अच्छी हैं। और यह सब संभव हो पाया है, कलेक्टर जनमेजय महोबे के मार्गदर्शन और महिला बाल विकास विभाग के सतत प्रयास से। कुपोषण दूर करने में नौनिहालों को दिए जाने वाले गर्म भोजन और मुनगा ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। जिले में कुपोषण की दर 16 फीसदी से घटकर 13 फीसदी तक आ गई हैं। आपको बता दे कि जिले में 1 हजार 523 आंगनबाड़ी संचालित हैं। जहां 57 हजार 564 बच्चे, 5 हजार 190 शिशुवती महिला एवं 6 हजार 150 गर्भवती महिला लाभान्वित हो रहे हैं। वही वर्तमान में 7 हजार 360 मध्यम कुपोषित एवं 932 गंभीर कुपोषित बच्चो की संख्या है। उल्लेखनीय हो कि राज्य में नई सरकार के गठन के बाद मुख्यमंत्री भुपेश बघेल ने राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण-4 के आंकड़ों में महिलाओं और बच्चों में कुपोषण और एनीमिया की दर को देखते हुए प्रदेश को कुपोषण और एनीमिया से मुक्त करने अभियान की शुरुआत की। राष्ट्रीय परिवार सर्वेक्षण-4 के अनुसार प्रदेश के 5 वर्ष से कम उम्र के 37.7 फीसदी बच्चे कुपोषण और 15 से 49 वर्ष की 47 फीसदी महिलाएं एनीमिया से पीड़ित थे। इन आंकड़ों को देखें तो कुपोषित बच्चों में से अधिकांश आदिवासी और दूरस्थ वनांचल इलाकों के बच्चे थे। राज्य सरकार ने इसे एक चुनौती के रूप में लिया और 'कुपोषण मुक्त छत्तीसगढ़' की संकल्पना के साथ महात्मा गांधी की 150वीं जयंती से पूरे प्रदेश में मुख्यमंत्री सुपोषण अभियान की शुरुआत की। अभियान को सफल बनाने के लिए इसमें जन समुदाय का भी सहयोग लिया गया।

### बच्चों को दिए जा रहे है ये स्वादिष्ट आहार

अतिरिक्त पोषण आहार में गर्म भोजन के साथ अंडा, लड्डू, चना, गुड़, अंकुरित अनाज, दूध, फल, मूंगफली और गुड़ की चिक्की, सोया बड़ी, दलिया, सोया चिक्की और मुनगा भाजी से बने पौष्टिक और स्वादिष्ट आहार दिये जा रहे हैं। इससे बच्चों में खाने के प्रति रूचि जागृत हुई है। स्थानीय स्तर पर उपलब्ध सब्जियों और पौष्टिक चीजों के प्रति भी जागरूकता बड़ी है। इससे पोषण स्तर में सुधार आना शुरू हो गया है। स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से एनीमिया प्रभावितों को आयरन फोलिक एसिड, कृमिनाशक गोली दी जाती है। जिले को कुपोषण से मुक्त करने के लक्ष्य के साथ महिला एवं बाल विकास विभाग, स्वास्थ्य विभाग सहित अन्य विभागों द्वारा समन्वित प्रयास लगातार किये जा रहे हैं।

### कोरोना काल में भी बच्चों और महिलाओं को मिला पोषक आहार

कोरोना वायरस संकट के समय में सभी आंगनबाड़ी केंद्रों के बंद होने के बावजूद भी बच्चों और महिलाओं के पोषण स्तर को बनाए रखने के लिए आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और सहायिकाओं के माध्यम से जिले के 1 हजार 523 आंगनबाड़ी केंद्रों के लगभग 68 हजार 904 नौनिहालों, गर्भवती एवं शिशुवती महिलाओं को घर-घर जाकर रेडी-टू-ईट पोषक आहार का वितरण सुनिश्चित कराया गया। पूरक पोषण आहार कार्य म के तहत 6 माह से 6 वर्ष तक के बच्चों, गर्भवती, शिशुवती महिलाओं और किशोरी बालिकाओं को रेडी-टू-ईट भोजन का वितरण किया जा रहा है। कुपोषण पर मिल रही विजय को बनाए रखने और कोरोना का असर बच्चों के स्वास्थ्य पर न हो इसे देखते हुए प्रदेश में सं मण मुक्त स्थानों पर जनप्रतिनिधियों और पालकों की सहमति से आंगनबा?ी को खोला गया है। जहां सुरक्षा के प्रबंध के साथ फिर से मुख्यमंत्री सुपोषण अभियान के अंतर्गत हितग्राहियों को गर्म भोजन देने की व्यवस्था की गई।

### प्रदेश में बालोद जिले की स्थिति काफी अच्छी: महोबे

कलेक्टर जनमेजय महोबे ने पायनियर से खास चर्चा में बताया कि बालोद जिले में मुख्यमंत्री सुपोषण लगभग दो वर्ष पहले प्रारम्भ हुआ था। उसके बाद से यहाँ पे काफी अच्छा काम हुआ है। शुरुआत में यहाँ पर ड्राई राशन दिया गया था। उसके पहले गरम भोजन की भी प्रि या चल रही थी। हमने तीन तरह के हितग्राही चिन्हांकित किये हुए हैं। ऐसी बालिकाएं जिनका एनीमिया का परसेंटेज काफी बड़ा हुआ है या फिर 15 से 49 साल की महिलाएं जो की एनीमिक हैं। इसके अतिरिक्त हमारी शिशुवती महिलाएं जिन्हे रेडी टू ईट मिलता है। उनको भी हमने चिन्हांकित किया है, गरम भोजन के लिए। इसी तरह जो गर्भवती महिलाएं हैं। उनको उनके डाइट चार्ट के मुताबिक डाइट दिया जा रहा है। श्री महोबे ने बताया कि मुख्यमंत्री सुपोषण अभियान में वर्तमान में कुछ अतिरिक्त हितग्राहियो को गरम भोजन दे रहें हैं और दो वर्ष की उपलब्धि में देखेंगे तो लगभग 3 प्रतिशत के आसपास कुपोषण की दर में कमी आई है। प्रदेश में बालोद जिले की स्थिति काफी अच्छी है। लगातार इसमें काम चल रहा है। जब कोविड का समय था तो उस समय भी हमने टिफिन के माध्यम से बच्चों को गरम भोजन दिया था। तो इसमें विभाग के द्वारा सतत कार्यवाही की जा रही है और कुपोषण की दर कम हुई है।

श्री महोबे ने आगे बताया कि डौंडी और डौंडीलोहारा ब्लॉक में जो रिमोट एरिया है। वहां पर कुछ ऐसी चीजें भी जैसे बीच में शासन और राज्य शासन का आदेश था, की जो लोग नॉन वेजिटेरियन भोजन का उपयोग करते हैं। उन्हें अंडा दिया जायेगा। उसमे भी निर्णय लिया जायेगा। उसके अतिरिक्त मिलेट से बने उत्पाद यदि डौण्डी ब्लॉक में अगर कोई प्रोसेसिंग यूनिट लगती है और मिलेट से बने उत्पाद निर्माण करते हैं। जैसे चिकी के रूप में तो उसपे भी काम किया जायेगा। पहले भी यहाँ पर बच्चों को पौष्टिक चिकी दिया जाता था। तो उसपे भी काम करेंगे। ताकि बच्चों को एक अतिरिक्त पौष्टिक आहार के रूप में प्रदान किया जा सकें और कुपोषण की दर में कमी हो सके।

## क्विक न्यूज

### घर के बाहर खड़ी बाइक उठा ले गए चोर

**रायगढ़।** खरसिया चौकी क्षेत्र अंतर्गत बिजली ऑफिस के पीछे हाऊसिंग बोर्ड कालोनी मदनपुर में घर के बाहर खड़ी बाइक को अज्ञात चोर ने चोरी कर नौ दो ग्यारह हो गया। जहां चोरी की शिकायत पर खरसिया चौकी में रिपोर्ट दर्ज कर विवेचना में लेकर मामले की जांच कर रही है। मिली जानकारी के अनुसार खरसिया चौकी क्षेत्र अंतर्गत हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी मदनपुर में गौरी शंकर उरांव अपने परिवार के साथ रहता है जोकि हायर सैकेण्डरी स्कुल बोतल्दा में क्लर्क के पद पर कार्यरत है। रोज की तरह अपनी हीरो पैशन प्रो गाड़ी घर के सामने खडा कर 10 अक्टूबर के शाम करीब 05-00 बजे खडी कर अपना रूम जाकर दरवाजा बंद कर सो गया था। 11 अक्टूबर के सुबह 06-00 बजे उठा तो देखा कि बाइक वहां पर नही था एवं आसपास पता तलाश किया कोई पता नही चला जिससे गौरी शंकर उरांव ने खरसिया चौकी में रिपोर्ट दर्ज कराया है। वहीं रिपोर्ट दर्ज कर मामले को विवेचना में लिया गया है।

### दिव्यांगजनों के लिए उल्लेखनीय कार्य करने वाले दिव्यांगजन राज्य स्तरीय पुरस्कार से होंगे सम्मानित

**मुंगेली।** समाज कल्याण विभाग के उपसंचालक ने बताया कि दिव्यांगजनों के लिए उल्लेखनीय कार्य करने वाले सर्वोत्तम दिव्यांग कर्मचारी, दिव्यांग के सर्वोत्तम नियोक्ता संरचना, सर्वोत्तम स्वैच्छिक संस्था एवं दिव्यांजन जानो के लिए कार्य कर रहे सर्वोत्तम जिला को दिव्यांगजन राज्य स्तरीय पुरस्कार से सम्मानित किये जाएंगे। इस हेतु 25 अक्टूबर तक आवेदन पत्र आमंत्रित किये गये है। इच्छुक व्यक्ति अथवा संस्था कलेक्टोरेट स्थित समाज कल्याण विभाग के कक्ष क्रमांक 140 एवं 141 में कार्यालयीन समय में आवेदन पत्र जमा कर सकते है। अधिक जानकारी के लिए मोबाईल नंबर 9179711963 से संपर्क कर सकते है।

# गल्ला किराना दुकान में चोरी करने वाले आरोपी पकड़ाए

## चोरी की घटना में चार नाबालिग भी थे शामिल

पायनियर संवाददाता < रायगढ़
www.dailypioneer.com

पुसौर पुलिस द्वारा ग्राम लोहरसिंह के मोरध्वज गुप्ता के गल्ला किराना एवं कपड़े के दुकान से नकदी समेत अनाज, सर्फ, सिगरेट आदि की चोरी करने वाले आरोपी युवक व उसके चार साथियों को पकड़ा गया है, जिनसे दुकान से चोरी किया हुआ नकदी रकम, चावल तथा अंडर गारमेंट की बरामदगी की गई है। आरोपी व उसके साथियों को नकबजनी के अपराध में सक्षम न्यायालय रिमांड पर भेजा गया है। मिली जानकारी के अनुसार ग्राम लोहरसिंह निवासी मोरध्वज गुप्ता पिता गनपत गुप्ता उम्र 40 वर्ष की डीपापारा लोहरसिंह में गल्ला किराना के साथ कपडा दुकान है। 16 शनिवार को मोरध्वज गुप्ता थाना आकर दुकान में चोरी के संबंध में लिखित आवेदन दिया गया। मोरध्वज गुप्ता बताया कि 15 अक्टूबर की रात्रि 08 बजे दुकान बंद करके ग्राम गढउमरिया प्रोग्राम देखने गया था। 16 अक्टूबर की सुबह करीब 06 बजे दुकान आया तो देखा कि दुकान का खिडकी का



कुंदा उखडा था, दुकान अंदर चेक किया तो दराज में रखे नगदी रकम 23,000 रूपये, उसना चावल 07 किलो, 02 शर्ट, 01 अंडरवियर, सिगरेट, सर्फ आदि (नकदी व सामान कुल 23,705) को अज्ञात चोर चोरी कर ले गया था। चोरी की रिपोर्ट पर थाना पुसौर में अज्ञात आरोपी के विरूद्ध धारा 457,380 दर्ज कर विवेचना में लिया गया। थाना प्रभारी पुसौर निरीक्षक संतोषी ग्रेस द्वारा ग्राम लोहरसिंह के बीट अधिकारी प्रधान आरक्षक उमाशंकर नायक के हमराह आरक्षकों को घटनास्थल रवाना कर माल मुल्जिम पतासाजी का निर्देश दिया गया। पुलिस टीम ग्राम लोहरसिंह पहुंचकर मुखबिरों से जानकारी लिया गया जिसमें गांव के जय कुमार खडिया व उसके साथियों को रात्रि में संदिग्ध घूमते हुए देखना बताया। पुलिस टीम जय कुमार खडिया को हिरासत में लेकर पूछताछ करने पर अपने चार साथियों के साथ मोरध्वज गुप्ता के दुकान से नकदी, उसना चावल, अंडर गारमेंट की चोरी करना बताया। आरोपी से पूछताछ बाद विधि के साथ संघर्षरत 04 नाबालिगों को अभिरक्षा में लेकर पूछताछ करने पर चोरी करना स्वीकार किये जिनसे नकदी 4500 रूपये, 5 किलो उसना चावल व एक अंडरवियर जेनेक्स कम्पनी का जप्त किया गया है। आरोपी जय कुमार खडिया पिता उदय खडिया उम्र 19 वर्ष निवासी ग्राम लोहरसिंह थाना पुसौर व विधि के साथ संघर्षरत 04 बालक को नकबजनी के अपराध में सक्षम न्यायालय पेश किया गया है। पुसौर थाना प्रभारी व स्टाफ पुसौर थानाक्षेत्र अन्तर्गत 16 अक्टूबर को ग्राम रावनखोधरा निवासी रोहित बंजारा के घर चोरी की पतासाजी में जुट गये हैं। रोहित बंजारा द्वारा उसके घर से 16 अक्टूबर की सुबह करीब 09:30 से 11 बजे के बीच कोई चोर आलमारी में रखे सोने-चांदी के जेवरात व नकदी रकम की चोरी कर ले जाने की रिपोर्ट दर्ज कराया गया है, रिपोर्टकर्ता अनुसार नकदी व जेरात करीब 2 लाख रूपये के हैं, अज्ञात आरोपी के विरूद्ध थाना पुसौर में धारा 454,380 दर्ज कर माल मुलजिम की पतासाजी में लिया गया है, जिस प्रकार चोरी की वारदात प्रार्थी व उसके घर वाले बता रहे हैं जिस पर पुसौर पुलिस सभी पहलुओं पर जांच कर रही है।

## कचहरी चौक में चौलेश्वर चंद्राकर का स्वागत किया गया



पायनियर संवाददाता < जांजगीर
www.dailypioneer.com

कचहरी चौक में अखिल भारतीय कांग्रेस पार्टी के पिछड़ा वर्ग छत्तीसगढ़ के प्रदेश अध्यक्ष चौलेश्वर चंद्राकर का भव्य स्वागत किया गया जिसमें प्रदेश उपाध्यक्ष व पूर्व विधायक अकलतरा विधानसभा के चुन्नीलाल साहू प्रदेश प्रतिनिधि रवि शेखर भारद्वाज ब्लॉक अध्यक्ष नवागढ़ शत्रुघ्न दास महंत प्रदेश प्रतिनिधि गिरधारी लाल यादव प्रदेश सचिव महिला कांग्रेस मुस्कान परवीन नगर पालिका परिषद चांपा के अध्यक्ष जय थवाईत किशोर साव उपस्थित थे।

## वन विभाग गांव-गांव में लोगों को हाथियों से बचाव और सुरक्षा के लिए कर रहे सचेत

पायनियर संवाददाता < रायगढ़
www.dailypioneer.com

जिले का अधिकांश क्षेत्र मानव हाथी द्वंद्व से प्रभावित है। समय-समय पर हाथी उत्पात से जन-धन हानि की घटनाएं होती रहती है। इसे ध्यान में रखते हुए वन विभाग द्वारा गांव-गांव में पहुंचकर लोगों को हाथियों से बचाव और सुरक्षा के लिए सचेत कर रहे हैं। इस संबंध में वनमंडलाधिकारी धरमजयगढ़ वनमंडल ने बताया कि हाथी वन्य प्राणी जीव है, जो लगातार वन में विचरण करता रहता है। हाथी प्रभावित क्षेत्रों में हाथी की आवागमन होने पर वन विभाग के द्वारा गांव-गांव में जाकर हाथियों से बचाव व सुरक्षा किया सचेत किया जाता है। हाथी मित्र दल वाहन के माध्यम से लाउडस्पीकर लगाकर हाथी प्रभावित क्षेत्रों में नहीं जाने संबंधित सूचना दिया जाता है। गजराज वाहन में प्रोजेक्टर के माध्यम से हाथी प्रभावित ग्रामों में जाकर ग्रामीणों को हाथियों से बचाव सुरक्षा के उपायों को चलचित्र के माध्यम से दिखाया जाता है। हाथी प्रभावित ग्रामों में बचाव व सुरक्षा संबंधित उपायों को दिवारों में लेखन का भी कार्य कराकर प्रचार-प्रसार करते हुए कोटवारों से मुनादी कराया जाता है।

## लायंस क्लब एवं अभा विकलांग चेतना परिषद का निशुल्क कृत्रिम प्रत्यारोपण शिविर आयोजित

पायनियर संवाददाता < सक्ती
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ प्रदेश के बिलासपुर शहर की सेवा कार्यों में अग्रणी रहने वाली संस्था लायंस क्लब बिलासपुर उत्कर्ष एवं अखिल भारतीय विकलांग चेतना परिषद केंद्रीय कार्यालय बिलासपुर द्वारा परिषद के मोपका बिलासपुर में स्थित गीता देवी रामचंद्र अग्रवाल दिव्यांग अस्पताल अनुसंधान एवं निशुल्क सेवा केंद्र में निशुल्क कृत्रिम पैर प्रत्यारोपण शिविर का शुभारंभ हुआ तथा इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अखिल भारतीय विकलांग चेतना परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष, गुवाहाटी हाईकोर्ट के पूर्व मुख्य न्यायाधीश जस्टिस रमेश गर्ग उपस्थित थे, इस दौरान राष्ट्रीय अध्यक्ष जस्टिस रमेश गर्ग ने कहा कि दिव्यांगों की सेवा अनुकरणीय एवं सराहनीय कार्य है, तथा अखिल भारतीय विकलांग चेतना परिषद से मैं भावनात्मक रूप से जुड़ा हुआ हूं, तथा इस संस्था के द्वारा जो सेवा के कार्य किए जा रहे हैं वह पूरे भारत देश में अपने आप में एक मिशाल है, तथा विकलांग चेतना परिषद के इस कार्यक्रम में शामिल होने के लिए ही मैं इंदौर मध्य प्रदेश से यहां आया हूं, परिषद द्वारा आयोजित निशुल्क कृत्रिम पैर प्रत्यारोपण शिविर में विकलांग चेतना परिषद के साथ ही लायंस क्लब बिलासपुर उत्कर्ष के भी सभी सदस्य कार्यक्रम को सफल बनाने में जुटे रहे, एवं प्रथम दिवस जांच शिविर के दौरान 91 दिव्यांगों ने अपना पंजीयन करवा करवाया, तथा इस दौरान परीक्षण के बाद कटे हुए पैर के लिए 71 पंजीयन तथा हाथ के लिए 7 पंजीयन हुए जिसमें 13 पंजीयन शल्यक्रिया के लिए हुए एवं सभी का नाप लिया गया तथा 13 नवंबर को सभी को निशुल्क कृत्रिम पैर एवं हाथ का वितरण किया जाएगा, इस अवसर पर अखिल भारतीय विकलांग चेतना परिषद केंद्रीय कार्यालय बिलासपुर तथा लायंस क्लब बिलासपुर उत्कर्ष के सदस्यों ने बताया कि निशुल्क शिविर का आयोजन पूर्व में भी किया जा चुका है, तथा इस शिविर का मुख्य उद्देश्य दिव्यांगों को स्वयं अपने पैरों पर खड़े होकर उन्हें आत्मनिर्भर बनाना है, तथा कृत्रिम पैर जो कि कुछ वर्षों के बाद खराब भी हो जाते हैं उन्हें सुधारने का कार्य भी ऐसे शिविरों में किया जाता है ,अखिल भारतीय विकलांग चेतना परिषद केंद्रीय कार्यालय बिलासपुर एवं लायंस क्लब बिलासपुर उत्कर्ष द्वारा आयोजित इस शिविर में प्रमुख रूप से राष्ट्रीय महामंत्री मदन मोहन अग्रवाल, अखिल भारतीय विकलांग चेतना परिषद के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष डॉ विनय कुमार पाठक, राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष राजेंद्र अग्रवाल राजू, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष विद्या केडिया, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉ राधेश्याम अग्रवाल, लायन वीणा अग्रवाल, सहित काफी संख्या में पदाधिकारी/ सदस्य मौजूद रहे।

## लैलूंगा के मित्तल परिवार की दुकान में फिर चोरों का धावा

**20 हजार नगदी व दो मोबाइल ले उड़े हथियारबंद चोर**

पायनियर संवाददाता < रायगढ़
www.dailypioneer.com

जिले के विकासखण्ड मुख्यालय लैलूंगा में पिछले दिनों व्यापारी दंपत्ति मित्तल परिवार की जघन्य हत्या के बाद इसी परिवार से जुड़ा एक और मामला सामने आया है। बताया जा रहा है कि बीती रात चोरों ने मृतक व्यवसायी के एक भाई के दुकान में धावा बोलकर हजारों रूपए की नगदी और मोबाईल पर हाथ साफ कर दिया है। पुलिस सूत्रों के मुताबिक चोरी करने के दौरान उनकी हरकत सीसीटीवी फुटेज में कैद हुई है। विशेष बात यह है कि यह दुकान लैलूंगा थाने से महज ढाई सौ मीटर की दूरी पर स्थित है और चोरी की इस वारदात से चोरों ने एक तरह से पुलिस को चुनौती दे डाली है। प्राप्त जानकारी के अनुसार लैलूंगा के प्रतिष्ठित मित्तल परिवार पर जैसे किसी की बुरी नजर लग गई है। या फिर साजिश के तहत इस परिवार को निशाना बनाया जा रहा है। पिछले दिनों मित्तल परिवार के ही व्यवसायी दंपत्ति की हत्या का मामला अभी पूरी तरह से सुलझ भी नही पाया है कि इसी परिवार से जुडा एक और मामला सामने आ गया है। बताया जा रहा है कि स्व. मदन मित्तल के भाई मोहन मित्तल की लैलूंगा.. रायगढ़ रोड में ही गल्ला किराना दुकान है। जो लैलूंगा थाने के पास ही स्थित है। बीती रात इस दुकान में चोरों ने धावा बोलकर गल्ले में रखे 20 हजार की नगदी सहित दो मोबाईल पर हाथ साफ कर दिया। बताया जा रहा है कि गल्ला किराना की यह दुकान दो मंजिला इमारत है। जिसमें उपर और नीचे दो डिवीआर लगे हुए थे। पुलिस सूत्रों के मुताबिक देर रात करीब डेढ़ बजे हथियारबंद चोरों ने दुकान का शटर तोड़कर इस दुकान में प्रवेश किया। वारदात के समय चोरों के हाथ में लोहे का राड मौजूद था। दुकान का शटर तोड़कर दुकान में घुसने के बाद इन चोरों ने करीब आधे घंटे तक पूरी तसल्ली से दुकान को खंगाला और व्यवसायी के द्वारा गल्ले में रखे नगदी सहित दराज में मौजूद दो मोबाईल को उठा लिया। इन शातिर चोरों ने चोरी करने से पहले नीचे के डिवीआर वाले तार को भी काट दिया था ताकि उनकी हरकत सीसीटीवी में कैद न हो सके। मगर चूंकि इस दुकान में उपर और नीचे दो सीसीटीवी लगे हुए थे। इसलिए उपर की सीसीटीवी चलती रही जिसके कारण चोरों की यह हरकत सीसीटीवी फुटेज में कैद हो गई। पुलिस सूत्रों के मुताबिक अब पुलिस इसी सीसीटीवी फुटेज के आधार पर चोरों की शिनाख्त करने और उनकी पतासाजी में जुट गई है। चूंकि यह मामला लैलूंगा के प्रतिष्ठित व्यवसायी मित्तल परिवार से जुड़ा हुआ है और पिछले दिनों ही इसी परिवार के एक दंपत्ति की तब जघन्य हत्या हो चुकी है जब किसी तरह से चोर चोरी के ही इरादे से स्व. मदन मित्तल के घर में घुसे थे और चोरी के दौरान ही उन्होंने हत्या जैसी जघन्य घटना को अंजाम दे दिया। ताजा चोरी की घटना में भी चोरों के पास लोहे के राड जैसा हथियार था और इस बात की संभावना से भी इंकार नही किया जा सकता कि यदि चोरी के दौरान दुकान में मित्तल परिवार का कोई मिल जाता तो उसके साथ भी वही घटना हो सकती थी। बहरहाल पुलिस ने इस मामले में जहां चार नाबालिग आरोपियों को हिरासत में लिया है और एक आरोपी फरार बताया जा रहा है।

## आरटीसी कप का आयोजन 20 से



पायनियर संवाददाता < रायगढ़
www.dailypioneer.com

क्रिकेट की-20-20 प्रतियोगिता आरसीटी कप का आयोजन 20 अक्टूबर से होने जा रहा है। उक्त टूर्नामेंट में जिला क्रिकेट संघ की सहमति से इतने बड़े स्तर का आयोजन करवाया जा रहा है। कार्यक्रम के आयोजन समिति सदस्य महेश वर्मा व विनय साहू ने बताया कि प्रतियोगिता हेतु मैदान की तैयारियां अंतिम चरण पर है। उक्त तैयारी का निरीक्षण करने एवं मैदान का जायजा लेने के लिए रविवार को जिला क्रिकेट संघ सचिव रामचन्द्र शर्मा व डिग्री कॉलेज के खेलकूद अधिकारी तापस चटर्जी सहित अनेक खिलाड़ी लाल मैदान पहुंचे। मैदान की व्यवस्था एवं तैयारियों से सभी लोग पूर्णतरू संतुष्ट दिखे। प्रतियोगिता की सफलता हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश भी सभी को दिया गया।

**19 को उद्घाटन व 27 को समापन-** आयोजन समिति के सदस्य विशाल सिंघानिया एवं प्रशांत शर्मा ने बताया कि प्रतियोगिता में उद्घाटन समारोह 19 अक्टूबर को दोपहर 2.00 बजे से किया जायेगा। जबकि मैच का आरंभ 20 अक्टूबर से होगा। प्रतियोगिता में 8 टीमें शामिल हैं। जिसमें प्रारंभिक मैच 20 अक्टूबर को पाली फाईटर्स व काइजर रॉयल्स के बीच खेला जाएगा।

## पुटपुरा में 35 सालों बाद देव ठाकुर का पूजन विदर मालगुजार ने किया

पायनियर संवाददाता < सक्ती/जांजगीर
www.dailypioneer.com

जांजगीर से लगे ग्राम पुटपुरा में 35 वर्ष बाद बिदर पूजन का कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा जिला उपाध्यक्ष अमर सुल्तानिया उपस्थित रहें एवं कार्यक्रम की अध्यक्षता ग्राम पंचायत सरपंच पुटपुरा दशरथ लाल डाहरे द्वारा किया गया।

कार्यक्रम में सर्वप्रथम ग्राम के देवी देवता का पूजन किया गया। बिदर पूजन कार्यक्रम में मुख्य रूप से आरती पुटपुरा के मालगुजार परिवार के योगेश तिवारी जी द्वारा किया गया एवं आचार्य पंडित राधेश्याम शास्त्री द्वारा पूजन कार्यक्रम सम्पन्न कराया गया। ग्राम पंचायत पुटपुरा पूर्व सरपंच जवाहर तिवारी ने बताया कि गांव की रक्षा के लिए गांव के देव और देवियों का समस्त ग्राम वासियों के द्वारा पूजन किया जाता है जिसमें हर घर में मेहमान आए रहते हैं पूजन कर के गांव के देव को खुश करते है ताकि गांव



में सुख शांति और समृद्धि बनी रहे। ठाकुर देव के प्रतिनिधि के रूप में मालगुजार लंबरदार योगेश तिवारी पूजा पर बैठे रहे। भाजपा जिला उपाध्यक्ष अमर सुल्तानिया ने अपने संबोधन में कहा कि गांव में इस तरह का आयोजन होते रहना चाहिए इस तरह के आयोजन से गांव में खुशहाली, एकजुटता और शांति बनी रहती है।

कार्यक्रम का सफल संचालन साकेत तिवारी जी द्वारा किया गया। कार्यक्रम में ग्राम पंचायत की पूरी टीम और साथ में राकेश तिवारी, संतोष तिवारी, संजय तिवारी, दीपक तिवारी, इंदुशेखर तिवारी, रामायण राठौर, विक्की राठौर, अशोक राठौर, रामप्रसाद यादव, राजकुमार राठौर, अरूण राठौर, उपसरपंच सुनाऊ राम, प्रकाश करियारे, श्रीकांत राठौर, लवकेश राठौर, नंदकिशोर राठौर, गांव के बैगा हीरा सिंह मरकाम, देवनारायण गुरूदत्त, चन्द्रिका प्रसाद, जगदीश गिर सहित समस्त ग्रामवासी कार्यक्रम में शामिल हुए।

## सतनाम भवन जैजैपुर के प्रांगण में सतनाम के प्रतीक जैतखाम का निर्माण प्रारंभ हुआ

पायनियर संवाददाता < जैजैपुर
www.dailypioneer.com

सतनाम भवन जैजपुर के प्रांगण में सतनाम के प्रतीक जैतखाम का निर्माण कार्य परम सम्मानीय श्याम लाल सितारे सर जी के मार्गदर्शन में प्रारंभ किया गया जैजैपुर सतनाम भवन में जैतखाम निर्माण का जिम्मा बालकराम खाण्डेयकर सह परिवार ने लिया था , उन्होंने उस जिम्मे को निभाते हुए जैतखाम निर्माण कार्य प्रारंभ किया इस पावन अवसर में उपस्थित भोजराम बघेल (उप प्रांताध्यक्ष) प्रदेश शिक्षक संघ छ. ग., बीरेंद्र धिरहे (जिला अध्यक्ष) अजाक्स नवीन जिला शक्ति, खेमराज खटर्जी (ब्लाक अध्यक्ष)



प्रगतिशील सतनामी समाज जैजैपुर, तिरिथराम बर्मन (सचिव) प्रगतिशील सतनामी समाज जैजैपुर, पुरुषोत्तम कोशले (कार्यकारी ब्लाक अध्यक्ष) अजाक्स जैजैपुर, चेतन बंजारे (सरपंच) ग्राम पंचायत कुटराबोड़, संतोष कुमार लहरे संयोजक (युवा प्रकोष्ट) सतनामी समाज जैजैपुर, नरसिंह मनहर, मनमोहन सोनवानी, समालिया टण्डन , सुकदेव खूंटे , जय प्रकाश लहरे, बसंत बघेल जी, अशोक बघेल, बालक राम खाण्डेयकर सह परिवार व सैकड़ों की संख्या में समाज के लोग ने निर्माण कार्य में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिये।

## भवनविहीन उचित मूल्य दुकानों के लिए बनेंगे भवन

पायनियर संवाददाता < मुंगेली
www.dailypioneer.com

जिले के प्रभारी कलेक्टर एवं जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी रोहित व्यास की अध्यक्षता में जिला कलेक्टोरेट स्थित मनियारी सभा कक्ष में साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में उन्होने जिले में विकास और निर्माण कार्यो की प्रगति की विस्तारपूर्वक समीक्षा की और संबंधितों को आवष्यक निर्देष दिये। बैठक में उन्होने राजधानी रायपुर में आयोजित होने वाले कलेक्टर कांन्फ्रेस की तैयारियों के संबंध में जानकारी प्राप्त की और उन्होने कलेक्टर कांन्फ्रेस के संबंध में प्राप्त एजेंडा के अनुसार सभी प्रकार की जानकारियों को अपडेट करने के निर्देष दिये। बैठक में उन्होने जिले में सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत संचालित उचित मूल्य दुकानों के संबंध में जानकारी प्राप्त की। उन्होने कहा कि भवनविहीन उचित मूल्य दुकानों के लिए भवन बनाएं जाएंगे। इसके लिए उन्होने भवनविहीन उचित



मूल्य दुकानों की सूची उपलब्ध कराने के लिए जिला खाद्य अधिकारी को निर्देष दिये। इसी तरह उन्होने षौचालय विहीन विद्यालयों के संबंध में भी जानकारी प्राप्त की और शौचालय विहीन विद्यालयों में शौचालय निर्माण तथा जीर्ण-शीर्ण षौचालयों को मरम्मत कराने के निर्देष दिये। बैठक में उन्होने कहा कि आगामी समय में खरीफ विपणन वर्ष 2021-22 में किसानों से समर्थन मूल्य पर धान खरीदी की जाएगी। इस हेतु उन्होने बरदानो की एकत्रीकरण, मार्गो एवं चबूतरों का जीर्णोद्धार एवं मरम्मत करने के निर्देष दिये। बैठक में उन्होने राजस्व विभाग के अविवादित नामांतरण, बटवारा एवं सीमांकन के लंबित प्रकरणों की जानकारी प्राप्त की और ई-कोर्ट में पंजीकृत समस्त अविवादित समस्त प्रकरणों को यथा षीघ्र निराकृत करने के निर्देष दिये। बैठक में प्रभारी कलेक्टर एवं जिला पंचायत के मुख्य कार्य पालन अधिकारी श्री व्यास ने राज्य षासन की महत्वाकांक्षी नरवा,गरूवा,घुरूवा, बारी योजना के तहत चारागाह विकास की समीक्षा की और उन्होने अभियान चलाकर चारागाह की रकबा बढ़ाने के निर्देष दिये। बैठक में उन्होने राजीव गांधी ग्रामीण भूमिहीन कृषि मजदूर न्याय योजना की समीक्षा करते हुए पंजीयन की अद्यतन स्थिति की जानकारी प्राप्त की। उन्होने पंजीयन का कार्य आगामी 30 नवम्बर तक पूर्ण करने के निर्देष दिये। ताकि इस योजना के तहत पंजीकृत भूमिहीन मजदूरों और पौनी पसारी व्यवस्था से जुड़े लोगों को आर्थिक अनुदान दिया जा सके। बैठक में उन्होने कोविड-19 के कारण मृत व्यक्तियों के परिजनों अथवा आश्रितों को अनुदान सहायता देने के संबंध में राज्य षासन द्वारा जारी दिषा-निर्देष की जानकारी दी और उन्होने कोविड-19 से मृत व्यक्ति के परिजनों तथा आश्रितों को निर्धारित राषि सीधे उनके बैंक खाते में हस्तांतरित करने के निर्देश दिये।

## त्योहारी सीजन के साथ जुआ-सट्टा का कारोबार बढ़ा

# असामाजिक गतिविधियों की जानकारी मिलते ही होगी कार्यवाही : सिध्दार्थ बघेल

पायनियर संवाददाता ➤ भाटापारा
www.dailypioneer.com



दशहरा के बाद दीपावली के त्यौहार की तैयारी प्रारम्भ हो जाती है, जिसके लिये सभी वर्ग अच्छे धंधे व्यापार के उम्मीद से दुकानों में हर प्रकार के वैरायटी से सुसज्जित कर रखते है व बाजार मे एक रौनक के साथ मुद्रा का क्रय विक्रय होने से विनिमय बढने से व्यापार मे तेजी भी रहती है। लेकिन इन सबके के बीच कुछ ऐसी सामाजिक विकृति भी जन्म लेती है जो समाज को कमजोर बनाता है वह सामाजिक बुराई जुआ, सट्टा, अवैध शराब बिक्री, पाकेटमारी आदि ऐसे बुराई होते जिसके कारण कई अन्य बडी बुराई घर करती है जो आम आदमी के साथ साथ उनके परिवार के लिये सदा के लिये गहरा जख्म भी दे जाता है। इस सामाजिक बुराई रुपी नासूर को बढा रुप लेने से पहले नही काटा जाता है तो वह बुराई किसी कोढ की बीमारी से भी कम नही का जा सकता।

**पुलिस प्रशासन का विशेष योगदान**

सामाजिक बुराइयों को रोकने के लिये हमारे देश के संविधान मे कानून व्यवस्था का निर्माण किया गया है। जहाँ वह राजा हो या रंक कानून का उलंघन करने पर हमारा संविधान उन्हें एक ही तराजू मे तोलकर उन्हे सजा देता है और इस कानून व्यवस्था को बनाये रखने, कानून का पालन कराने व दोषी को कानून के समक्ष लाकर उन्हे दंड दिलाने मे पुलिस प्रशासन का अहम योगदान रहता है परंतु इन सबके के भी कही कानून का उलंघन होने और उस बुराई को अनदेखा करना या ढिलाई बरतना एक स्वच्छ समाज के निर्माण मे बहुत बडा नासूर बन जाता है ।

**समाज की सबसे बडी बुराई जुआ-सट्टा**

कहा जाता है की जुआ का चलन महाभारत काल से चला आ रहा है जिसमे द्रुत क्रीड़ा के खेल मे पांडव अपने सारी सत्ता कौरव के समक्ष हार गया था जिसका अंत परिणाम महाभारत युध्द से देखा गया। यह ऐसी बुराई है जिसका इतिहास साक्षी बनकर हमे सदैव प्रेरणा देता है कि हम अगर एक अच्छे परिवार समाज देश गाँव बनाना है तो ऐसी बुराइयों से कोसो दूर रहे व इस तरह के बुराईयों को संरक्षण देने वाले के खिलाफ कडी से कडी कारवाई इस बुराई पर विराम लगाया जा सके।

**सिर चढ़कर बोल रहा जुआ सट्टा का घिनोना खेल**

वही 15 दिनो के दीपावली त्यौहार मे जुआ सट्टा का खेल सर चढ़कर बोलता है यह सभी लोगों के बीच जग जहिर है परंतु इन सबके बीच पुलिस प्रशासन की सक्रियता व अधिक से अधिक मामलों में प्रकरण बनाकर इस बुराई को नियंत्रण किया जाना किसी बडी चुनौती से भी कम नहीं है, आने वाले समय मे जल्द 20-20 वल्र्ड कप का भी आयोजन दुबई मे होने जा रहा है इसमे भी कोई दो राय नही की यह क्रिकेट मे करोड़ों का दाव लगता है व हाईटेक पध्दति से इस दाव को खेला जाता है परंतु पुलिस प्रशासन इस करोड़ों के लगने वाले दाँव मे कहा तक मामले व प्रकरण बनाने मे सफल होता है वह भी समय के गर्भ मे फिलहाल दबा है। इसके साथ साथ भाटापारा क्षेत्र के अंतर्गत विभिन्न ग्रामीण अंचलों सहित शहरी क्षेत्रो मे भी ताशपत्ती का कोरोडा का दाँव प्रतिदिन खेला जाता है, जिसमे मिली जानकारी के अनुसार प्रमुख रुप से टिकुलिया, ढाबाडीह, टेहका, रोहरा आदि ऐसे ग्रामीण क्षेत्र है जहाँ जुआरी जगह बदल बदल कर खेल खेलते है व एक दिन मे लाखो का नाल भी निकाला जाता है, वैसे कहा जाता है की पुलिस प्रशासन के पास मजबूत व पक्का गुप्तचर भी होते है और इनका उपयोग कहा और कैसे उपयोग होता है जिससे बडे से बडे मामला पकडा जा सके यह पुलिस प्रशासन पर भी निर्भर करता है।

दीपावली त्यौहार को देखते हुए असामाजिक गतिविधियों को नियंत्रण लगाने हेतु पुलिस की विशेष गश्ती दल तैनात किया जायेगा। वही पुलिस अधीक्षक के आदेशानुसार जुआ सट्टा जैसे मामले की जानकारी मिलने पर तात्कालिक कार्यवाही किया जायेगा।
**-सिध्दार्थ बघेल,** अनुविभागीय पुलिस अधिकारी भाटापारा

# दीपावली के पहले एसडीएम कार्यालय का विधायक गुलाब कमरो ने केल्हारी क्षेत्रवासियों को दी सौगात

पायनियर संवाददाता ➤ मनेंद्रगढ़
www.dailypioneer.com



सरगुजा विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष राज्य मंत्री दर्जा प्राप्त भरतपुर सोनहत विधायक गुलाब कमरो ने केल्हारी में एसडीएम कार्यालय खुलवाकर दीपावली के पहले एक बड़ी सौगात दी है। केल्हारी में अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) कार्यालय के लिए प्रथम एसडीएम डिप्टी कलेक्टर अरुण कुमार सोनकर बनाए गए हैं। विधायक गुलाब कमरो ने केल्हारी को उपखंड (अनुविभाग) का दर्जा दिलाने का जो वादा किया था वह पूरा कर अपना वादा निभाया है। विधायक गुलाब कमरो कुछ दिन पहले ही प्रदेश के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल से मिलकर केल्हारी में एसडीएम कार्यालय खोलने की मांग की थी जिस मांग पर तत्परता दिखाते हुए मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने केल्हारी को एसडीएम कार्यालय की सौगात दे दी है। शासन के निर्देशानुसार कोरिया कलेक्टर एक आदेश जारी कर प्रशासनिक कसावट को ध्यान में रखते हुए केल्हारी तहसील को अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) कार्यालय का दर्जा देते हुए प्रथम एसडीएम के रूप में डिप्टी कलेक्टर अरुण कुमार सोनकर की पदस्थापना की है.केल्हारी में एसडीएम कार्यालय खुलने से केल्हारी क्षेत्रवासियों में हर्ष का माहौल है और इस बड़ी सौगात के लिए केल्हारी क्षेत्रवासियों ने विधायक गुलाब कमरो एवं छत्तीसगढ़ शासन के मुखिया भूपेश बघेल के प्रति अपना आभार प्रगट किया है . विधायक गुलाब कमरो ने अपने विधायकी काल में केल्हारी को सबसे पहले पूर्ण तहसील का दर्जा दिलाया उसके बाद नवीन तहसील भवन के लिए राशि उपलब्ध कराई और अब अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) कार्यालय खुलवाकर एक बहुत बड़ी सौगात केल्हारी क्षेत्रवासियों को दी है । अब केल्हारी क्षेत्र के 30-35 ग्रामों के ग्राम वासियों को राजस्व के मामलों के लिए एसडीएम कार्यालय मनेंद्रगढ़ नहीं आना पड़ेगा और स्थानीय स्तर पर ही राजस्व के मामलों का निपटारा हो सकेगा . उल्लेखनीय है कि जब से विधायक गुलाब कमरो विधायक के रूप में निर्वाचित होकर सामने आए हैं तब से उनके द्वारा भरतपुर सोनहत विधानसभा क्षेत्र का तेज गति से विकास किया जा रहा है । क्षेत्र की जनता को एक से बढ़कर एक सौगात दी जा रही है जिससे विधायक गुलाब कमरो भरतपुर सोनहत विधानसभा क्षेत्र की जनता के दिलों में अपना स्थान बनाकर बस गए हैं । विधायक गुलाब कमरो अपने लगभग 3 साल के कार्यकाल में भरतपुर सोनहत विधानसभा क्षेत्र में 800 करोड़ के विकास कार्यों की सौगात दी है अभी उनके कार्यकाल का सवा 2 साल और बचे हुए हैं इस दौरान भी उनके द्वारा विकास कार्यों की गति को और तेज बढ़ाया जाएगा उनका ऐसा भरपूर प्रयास है।

# एसडीएम ने ली शांति समिति की बैठक, शांति पूर्वक ईद मिलादुन्नबी मनाने की अपील

पायनियर संवाददाता ➤ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com

राज्य वक्फ बोर्ड के निर्देश पर पुलिस अधीक्षक कार्यालय के सभागार में बलौदाबाजार एसडीएम आईएएस प्रतिष्ठा ममगाई की अध्यक्षता में शांति समिति की बैठक संपन्न हुई। जिसमें बड़ी संख्या में मुस्लिम समाज के प्रतिनिधि गण एवं अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। बैठक में उपस्थित सभी प्रतिनिधियों ने वक्फ बोर्ड और जिला प्रशासन की गाईडलाइन का पालन करते हुए धार्मिक उल्लास के साथ त्योहार मनाने का निर्णय लिया गया। उन्होंने कहा कि कोरोना अभी खत्म नहीं हुआ है। इसके बचाव के लिए प्रचलित तमाम उपायों का पालन करते हुए धार्मिक भावना के अनुरूप सौहाद्रपूर्ण वातावरण में पर्व मनाया जायेगा। इस दौरान मस्जिदों में सामूहिक नमाज अदा की जाएगी एवं किसी भी तरह जुलूस एवं जलसा का आयोजन नही किया जाएगा।

गौरतलब है कि कोरोना संक्रमण से बचाव के लिए राज्य वक्फ बोर्ड ने ईद पर्व के अवसर पर उक्त सुरक्षात्मक उपाय सुनिश्चित करने के निर्देश जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन को दिए हैं। उक्त बैठक में एडिशनल एसपी पीताम्बर पटेल, एसडीओपी बलौदाबाजार सुभाष दास सहित मुस्लिम समाज के प्रतिनिधि मो.जिलानी,जाकिर हुसैन, मो.रियाज, तनवीर अहमद,सैयद आरिफ अली, अजमल अली एवं टीआई विजय चौधरी सहित गणमान्य नागरिक उपस्थित रहें।

# केशरवानी समाज का रास गरबा आयोजित



**भाटापारा।** केशरवानी समाज भाटापारा द्वारा रास गरबा का आयोजन बड़े ही धूमधाम से केशरवानी मंगल भवन में सम्पन्न हुआ। जिसमें मुख्य अतिथि रामप्रसाद केशरवानी महामंत्री अंबिकापुर, प्रीति शाह, सीमा मल, शीतल पटेल, नगर अध्यक्ष प्रदीप केसरवानी, सचिव चंद्र मोहन केसरवानी, महिला अध्यक्ष बबीता केसरवानी, सचिव रजनी केशरवानी, तरुण सभा अध्यक्ष सौरभ केशरवानी और सभी वरिष्ठ जनों के नेतृत्व में संपन्न हुआ। सर्वप्रथम सभी सम्मानित अतिथिगणों का तिलक लगाकर स्वागत किया गया। अतिथि गणों के द्वारा दीप प्रज्वलित कर माता रानी की आरती की गई तत्पश्चात शानदार गरबा की शुरुआत हुई। जिसमें सभी महिलाओं व बच्चों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया, सभी प्रतिभागियों ने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया जजों के द्वारा पुरस्कार वितरण किया गया। सभी ने मिलकर बहुत आनंद लिया जिसके बाद स्वल्पाहार के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया। उक्त जानकारी महिला अध्यक्ष बबीता केसरवानी के द्वारा दी गई।

# विधायक शिवरतन ने प्रेसवार्ता कर प्रदेश सरकार को घेरा

**कांग्रेस के प्रमुख पदाधिकारीयो की संलिप्तता नशे के व्यापार में पाई गई : शिवरतन शर्मा**

पायनियर संवाददाता ➤ भाटापारा
www.dailypioneer.com



स्वर्गीय गोविन्द सारंग स्मृति परिसर, भारतीय जनता पार्टी कार्यालय भाटापारा में उपाध्यक्ष भाजपा विधायक शिवरतन शर्मा ने प्रेसवार्ता ली। जिसमे उन्होंने प्रदेश सरकार को घेरते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ में 15 दिनों के अंदर प्रदेश के बहुसंख्यक वर्ग की भावनाओं को आहत करने वाली दो घटनाये घटित हुई है, विजया दशमी के पावन पर्व के दिन माता दुर्गा के मूर्ति विसर्जन जुलूस को कुचलते हुए एक गाड़ी वहाँ से भागी जिसमे एक श्रद्धालु की मृत्यु हुई तथा 16 लोगो विभिन्न चिकित्सालय में भर्ती है सभी घायल आदिवासी वर्ग के है। विधायक शर्मा ने आगे कहा कि उसी तरह 03 अक्टूबर को कवर्धा में भगवा ध्वज को अपमानित करने की घटना घटित हुई, एक वर्ग विशेष ने उक्त घटना का विरोध करने पर थानेदार व तहसीलदार की उपस्थिति में लोगो से मारपीट की। हिन्दू समाज जब थाने में रिपोर्ट दर्ज कराने गया तो उन्ही लोगों ने रिपोर्ट लिखवाने गए लोगो को नंगी तलवार लेकर दौड़ाया। प्रदेश के मुख्यमंत्री को लखीमपुर उत्तरप्रदेश जाने की फुरसद है, उन्हें वहा रोका जाता है तो लोकतंत्र खतरे में है ऐसा महसूस होता ही किंतु मुझे व कुरूद विधायक अजय चंद्राकर को शहर में प्रवेश नही करने दीया जाता है. नेता प्रतिपक्ष धरमलाल कौशिक तथा बृजमोहन अग्रवाल जैसे वरिष्ठ भाजपा नेता कवर्धा जाकर पीड़ित परिवार व घायलों से पुलिस के बंदिश के चलते मुलाकात नही कर सके। तो क्या यहाँ लोकतंत्र है? मुख्यमंत्री का यह कथन की पत्थलगांव में जो गाड़ी से दुर्घटना हुई वो गाड़ी मध्यप्रदेश की थी, पकड़े गये लोग मध्यप्रदेश के है भाजपाइयों को घेरना है तो शिवराज सिंह को घेरे, हम मुख्यमंत्री से पूछना चाहते है कि छत्तीसगढ़ प्रदेश में चारो तरफ़ बेरीयर लगे है तो गाड़ी उडीसा से छत्तीसगढ़ में प्रवेश कैसे कर गई, बेरीयर जांच चौकी में आपके अधिकारी कर्मचारी क्या कर रहे थे? वास्तव में पूरे प्रदेश में नशे का व्यापार सरकार के संरक्षण में संचालित हो रहा है और समय समय पर कांग्रेस के प्रमुख पदाधिकारीयो की संलिप्तता इस व्यापार में पाई गई है. शर्मा ने आरोप लगाते हुए कहा कि प्रदेश में बार्डर में पिछ्ले कई महीने में बेरीयर लगे है एक भी नशे के पदार्थ में लिप्त वाहनों को नही पकड़ा गया है, मुख्यमंत्री को अपने आकाओं के साथ लखीमपुर उत्तरप्रदेश जा कर राजनीति करने का समय है किंतु खुद के प्रदेश में घटित घटनाओं के पीड़ितो से मिलने का समय नही है। वहा वो 50-50 लाख रुपये मृतको के परिवार को दे सकते है किंतु पत्थलगांव की घटना पर गृहमंत्री का बयान की मृतक परिवार को एक करोड़ रूपये मध्यप्रदेश सरकार दे, ये सरकार की ओछी मानसिकता को प्रदर्शित करता है। हम प्रदेश सरकार से मांग करते है कि मृतक परिवार को सहायता राशि के रूप में 01 करोड़ रुपये एवं घायलों को 50-50 लाख रुपये छत्तीसगढ़ सरकार प्रदान करे. दोनो घटनाओं कवर्धा व पत्थलगांव की न्यायिक जांच एवं शांति का टापू छत्तीसगढ़ जो अपराध का गढ़ बन चुका है वहा कानून राज को स्थापित करे।

# ज्योति-जंवारा के साथ निकली शोभायात्रा, मां दुर्गा प्रतिमा विसर्जन के साथ ही नवरात्रि पर्व का समापन

पायनियर संवाददाता ➤ सरायपाली
www.dailypioneer.com



शहर में पिछले 9 दिनों से चल रहा दुर्गा उत्सव का पूर्व मां दुर्गा की प्रतिमाओं के विसर्जन के साथ ही समाप्त हो गया भक्ति और उल्लास के माहौल में बाजे गाजे और जयकारो के साथ प्रतिमाओं को शंकर तालाब में ठंडा किया गया। शहर में सभी विराजित प्रतिमाओं का विसर्जन किया गया। सार्वजनिक दुर्गा उत्सव समिति ग्राम पैकिंन के द्वारा असत्य पर सत्य व बुराई पर अच्छाई की जीत का पर्व विजयादशमी धूम-धाम से मनाया गया। गांव में शुक्रवार को स्कूल मैदान में रावण दहन के कार्यक्रम का आयोजन हुआ। यहां 30 फीट ऊंचा रावण बनाया गया था। रावण दहन कार्यक्रम से पहले भगवान श्रीराम का वेशभूषा धारण किए वाशू तिवारी व लक्ष्मण बने शेखर भोई, बजरंग बली बने तुषार तिवारी ने वानरों की सेना के साथ गांव का भ्रमण किया। बच्चों ने वेशभूषा के साथ लोगों का मनमोहन लिया। शोभायात्रा का जगह जगह स्वागत पूजन हुआ। शोभायात्रा ने पूरे गांव का भ्रमण किया। इस दौरान पूरा गांव में जय श्री राम के जयघोष से गांव गूंजायमान रहा। क्षेत्र में रावण का पुतला लोगों के बीच आकर्षण का केंद्र बना हुआ था। यह रावण का पुतला अपने दस सिरों को घुमा रहा था। साथ ही मुंह से धुआं निकालता रहा। यही नहीं राम को ललकारता भी रहा। यहां पर राम और रावण के बीच के युद्ध का मंचन हुआ। इस दौरान की गई आतीशबाजी से पूरा आसमान सतरंगी पटाखों से जगमग हो उठा था।

**ऐसे मना दशहरा**

रावण दहन स्थल पर मेले जैसा नजारा था। इस दौरान बच्चों ने खिलौने और गुब्बारों की खरीदी की। जमकर पकवानों का स्वाद लिया। बुराई पर अच्छाई की जीत हासिल कर लौटे लोगों ने अपने घरों में बच्चो व स्वजनों का तिलक वंदन किया। इसके बाद घर के बड़े-बुजुर्गो का आशीर्वाद लिया। गांव में देर रात तक चहल-पहल रही।

# छ.ग. संयुक्त अनियमित कर्मचारी महासंघ ने नियमितीकरण के लिए मुख्यमंत्री को सौंपा ज्ञापन

**बलौदाबाजार।** छत्तीसगढ़ संयुक्त अनियमित कर्मचारी महासंघ के प्रांतीय नेतृत्व के आहवाहन पर 7 चरण के आंदोलन के पॉचवे चरण को साकार स्वरूप देने के लिए सक्रिय एवं जुझारू सदस्य अब लगातार प्रदेश के विभिन्न क्षेत्र के जनप्रतिनिधियो, सामाजिक और धार्मिक संस्थाओ के प्रमुखों तक पहुंचकर अपने नियमितीकरण की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा जा रहा है। विगत माह में प्रदेश के लोकसभा एवं राज्य सभा सांसदो को ज्ञापन देकर प्रदेश के मुख्यमंत्री के नाम अनियमित कर्मचारियो के नियमितीकरण किये जाने का अनुशंसा पत्र जारी करवाया जा चुका है। इसमें प्रमुख रूप से सांसद द्वय सुनील कुमार सोनी एवं मोंहन मंडावी ने सबसे पहले अनियमित कर्मचारी के नियमितीकरण किये जाने की मांग को पूर्ण करने के लिए सीएम के पास अनुशंसा सहित अनुरोध पत्र भेजा है। छत्तीसगढ संयुक्त अनियमित कर्मचारी महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष रवि गढपाले ने विज्ञप्ति जारी कर बताया कि वर्तमान स्थिति में जहां अनियमित कर्मचारी लगातार मानसिक एवं शारीरिक शोषण झेल रहे है। महासंघ लगातार अनियमिति कर्मचारियो को एकजुट करने एवं आगामी आंदोलन के सातवें एवं अंतिम चरण को प्रतिबद्धता और पूरे विश्वास के साथ अंजाम तक पहुचाने का कार्य कर रहा है। वही प्रदेश के वरिष्ठ कार्यसमिति सदस्य एवं पूर्व संयोजक का कहना कि वे लगातार विभिन्न सामाजिक एवं धार्मिक संगठनों से वार्ता कर रहे है और उन्हे अनियमित नौकरी की कुरीति से परिचित भी करवा रहे है। इस अनियमित नौकरी के कुरीति के कारण लाखों अनियमित कर्मचारियो ने अपने जीवन के स्वार्णिमकाल को प्रदेश के उन्नति के नाम समर्पित कर दिया परंतु उन्हें बदले में न्याय तक नहीं मिल रहा है। प्रदेश सतनामी सामाज छत्तीसगढ़ के युवा प्रकोष्ठ के कार्यकारी अध्यक्ष डॉ रमेश कुमार मनहर ने भी संघ के मांगों को जायज बताते हुए मुख्यमंत्री से नियमितीकरण की जाने की मांग की है।


**न्यायालय नजूल अधिकारी कोण्डागांव, जिला कोण्डागांव (छ.ग.)**

// ईश्तहार //

राजस्व प्रकरण क्रमांक 202110201500005/अ-6/201-22

एतद द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री अनिल देवांगन पिता स्व. शिवशंकर देवांगन जाति कोष्टा निवासी जामकोटपारा कोण्डागांव, तहसील व जिला-कोण्डागांव (छ.ग.) के द्वारा नगर-कोण्डागांव के मोहल्ला-मण्डीसेंटर में स्थित भूमि शीट नंबर 2 भूखंड क्रमांक 691/1 अभिन्यास क्रमांक-66 क्षेत्रफल 1400 वर्गफीट, भू-खण्ड क्रमांक 691/1 अभिन्यास क्रमांक-73 क्षेत्रफल 1400 वर्गफीट भूमि में शिवशंकर पिता चंदन जाति कोष्टा सा.देह एवं नगर-कोण्डागांव के मोहल्ला-बड़ेजामकोटपारा में स्थित भूमि शीट नंबर 1 भूखण्ड क्रमांक 373/2 क्षेत्रफल 3997 वर्गफीट भूमि, भूखण्ड क्रमांक 373/8 क्षेत्रफल 825 वर्गफीट नजूल संधारण खसरा में शिवशंकर पिता चंदन अनिल कुमार पिता शिवशंकर जाति कोष्टा सा. देह के नाम पर दर्ज होना बताते हुए, आवेदित भूमि में से शिवशंकर पिता चंदन की मृत्यु दिनांक 07.04.2021 को हो चुकी है। उक्त भूमि के खातेदार की मृत्यु होने के कारण खाते की भूमि से फौती नाम खारिज कर उनके जीवित वैद्य वारिसों का नाम दर्ज करवाने हेतु तलवाना, नक्शा, खसरा, मृत्यु प्रमाण एवं अन्य दस्तावेज की छायाप्रति सहित इस न्यायालय में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है।

उक्त संबंध में यदि किसी व्यक्ति या संस्था को किसी प्रकार का कोई दावा या आपत्ति करना हो तो वे दिनांक 20.10.2021 तक अपना दावा आपत्ति मेरे समक्ष कार्यालय समय में स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते हैं। समयावधि के पश्चात् प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई सुनवाई नहीं किया जायेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 05.10.2021 को जारी किया जाता है।

नजूल अधिकारी
मुहर जिला कोण्डागांव (छ.ग.)

**न्यायालय नजूल अधिकारी कोण्डागांव, जिला कोण्डागांव (छ.ग.)**

// ईश्तहार //

राजस्व प्रकरण क्रमांक 202110201500008/अ-6/2021-22

एतद द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री टेकराम देवांगन पिता सनत राम देवांगन जाति कोष्टा निवासी आड़काछेपड़ापारा कोण्डागांव, तहसील व जिला-कोण्डागांव (छ.ग.) के द्वारा नगर-कोण्डागांव के मोहल्ला-आड़काछेपड़ापारा में स्थित भूमि शीट नंबर 01 भूखंड क्रमांक 284/5ख (शा.नं. 284/6ख) कुल क्षेत्रफल 1080 वर्गफीट भूमि मय कच्चा मकान हाता नजूल संधारण खसरा में सनत राम पिता दशमू जाति कोष्टा सा देह के नाम पर दर्ज होना बताते हुए, आवेदित भूमि में से लूनकरण पिता विद्याराम की मृत्यु दिनांक 06.06.2017 को हो चुकी है। उक्त भूमि के खातेदार की मृत्यु होने के कारण खाते की भूमि से फौती नाम खारिज कर उनके जीवित वैद्य वारिसों का नाम दर्ज करवाने हेतु तलवाना, नक्शा, खसरा, मृत्यु प्रमाण एवं अन्य दस्तावेज की छायाप्रति सहित इस न्यायालय में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है।

उक्त संबंध में यदि किसी व्यक्ति या संस्था को किसी प्रकार का कोई दावा या आपत्ति करना हो तो वे दिनांक 20.10.2021 तक अपना दावा आपत्ति मेरे समक्ष कार्यालय समय में स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते हैं। समयावधि के पश्चात् प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई सनवाई नहीं किया जायेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 05.10.2021 को जारी किया जाता है।

नजूल अधिकारी
मुहर जिला कोण्डागांव (छ.ग.)

**कार्यालय नगर पालिक निगम रायपुर (छ.ग.)**
जोन क्रमांक-10, अमलीडीह सामुदायिक भवन पानी टंकी के पास
E-MAIL :- rmczone10@gmail.com

-: इश्तिहार / आधिपत्य हस्तांतरण की सूचना :-

नामांतरण प्र.क्र. 278/2021-2022
वार्ड का नाम- बाबू जगजीवन राम वार्ड 53

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि बाबू जगजीवन राम वार्ड 53 वार्ड स्थित भवन/भूमि **53/ प्रोग्रेसिव प्वाइंट - दुकान क्र. 444** जो कि निगम अभिलेख में **श्री/श्रीमती डिम्पल अग्रवाल W/O विकास अग्रवाल** के नाम से दर्ज है, जिसको **श्री/श्रीमती विकास अग्रवाल S/O श्यामलाल अग्रवाल** ने मृत्यु प्रमाण पत्र/ सहमति पत्र/ शपथ पत्र/ दान पत्र/ हिब्बानामा/ रजिस्ट्री के अनुसार पंजीकृत वसीयतनामा/बिना पंजीकृत वसीयतनामा/पंजीकृत बंटवारा नामा/ बिना पंजीकृत बंटवारा नामा/ पारिवारिक पंजीकृत एवं बिना पंजीकृत पारिवारिक व्यवस्था पत्र, वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत् नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त, स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर दस्तावेजों के साथ प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/आपत्ति प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी भी प्रकार की कोई सुनवाई नहीं की जावेगी, जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

जोन कमिश्नर
जोन क्र. 10
मुहर नगर निगम, रायपुर (छ.ग.)

**कार्यालय नगर पालिक निगम रायपुर (छ.ग.)**
जोन क्रमांक-10, अमलीडीह सामुदायिक भवन पानी टंकी के पास
E-MAIL :- rmczone10@gmail.com

-: इश्तिहार / आधिपत्य हस्तांतरण की सूचना :-

नामांतरण प्र.क्र. 281/2021-2022
वार्ड का नाम-डॉ. राजेन्द्र प्रसाद वार्ड 52

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि डॉ. राजेन्द्र प्रसाद वार्ड 52 वार्ड स्थित भवन/भूमि **52/ गोमती विहार** जो कि निगम अभिलेख में **श्री/श्रीमती सूर्य प्रकाश शुक्ला S/O सत्य प्रकाश शुक्ला** के नाम से दर्ज है, जिसको **श्री/श्रीमती पवन कुमार सचदेव S/O दीपक कुमार सचदेव** ने मृत्यु प्रमाण पत्र/ सहमति पत्र/ शपथ पत्र/ दान पत्र/ हिब्बानामा/ रजिस्ट्री के अनुसार पंजीकृत वसीयतनामा/बिना पंजीकृत वसीयतनामा/ पंजीकृत बंटवारा नामा / बिना पंजीकृत बंटवारा नामा/ पारिवारिक पंजीकृत एवं बिना पंजीकृत पारिवारिक व्यवस्था पत्र, वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत् नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति / संस्था उपरोक्त, स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर दस्तावेजों के साथ प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/आपत्ति प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी भी प्रकार की कोई सुनवाई नहीं की जावेगी, जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

जोन कमिश्नर
जोन क्र. 10
मुहर नगर निगम, रायपुर (छ.ग.)

**कार्यालय नगर पालिक निगम रायपुर (छ.ग.)**
जोन क्रमांक-10, अमलीडीह सामुदायिक भवन पानी टंकी के पास
E-MAIL :- rmczone10@gmail.com

-: इश्तिहार / आधिपत्य हस्तांतरण की सूचना :-

नामांतरण प्र.क्र. 279/2021-2022
वार्ड का नाम-बाबू जगजीवन राम वार्ड 53

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि बाबू जगजीवन राम वार्ड 53 वार्ड स्थित भवन/भूमि **53/C-33 स.व.भाई पटेल थोक बाजार** जो कि निगम अभिलेख में **श्री/श्रीमती ललित कुमार जैन S/O लूकरण जैन** के नाम से दर्ज है, जिसको **श्री/श्रीमती भारती कुकरेजा W/O महेश कुकरेजा** ने मृत्यु प्रमाण पत्र/ सहमति पत्र/ शपथ पत्र/ दान पत्र/ हिब्बानामा/ रजिस्ट्री के अनुसार पंजीकृत वसीयतनामा/बिना पंजीकृत वसीयतनामा/ पंजीकृत बंटवारा नामा / बिना पंजीकृत बंटवारा नामा/ पारिवारिक पंजीकृत एवं बिना पंजीकृत पारिवारिक व्यवस्था पत्र, वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत् नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति / संस्था उपरोक्त, स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर दस्तावेजों के साथ प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/आपत्ति प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी भी प्रकार की कोई सुनवाई नहीं की जावेगी, जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

जोन कमिश्नर
जोन क्र. 10
मुहर नगर निगम, रायपुर (छ.ग.)

**कार्यालय नगर पालिक निगम रायपुर (छ.ग.)**
जोन क्रमांक-10, अमलीडीह सामुदायिक भवन पानी टंकी के पास
E-MAIL :- rmczone10@gmail.com

-: इश्तिहार / आधिपत्य हस्तांतरण की सूचना :-

नामांतरण प्र.क्र. 280/2021-2022
वार्ड का नाम- डॉ. राजेन्द्र प्रसाद वार्ड 52

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि डॉ. राजेन्द्र प्रसाद वार्ड 52 वार्ड स्थित भवन/भूमि वार्ड **52/गोमती विहार** जो कि निगम अभिलेख में **श्री/श्रीमती काजल रोहरा W/O संजय रोहरा** के नाम से दर्ज है, जिसको **श्री/श्रीमती सुशील कुमार सचदेव S/O दीपक कुमार सचदेव** ने मृत्यु प्रमाण पत्र/ सहमति पत्र/शपथ पत्र/ दान पत्र/ हिब्बानामा/ रजिस्ट्री के अनुसार पंजीकृत वसीयतनामा/बिना पंजीकृत वसीयतनामा/ पंजीकृत बंटवारा नामा / बिना पंजीकृत बंटवारा नामा/ पारिवारिक पंजीकृत एवं बिना पंजीकृत पारिवारिक व्यवस्था पत्र, वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत् नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति / संस्था उपरोक्त, स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर दस्तावेजों के साथ प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/आपत्ति प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी भी प्रकार की कोई सुनवाई नहीं की जावेगी, जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

जोन कमिश्नर
जोन क्र. 10
मुहर नगर निगम, रायपुर (छ.ग.)

**कार्यालय, नगर पालिक निगम रायपुर (छ.ग.)**
नगर निगम मुख्यालय, नया प्रशासनिक भवन, गांधी चौक, रायपुर (छ.ग.) फोन नंबर 0771-2535780,90 फैक्स 0771227395, ई-मेल dcrmc@rediffmail.com

-: इश्तिहार / आधिपत्य हस्तांतरण की सूचना :-

नामांतरण प्र.क्र.160/2021-22
वार्ड का नाम- चन्द्रशेखर आजाद वार्ड क्र. 60

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि, **चन्द्रशेखर आजाद वार्ड क्र.-60** स्थित भवन/भूमि क्र. **60/52/G/853 गोकुल नगर** जो कि निगम अभिलेख में श्री **लीलाराम साहू पिता श्री पदेशी राम साहू** के नाम से दर्ज है, जिसको (1) **श्रीमती यास्मीन परवीन पति मोहम्मद खलील (2) मोहम्मद खलील पिता मोहम्मद गुलाम** ने रजिस्ट्री/लिखित द्वारा वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत् नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त, स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा समयावधि पश्चात् किसी भी प्रकार की कोई सुनवाई नहीं की जावेगी।

जोन कमिश्नर
जोन क्रमांक - 6
मुहर नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

**कार्यालय, नगर पालिक निगम रायपुर (छ.ग.)**
नगर निगम मुख्यालय, नया प्रशासनिक भवन, गांधी चौक, रायपुर (छ.ग.) फोन नंबर 0771-2535780,90 फैक्स 0771227395, ई-मेल dcrmc@rediffmail.com

-: इश्तिहार / आधिपत्य हस्तांतरण की सूचना :-

नामांतरण प्र.क्र.154/2021-22
वार्ड का नाम- चन्द्रशेखर आजाद वार्ड क्र. 60

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि, **चन्द्रशेखर आजाद वार्ड क्र.-60** स्थित भवन/भूमि क्र. **60/52/B/330 चौरसिया कॉलोनी** जो कि निगम अभिलेख में **श्री लाल जीत सिंह पिता स्व. श्री खुदी सिंह** के नाम से दर्ज है, जिसको **श्रीमती गुलशन निशा पति मोहम्मद हुसैन** ने रजिस्ट्री/लिखित द्वारा वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत् नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त, स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा समयावधि पश्चात् किसी भी प्रकार की कोई सुनवाई नहीं की जावेगी।

जोन कमिश्नर
जोन क्रमांक - 6
मुहर नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

**कार्यालय, नगर पालिक निगम रायपुर (छ.ग.)**
नगर निगम मुख्यालय, नया प्रशासनिक भवन, गांधी चौक, रायपुर (छ.ग.) फोन नंबर 0771-2535780,90 फैक्स 0771227395, ई-मेल dcrmc@rediffmail.com

-: इश्तिहार / आधिपत्य हस्तांतरण की सूचना :-

नामांतरण प्र.क्र.156/2021-22
वार्ड का नाम- मोरेश्वर राव गद्रे वार्ड क्र. 59

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि, **मोरेश्वर राव गद्रे वार्ड क्र. 59** स्थित भवन/भूमि क्र. **53/59 लक्ष्मी नगर** जो कि निगम अभिलेख में **श्रीमती लक्ष्मी मूलचंदानी पति श्री विशनदास मूलचंदानी** के नाम से दर्ज है, जिसको **श्रीमती मंजू यादव पति स्व. श्री धर्मराज यादव** ने रजिस्ट्री/लिखित द्वारा वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत् नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त, स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा समयावधि पश्चात् किसी भी प्रकार की कोई सुनवाई नहीं की जावेगी।

जोन कमिश्नर
जोन क्रमांक - 6
मुहर नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

# आरोपी के पास से तीन सौ नाईट्रोटेन की गोलियां जब्त

पायनियर संवाददाता ➤ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com




जिले में बिक रही नशे की गोलियों व शराब कोचियों पर कार्यवाही के तारतम्य में नाइट्रोटेन गोली बेचने वालो व उनके स्त्रोतों पर नजर रखी जा रही थी । मुखबीर के जरिये सूचना मिली की एक ट्रक ड्रायवर महाराष्ट्र से लाकर नशे की गोलियां राजनांदगांव में खपाता है।

सूचना पर बसंतपुर थाना स्टाफ को सक्रिय किया गया व रात भर का ट्रैप लगाया गया। पुलिस द्वारा भेष बदलकर ग्राहक बनकर मुखबिर के बताए हुलिए और स्थान पर पहुंचकर नाइट्रोटेन का सौदा करने की बात आरोपी विशाल बिरहा पिता हीरालाल बिरहा (28) अछोली थाना डोंगरगढ़ से की गई आरोपी जैसे ही पुराना दुर्गा टॉकीज दुर्गा चौक के पास पहुंचा बसंतपुर थाना स्टाफ द्वारा घेराबंदी कर आरोपी को पकड़ा और उसके कब्जे से 300 नग नाइट्रोटेन नामक गोली जप्त की गई। आरोपी के विरूध्द धारा 21 बी एनडीपीएस एक्ट 1985 के तहत विधिवत जप्ती व गिरफ्तारी की कार्यवाही की गई और आरोपी को न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया। गोली स्त्रोत तथा विक्रय की जानकारी ली जा रही है विवेचना में कुछ और लोगो पर भी कार्यवाही संभव है। नाइट्रोटेन की एक गोली की कीमत 6 रूपये है जिसे 80 से 100 रूपये की कीमत पर बेचा जाने की सूचना मिली थी। वहीं दूसरे मामले में एक अन्य आरोपी जगदीश राय पिता स्व. लिखन राय उम्र 50 साल, बरसन लहरे पिता देवराम लहरे उम्र 45 साल साकिनान वार्ड नं0 44 कौरिनभाठा के कब्जे से 60 पौवा देशी प्लेन शराब 10.800 बल्क लीटर कीमती 5000 रूपये जप्त कर 34(2) आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही कर आरोपी को न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया।

# बिजेपार में मिडिल स्कूल में आहता निर्माण कार्य का भूमिपूजन संपन्न

पायनियर संवाददाता ➤ छुरिया
www.dailypioneer.com

ग्राम बिजेपार में 17 अक्टूबर को मिडिल स्कूल अहाता निर्माण कार्य का भूमि पूजन एवं रात्रि में रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम अमरईया चिरईया मुढ़मारी (महाराष्ट्र) वालों का कार्यक्रम का आयोजित हुआ। इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राजनांदगांव जिला पंचायत अध्यक्ष गीता घासी साहू थी।

अतिथियो द्वारा कार्यक्रम का शुभारंभ पूजा अर्चना कर किया गया। मिडिल स्कूल आहता निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया गया जिसके लिए कुल तीन लाख रुपए स्वीकृति है। आयोजक समिति एवं ग्रामीण जनो ने अतिथियों को पुष्पहार,बैच, तिलक लगाकर स्वागत सम्मान किया। ग्रामीणों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का भरपूरआनंद उठाया।



कार्यक्रम की अध्यक्षता रविंद्र वैष्णव भाजपा मंडल अध्यक्ष छुरिया,विशिष्ट अतिथि ललिता कंवर सभापति जिला पंचायत, घासी राम साहू महामंत्री जिला किसान मोर्चा, खिलेश्वर साहू महामंत्री मंडल भाजपा छुरिया, हेमसिंह निर्मलकर सरपंच ग्राम पंचायत झाड़ीखैरी, रमेश कश्यप पार्षद छुरिया, हितेश गुप्ता भाजपा नेता, सोनू कसेर, विश्राम पाल ग्राम पटेल, घासी राम पाल, बिहारी राम निर्मलकर, मोती राम साहू, नन्दू निर्मलकर, रामसिंग, तितराम, घासीराम, धनुष कोचे, मेहत्तर निर्मलकर, जीवन निर्मलकर, श्रीमती सुंदरी बाई, कुमन मंडावी, डंक राम धुर्वे,बेनू बाई पाल, मेहतरीन उइके,धनवतींन निर्मलकर, लता मंडावी, राधा बाई, नैन बाई, राजेश यादव, हिरउ राम, दुकलहीन,कंचन कवर, कुमारी मंडावी, निर्मल तारमे, श्याम लाल,धनेश यादव एवं ग्राम के समस्त वरिष्ठ प्रमुख कार्यकर्ता गण व ग्रामीण जन बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन दिनेश करेटी ने किया।

# छुरिया में भी भाजयुमो ने जलाया पुतला, मृतक के लिए एक करोड़ के मुआवजे की मांग

पायनियर संवाददाता ➤ छुरिया
www.dailypioneer.com



भाजपा युवा मोर्चा छुरिया मंडल द्वारा पुराना बस स्टैंड छुरिया में छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल व गृह मंत्री ताम्रध्वज साहु पुतला दहन किया गया। विदित है कि कुछ दिनों पहले पत्थलगांव में कुछ तस्करों ने दुर्गा माता के विसर्जन में सम्मिलित श्रद्धालुओं के जत्थे को गाड़ी से कुचल दिया था। इसके विरोध में युवा मोर्चा छुरिया के टीम ने छत्तीसगढ़ सरकार का विरोध प्रदर्शन कर पुतला दहन किया।

युवा मोर्चा के टीम ने कांग्रेस सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि सरकार के सह में सभी तस्कर बेझिझक तस्करी में लगे हुए हैं। विरोध प्रदर्शन करते हुए युवा मोर्चा के टीम ने छत्तीसगढ़ सरकार से पत्थलगांव केस पर मृतकों के लिए 1 करोड़ एवं घायलों के लिए 50 लाख रूपए राशि की मांग की है।

इस अवसर पर भाजपा मंडल अध्यक्ष रविन्द्र वैष्णव, खिलेश्वर साहू, अजय पटेल,शेखर भारद्वाज नीरज यादव, मनभावन उइके,पद्मभूषण साहू,मया राम साहू, मनीष जैन चुरामन साहू सलमान खान, मनोज साहू, शेयर भरतद्वज, सोनू कसेर, खिलेंद्र साहू, टीकम साहू, भूषण ठाकुर, रमेश कश्यप, नितीश सिन्हा, सुनील पांडे खिलेन्द्र साहू, टीकम साहु,धर्मेंद्र साहू, अशोक सेन, कुशकुमार,खिलेश, ललित साहू, सोहन साहू, यादों दास वैष्णव, समेत समस्त भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# घोरतालाब के पास चना से भरी ट्रक पलटी

■ सड़क हुई जाम हाईवे को किया गया वन वे

पायनियर संवाददाता ➤ छुरिया
www.dailypioneer.com



घोरतालाब के पास चना लेकर आ रही भारी वाहन सड़क के बीचों बीच में पलट गई। हादसे में चालक परिचालक को मामूली चोट आई है। मिली जानकारी अनुसार बागनदी थाना क्षेत्र में मध्यप्रदेश से चना लेकर रायपुर जा रही ट्रक (एमपी 48 एच 1268) घोरतालाब ओवर ब्रिज के ऊपर पलट गया।

ग्रामीणों ने बताया कि दोपहर तीन बजे ट्रक चालक ने वाहन से नियंत्रण खो दिया और अनियंत्रित होकर ट्रक सड़क के बीचो-बीच पलट गई। ट्रक की स्पीड ज्यादा होने से काफी दूर तक ट्रक घसीटते हुए गया।

जिससे उसमें भरे चने की बोरी सड़क पर बिखर गई। ट्रक पलट जाने की सूचना मिलते ही डायल 112 और हाइवे पेट्रोलिंग वाहन मौके पर पहुंची और कर्मचारियों ने ट्रक चालक अरुण परवड़े पिता हरिदास परवड़े (28) निवासी मुलताई जिला बैतूल और परिचालक इंद्रेश (29) को उपचार के लिए छुरिया सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया बताया जा रहा है परिचालक के पैर में गंभीर चोट लगी है।

# कलेक्टर ने जिले में कोविड-19 के दृष्टिगत ईद-ए-मिलाद त्यौहार के संबंध में आवश्यक आदेश जारी किए

■ ईद मिलादुन्नबी त्यौहार के दौरान किसी भी प्रकार का जुलूस, रैली, प्रभात फेरी या बाईक रैली निकालने की अनुमति नहीं होगी

पायनियर संवाददाता ➤ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी तारन प्रकाश सिन्हा ने मुख्य कार्यपालन अधिकारी छत्तीसगढ़ राज्य वक्फ बोर्ड के पत्र को दृष्टिगत रखते हुए एवं जिले में कोविड-19 प्रसार की संभावना को रोकने के लिए ईद-ए-मिलाद (मिलाद-उन-नबी) त्यौहार के संबंध में आवश्यक आदेश जारी किया है। आदेश में कहा गया है कि ईद मिलादुन्नबी त्यौहार के दौरान किसी भी प्रकार का जुलूस, रैली, प्रभात फेरी या बाईक रैली निकालने की अनुमति नहीं होगी।



मस्जिदों में तकरीर, परचम कुसाई की अनुमति होगी। कार्यक्रम का आयोजन ऐसे स्थान पर किया जाए जिससे सार्वजनिक निस्तार बाधित न हो। ईद मिलादुन्नबी त्यौहार के दौरान किसी भी प्रकार के सांस्कृतिक कार्यक्रम (जलसा) के आयोजन की अनुमति नहीं होगी। ईद मिलादुन्नबी त्यौहार की समस्त कार्रवाई प्रातः 10 बजे तक संपन्न कर ली जाए। शासकीय सम्पति जैसे बिजली का खम्भा, कार्यालय आदि तथा रोड क्रास करते हुए झण्डा, तोरण लगाने की अनुमति नहीं होगी।

ईद मिलादुन्नबी त्यौहार में सम्मिलित होने वाले समस्त व्यक्तियों को मास्क पहनना, समय-समय पर हैण्ड सेनिटाईजर का उपयोग करना, फिजिकल डिस्टेंसिंग तथा सोशल डिस्टेंसिंग अर्थात् व्यक्तियों के मध्यम कम से कम दो मीटर या 6 फिट की दूरी रखना अनिवार्य होगा। ईद मिलादुन्नबी त्यौहार में सम्मिलित होने वाले समस्त व्यक्तियों को भारत सरकार, राज्य शासन तथा जिला प्रशासन द्वारा कोरोना वायरस के नियंत्रण एवं रोकथाम हेतु जारी समस्त निर्देशों का पालन किया जाना होगा। आयोजन के दौरान यातायात नियमों का पालन किया जाए। किसी प्रकार का यातायात बाधित न हो यह सुनिश्चित किया जाये।

ईद मिलादुन्नबी त्यौहार के दौरान किसी भी प्रकार के अस्त्र-शस्त्र का प्रयोग प्रतिबंधित रहेंगे। ईद मिलादुन्नबी त्यौहार के दौरान ध्वनि विस्तारक यंत्रों का उपयोग माननीय सर्वोच्च न्यायालय के द्वारा जारी मार्गदर्शी निर्देश के अनुरूप किया जाए। आदेश का उल्लंघन करने पर एपीडेमिक डिसीज एक्ट, आपदा प्रबंधन अधिनियम एवं विधि अनुकूल अन्य धाराओं के तहत कार्रवाई की जाएगी।

# राजीव गांधी पंचायती संगठन की बैठक आज

■ छग प्रभारी लेंगे पंचायतीराज संगठन की बैठक

पायनियर संवाददाता ➤ डोंगरगांव नगर
www.dailypioneer.com

राजीव गांधी पंचायतीराज संगठन की जिला स्तरीय बैठक आज 19 अक्टूबर मंगलवार को दोपहर 1 बजे से आहुत की गई है। उक्त बैठक सतनाम भवन जीईरोड राजनांदगांव में आयोजित है। बैठक में छगप्रभारी पंचायतीराज संगठन राजकुमार किराड़ू सम्मिलित होंगे। बैठक दरम्यान त्रिस्तरीय पंचायतीराज व नगरी निकाय स्तर पर संगठन को सशक्त करने हेतु विस्तृत चर्चा की जावेगी। इस संदर्भ में



संभागीय समन्वयक क्रांति बंजारे ने बताया कि राजीव गांधी पंचायतीराज संगठन के राष्ट्रीय महासचिव व छगप्रभारी राजकुमार किराड़ू, छग प्रदेश कांग्रेस कमेटी की महामंत्री एवं पंचायती राज संगठन की संभागीय समन्वयक सुश्री सुमित्रा धृतलहरे, महापौर हेमा देशमुख, अध्यक्ष जिला कांग्रेस कमेटी पदम सिंह कोठारी ग्रामीण एवं शहर अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा सहित प्रदेश व जिला के वरिष्ठ नेतागण उपस्थित रहेंगे।

त्रिस्तरीय पंचायती राज अंतर्गत जिला पंचायत सदस्य, जनपद पंचायत सदस्य, पंचायत पदाधिकारी सरपंच, उपसरपंच, पंच सहित जिला कांग्रेस, ब्लाक कांग्रेस, महिला कांग्रेस, किसान कांग्रेस, यूथ कांग्रेस, सहित कांग्रेस के वरिष्ठजन सभी मोर्चा,प्रकोष्ठ के पदाधिकारीगण सहित पंचायती राज संगठन से जुड़े सभी पदाधिकारी व कार्यकताओं से उपस्थिति की अपील की गई है।

## पार्टी की सदस्यता ग्रहण करने वालों का गमछा पहनाकर किया स्वागत

# विकास कार्यों के प्रति मंत्री अकबर की ललक से प्रभावित होकर ग्रामीणों ने किया कांग्रेस प्रवेश

पायनियर संवाददाता ➤ कवर्धा
www.dailypioneer.com



मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ ने विकास की दौड़ में नया आयाम गड़ा हैं। प्रदेश के सभी जिलों में विकास के कार्यों की योजना बनाकर इसकी सतत मानिटरिंग की जा रही है। सरकार के कार्यों से प्रभावित होकर प्रदेशवासी कांग्रेस से जुड़ रहे है। कबीरधाम जिले में नागरिकों के कांग्रेस प्रवेश का दौर जारी है। जिले में कांग्रेस कार्यकर्ताओं की संख्या लगातार बढ़ती ही जा रही है। 18 अक्टूबर को कवर्धा व सहसपुर लोहारा विकासखंड के कई ग्रामों के निवासियों ने कैबिनेट मंत्री मोहम्मद अकबर के समक्ष कांग्रेस प्रवेश किया। मंत्री अकबर ने कांग्रेस प्रवेश करने वाले नागरिकों का परंपरा अनुसार गमछा पहनाकर कांग्रेस परिवार में स्वागत किया व उन्हें बधाई दी। उन्होंने कहा कि यथा संभव अधिकाधिक विकास कार्य कराए जाएंगे। कांग्रेस परिवार में आप सभी को मान सम्मान मिलेगा। कांग्रेस पार्टी सभी को साथ लेकर चलती है।

कांग्रेस प्रवेश करने वाले ग्रामीणों ने विकास कार्यों को लेकर मंत्री मोहम्मद अकबर की मुक्त कंठ से प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि विकास कार्यों के प्रति मोहम्मद अकबर की जो ललक है, उससे वे प्रभावित होकर कांग्रेस प्रवेश कर रहे है। अकबर ने कवर्धा विधानसभा सहित जिला कबीरधाम के ग्रामों में विकास कार्यों का जाल बिछा दिया है। यहॉ के निवासियों की सभी समस्याओं का मंत्री अकबर त्वरित गति से निदान करते है। मंत्री अकबर के सहज व सरल व्यवहार की प्रशंसा चारों ओर होती है। कांग्रेस परिवार से जुड़कर ग्रामीण जन गर्व महसूस कर रहे है। कांग्रेस की रीति-नीति सबका विकास करने की है।

मंत्री मोहम्मद अकबर के समक्ष उनके शंकर नगर स्थित शासकीय निवास/कार्यालय में कांग्रेस प्रवेश करने वालों में ग्राम सोहागपुर से मन्नू राम पटेल, बंशी पटेल, धरमू पटेल, सुदर्शन पटेल, मनराखन पटेल, मनहरण पटेल, आजू पटेल, नेतराम पटेल, रामू मरकाम, मेघनाथ पटेल, शेरसिंह, कैलाश पटेल, बसंत पटेल, मानक पटेल, परषोत्तम यादव, कमलेश पटेल, विष्णु मेरावी, मालिक राम पटेल, परस पटेल, परषोत्तम पटेल, जगराशन पटेल, धनेश पटेल, मोहित, नेमुक पटेल पिता अमरू, शिवलाल पटेल, भावलाल पटेल, नेमुक पटेल पिता भोला पटेल, दुकलहा पटेल, सतेन्द्र पटेल एवं ग्राम महराटोला से प्रीतम पटेल, अशोक पटेल, गणेश पटेल, रोहित पटेल, शत्रुहन गंधर्व, लाला कौशिक, इतवारी पटेल ग्राम लासाटोला से लकेश्वर कौशिक, गुमान मरकाम, विजय ध्रुर्वे, गौकरण, बलीराम धुर्वे तथा ग्राम बदराडीह से ओंकार पटेल, गोवर्धन पटेल, बुधारी पटेल, भागी ध्रुर्वे, लक्ष्मण, सुखनंदन, साहेब लाल, होली राम, रामाधार, हेमकुमार, मनराखन, बहल, शिवकुमार, बलवंत ध्रुर्वे, सरजू पटेल, तीज राम पटेल, विश्वनाथ पटेल, दशराथ पटेल, मन्नू राम गोड़ ग्राम बम्हनी से पूरन कौशिक एवं लोमश शामिल थे। इस अवसर पर प्रमुख रूप से रामफल कौशिक, घनाराम कौशिक एवं पीला राम कौशिक उपस्थित थे।

### 1971 के शूरवीरों के सम्मान में आयोजित हुआ कार्यक्रम, अमर जवान चौक पर ली गयी नागरिक शपथ

# विजय मशाल का शहर में भव्य स्वागत





पायनियर संवाददाता ◂ बिलासपुर।
www.dailypioneer.com

भारतीय सेना के साथ पूरा देश 1971 के युद्ध में भारत की विजय की स्वर्णिम 50 वीं वर्षगांठ मना रहा है। इस अवसर पर आयोजित स्वर्णिम विजय मशाल का भव्य स्वागत रायपुर रोड स्थित भोजपुरी टोल प्लाजा पर हुआ। सवेरे 10 बजे जब विजय मशाल का युद्ध स्मारक अमर जवान चौक (सीएमडी चौक) में सैनिकों के साथ प्रवेश हुआ तो उपस्थित जनसमुदाय रोमांचित हो उठा सभी ने अपने स्थान पर खड़े होकर मशाल को सेल्यूट किया। मशाल टीम उमंग और पूरे जोश के साथ विजय रूपी मशाल का संचालन कर रही थी। यहां आयोजित कार्यक्रम में नेता प्रतिपक्ष श्री धरमलाल कौशिक, बिलासपुर लोकसभा सांसद श्री अरूण साव, महापौर श्री रामशरण यादव, बेलतरा विधायक श्री रजनीश सिंह, लोरमी विधायक श्री धरमजीत सिंह, पर्यटन मंडल के अध्यक्ष श्री अटल श्रीवास्तव, कलेक्टर डॉ सारांश मित्तर, एडीएम श्रीमती जयश्री जैन, सिपाही संगठन के अध्यक्ष श्री प्रताप सिंह राणा, लेफ्टिनेंट कर्नल मारवीन रीन्झा, पूर्व मंत्री श्री अमर अग्रवाल सहित अन्य गणमान्य नागरिकों एवं सैन्य संगठनों के प्रमुख ने मशाल पर पुष्प चक्र अर्पित कर सम्मान किया। इस दौरान कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगों ने संविधान की अक्षुण्णता की शपथ ली। इसके पश्चात मशाल को सलामी भारतीय सेना, आरपीएफ, सीआरपीएफ, पुलिस एवं एनसीसी द्वारा दी गयी।

# सत्ता के संरक्षण में हो रही है गांजा और मादक पदार्थों की तस्करी : सवन्नी

- भाजपा नेताओं ने लगाए आरोप
- कवर्धा और पत्थलगांव घटना की जांच हो




**बिलासपुर।** प्रदेश भाजपा महामंत्री भूपेंद्र सवन्नी और भाजपा विधायक रजनीश सिंह ने आरोप लगाया है कि प्रदेश में गांजा समेत तमाम नशीले पदार्थों की तस्करी प्रदेश सरकार के संरक्षण में हो रहा है और इसके लिए कांग्रेस जिम्मेदार है। पूरे प्रदेश में प्रशासनिक कार्य ठप पड़े हुए हैं और कांग्रेस के नेता सरकार बचाने में लगे हुए हैं। छत्तीसगढ़ में गांजे की तस्करी लगातार बढ़ रही है साथ ही कानून व्यवस्था की स्थिति भी गंभीर होते जा रहे हैं। सरकार कवर्धा और पत्थलगांव घटना की न्यायिक जांच कराएं। भाजपा कार्यालय में पत्रकारों से बातचीत करते हुए श्री सवन्नी और श्री सिंह ने कहा कि शांत छत्तीसगढ़ अब शांति का टापू नहीं रहा बल्कि छत्तीसगढ़ उड़ता छत्तीसगढ़ और जलता छत्तीसगढ़ के रूप में तब्दील हो रहा है।

सरकार की पहचान रेत, शराब और गांजा माफिया के नाम से जाना जाने लगा है। सरकार अपनी कुर्सी बचाने में लगी हुई है। पूरे प्रदेश में अस्थिरता का वातावरण है। प्रदेश में गांजा तस्करी के जितने भी मामले आ रहे हैं उस में सत्ताधारी दल के लोग शामिल है और उनका संरक्षण भी है। उन्होंने कहा कि कवर्धा की घटना शर्मसार कर देने वाली है उसकी न्यायिक जांच होनी चाहिए ताकि अपराधियों का खुलासा हो सके। पूरे प्रदेश में तस्करों और अपराधियों के हौसले बुलंद है और सरकार के संरक्षण में सब काम हो रहा है।मुख्यमंत्री ने अपने प्रदेश की चिंता कभी नहीं की। पत्थलगांव में इतनी बड़ी घटना होने के बाद भी सरकार का कोई भी प्रतिनिधि वहां नहीं गया। गांजे की तस्करी में कांग्रेस के लोग और उनके रिश्तेदार पकड़ा रहे हैं ।

# कंपनी गार्डन से लगे चश्मा दुकान से 1 लाख 84 हजार की चोरी

पायनियर संवाददाता ◂ बिलासपुर
www.dailypioneer.com



कंपनी गार्डन के साथ लगे सोम चश्मा घर में हुई चोरी में चोर एक लाख 84 हार रुपये नकद चुरा ले गए। कंपनी गार्डन के साथ जहां पहले इंडियन कॉफी हाउस संचालित होता था, वहीं नीचे सोम चश्माघर और ऊपर तड़का रेस्टोरेंट का संचालन कासिम पारा सोम गली निवासी शांतनु सोम द्वारा किया जाता है।

पिछले कुछ दिनों पहले यहां बंगाली रेस्टोरेंट आरंभ किया गया है। बताया जा रहा है कि रविवार की रात रेस्टोरेंट्स का कांच तोड़कर चोर पहले रेस्टोरेंट में घुसे और वहां के गल्ले की तलाशी ली। लेकिन चोर के हाथ कुछ नहीं लगा। जिसके बाद चोर रेस्टोरेंट्स से होते हुए नीचे सोम चश्मा दुकान पहुंचे। दुकान में प्रवेश करने के लिए एक और कांच को उसने तोड़ा। चश्मा दुकान के गल्ले में मौजूद 1 लाख 84000 रुपये लेकर चोर चलता बना। हालांकि इस दौरान वह यहां लगे सीसीटीवी में भी कैद हो गया है। हैरानी इस बात की है कि चश्मा दुकान में संचालक द्वारा इतनी भारी रकम गल्ले में रखी गई थी।

## दूसरे के झगड़े में युवक की घेरकर पिटाई

**बिलासपुर।** दूसरे से हुए झगड़े के बाद युवकों ने बाइक सवार को रोककर पिटाई कर दी। मारपीट के बीच बाइक सवार भागकर मंदिर में छुप गया। पूरे दिन और रातभर मंदिर में रहने के बाद दूसरे दिन रिश्तेदार उसे खोजते हुए पहुंचे। इसके बाद युवक ने मंदिर से निकलकर उन्हें घटना के संबंध में बताया। पी?ित ने घटना की शिकायत बिल्हा थाने में की है। इस पर पुलिस जुर्म दर्ज कर आरोपित युवकों की तलाश कर रही है। बिल्हा क्षेत्र के कुरेली निवासी कृष्णा मनहर रोजी मजूदरी करते हैं। शनिवार की सुबह वे किसी काम से बरतोरी आए थे। यहां से वे अपने साथी नरेश के साथ उनकी मोटरसाइकिल से अपने गांव वापस जा रहे थे। बरतोरी कुरेली के बीच तालाब के पीछे नहर के पास बेलटुकरी में रहने वाले मनी गोड़, दिलीप, भाटिया और उसके साथियों ने उन्हें रोक लिया।

# बेहतर उत्पादन के लिए जैविक उर्वरक अपनाएं

पायनियर संवाददाता ◂ बिलासपुर
www.dailypioneer.com



दानीकुंडी में मरवाही वन परिक्षेत्र एवं वन मंडल मरवाही छत्तीसगढ़ के अलग-अलग गांव में भारतीय वानिकी अनुसंधान एवं शिक्षा परिषद देहरादून के सौजन्य से विश्व बैंक द्वारा वित्त पोषित परितंत्र सेवाएं सुधार परियोजना के तहत शतक भूमि एवं परितंत्र प्रबंधन की सर्वोत्तम प्रणालियों के उन्नयन एवं पर्यावरण व सामाजिक सुरक्षा पर एक दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया। इसमें केंचुआ खाद पोषक तत्वों से भरपूर जैविक उर्वरक के बारे में बताया गया। इसमें पूर्व सह वन संरक्षक सुरेंद्र यादव ने कहा कि बेहतर उत्पादन के लिए जैविक उर्वरक अपनाएं। भारतीय वानिकी अनुसंधान एवं शिक्षा परिषद देहरादून से आए परामर्शदाता राघवेंद्र बिसेन द्वारा प्रशिक्षण में उपस्थित ग्रामीणों को पारिस्थितिकीय तंत्र सेवा सुधार परियोजना बाड़ी वृक्ष आधारित खेती की प्रणाली जीवामृत ,पौधों की स्वास्थ्य वर्धक औषधि ,दशपर्णी अर्क हसत का रक्षक एवं अन्य मूल्य पर्यावरण से संबंधित जानकारी प्रदान की गई। तथा इस अवसर पर ग्रामीणों को विषय की साहित्य सामग्री वितरण किया गया। प्रशिक्षण में बंशीताल के सरपंच चैन सिंह सरौता, जनपद सदस्य रोत्तम सिंह श्याम के साथ वाटर संस्था के प्रतिनिधि लोचन दास, संकल्प दुबे एवं पार्थ राठौर ग्रामीण सहयोगी खेमचंद सुमेर उपस्थित रहे। इसमें मडई से 65 हितग्राहियों ने एवं रूमगा से 79 हितग्राहियों ने पत्थर्री से 57 हितग्राहियों ने कोलबिर्रा से 64 हितग्राहियों ने मटियाडांड़ से 60 हितग्राहियों ने नाका से 65 हितग्राहियों ने बंशीताल से 65 हितग्राहियों ने प्रशिक्षण प्राप्त किया।

# कोरोना काल के इस दौर में हम सबको मिलकर कार्य करने होंगे

पायनियर संवाददाता ◂ बिलासपुर
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट में नए चीफ जस्टिस के तौर पर अरूप कुमार गोस्वामी ने आज कमान संभाली है. उनके स्वागत में चीफ जस्टिस कोर्ट में ओवेशन का कार्यक्रम रखा गया, जिसमें हाईकोर्ट के सभी जस्टिस और लॉ ऑफिसर, एडवोकेट जनरल, वकील, बार एसोसिएशन के पदाधिकारी मौजूद रहे। जस्टिस और लॉ ऑफिसरओवेशन के दौरान हाईकोर्ट के सभी जस्टिश मौजूद रहे वहीं, हाईकोर्ट के नए चीफ जस्टिस के सम्मान में रखे गए ओवेशन कार्यक्रम में चीफ जस्टिस अरूप कुमार गोस्वामी ने पदभार संभाल लिया. ओवेशन के दौरान हाईकोर्ट के सभी जस्टिस मौजूद रहे और सभी ने उनके अभी तक के कार्यकाल के विषय में बताया कि वे कब तक, कहा- कहा रहे है और किस तरह उन्होंने अपने फैसलों में कानून को सबसे ऊपर बताते हुए उचित फैसला सुनाया है.कोरोना वैक्सीन की कमी की याचिका को हाईकोर्ट ने माना औचित्यहीन, याचिका निराकृत की साधारण तरीके से ओवेशन का कार्यक्रम रखा गया। बताया जा रहा है कि काफी साधारण तरीके से ओवेशन का कार्यक्रम रखा गया था, जिसमे हाईकोर्ट के जज ने उनकी जीवनी पड़ी। साथ ही उनके किये फैसलों की तारीफ भी की. इस बीच एडवोकेट जनरल सतीशचंद्र वर्मा ने भी अपना वक्तव्य दिया। नवनियुक्त चीफ जस्टिस ने जताया सबका आभारवहीं, ओवेशन में नवनियुक्त चीफ जस्टिस ने कहा कि मैंने सुना था छत्तीसगढ़ के लोग बहुत ही आत्मीयता से मिलते और स्वागत करते हैं।

# वक्फ बोर्ड के आदेश के खिलाफ उसकी देन कमेटी ने दायर की याचिका

पायनियर संवाददाता ◂ बिलासपुर
www.dailypioneer.com

वक्फ बोर्ड के आदेश को आधार बनाकर जिला प्रशासन द्वारा ईद मिलादुन्नबी का जुलूस निकालने पर बंदिश के खिलाफ उसकी देन कमेटी ने हाईकोर्ट में याचिका दायर की है। संभव है आज देर शाम तक ईद मिलादुन्नबी के जुलूस के सम्बंध में आदेश मिलने को लेकर आश्वस्त उसकी देन कमेटी के सदस्य हाईकोर्ट में डटे हुए है। समाचार लिखे जाने तक कोर्ट का निर्णय नहीं आया था। बीते 40 साल से शहर के मुसलमानों को लीड करने वाली उसकी देन कमेटी के सदर गय्यूर हुसैन ने कहा कि बीते सप्ताह जिला प्रशासन की मनाही के बाद वक्फ बोर्ड के आदेश को चुनौती देने हाईकोर्ट जाने की तैयारी कर ली गई थी। दशहरा वेकेशन के चलते छुट्टी होने से हाईकोर्ट में याचिका दाखिल नही हो पाई थी। सोमवार से खुले हाईकोर्ट में अर्जेंट हियरिंग याचिका लगाई गई है जिसका निष्कर्ष देर शाम तक हो जाना है। सदर गय्यूर हुसैन ने बताया कि वक्फ संपत्ति की निगरानी व आय व्यय का लेखा जोखा रखने वाली वक्फ बोर्ड द्वारा ईद मिलादुन्नबी के जुलूस को लेकर राज्य भर के जिला कलेक्टरों को भेजे गए। ईद मिलादुन्नबी का जुलूस व मुस्लिम समुदाय से जुड़े अन्य क्रियाकलाप वक्फ बोर्ड के अधिकार क्षेत्र से बाहर है। मुस्लिमो के सबसे बड़े त्यौहार के सम्बंध में वक्फ बोर्ड द्वारा जारी आदेश का हर मुसलमान पुरजोर विरोध करता है। राज्यभर की बड़ी मुस्लिम कमेटियों ने एकराय होकर हाईकोर्ट में वक्फ बोर्ड के आदेश को चुनौती दी गई है। छग के अलावा देश के सभी राज्यो में ईद मिलादुन्नबी का जुलूस पूरे उत्साह के साथ निकाला जा रहा है।

## बिजनेस

# अमेज़न इंडिया ने अपने फुलफिलमेंट एवं डिलीवरी नेटवर्क को मजबूत किया

**बिलासपुर।** फेस्टिव सीजन से पहले अमेज़न इंडिया ने देश भर में अपने ऑपरेशन नेटवर्क का विस्तार करने में भारी निवेश किया है, ताकि उपभोक्ताओं को शॉपिंग का लगातार, तेज और विश्वसनीय अनुभवकराया जा सके।

इस कोशिश में, कंपनी ने पिछले कुछ महीनों में फुलफिलमेंट सेंटर्स, डिलिवरी स्टेंशन और नए सेंटर्स का इंफ्रास्ट्रक्चर मजबूत किया है और अपने ऑपरेशन नेटवर्क के आसपास 110,000 से ज्यादा मौसमी रोजगार के अवसर उत्पन्न किए। यह नई मौसमी स्थितियां कंपनी की फुलफिलमेंट और डिलिवरी क्षमता को मजबूत करने में मदद करेगी। इससे कंपनी फ स्टिव सीजन में उपभोक्ता की बढ़ती हुई मांग को पूरा करने में सक्षम होगी। कंपनी ने उल्लेखनीय रूप से अपने फुलफिलमेंट नेटवर्क का विस्तार किया अमेज़न इंडिया ने इस साल भारत में अपने फुलफिलमेंट नेटवर्क का विस्तार किया। कंपनी ने 15 राज्यों के 60 से ज्यादा फुलफिलमेंट सेंटर में अपने भंडारण की क्षमता में 40 फीसदी की बढ़ोतरी की। कंपनी ने विक्रेताओं को 43मिलियन क्यूबिक फीट जगह ऑफर की। इसके अलावा कंपनी ने गुड़गांव, पटना, अहदाबाद, कोयंबटूर, लखनऊ और हैदराबाद में लार्ज अप्लायंसेज और फर्नीचर की श्रेणियों के लिए नए एक्सक्लूसिव फुलमिलमेंट सेंटर लॉन्च किए।

पिछले साल के मुकाबले इस वर्ष कंपनी के एक्सक्लूसिव नेटवर्क की क्षमता दोगुनी हो गई। कंपनी ने 15,500 पिनकोड पर तेजी से डिलिवरी पहुंचाना सुनिश्चित किया। इससे 80 फीसदी उपभोक्ता अगले दिन या 2 दिन में डिलिवरी प्राप्त करने में सक्षम हो सके। कंपनी भारत के 220 से ज्यादा शहरों में बड़े अप्लायंसेज में ग्राहकों को उनकी ओर से तय किए समय पर डिलिवरी और इंस्टॉमलेशन ऑफर कर रही है। 96 फीसदी से ज्यादा उपभोक्ताओं ने इस सर्विस को अपनाया है। इसके अलावा उपभोक्ता 370 शहरों में लार्ज एप्लायंसेज के लिए इंस्टॉओलेशन सर्विस का लाभ उठा सकते हैं। फर्नीचर के लिए 200 शहरों में उपभोक्ता यह सुविधा हासिल कर सकते हैं। कंपनी ने यूनिफाइड इंस्टॉलेशन और डिलिवरी सर्विस भी लॉन्च की है। यह मार्केट में अपनी तरह की पहली पहल है, जो उपभोक्ताओं को बिना किसी खर्च के परेशानी मुक्त डिलिवरी और इंस्टॉलेशन सर्विस का अनुभव प्रदान करती है।

## 20.5 KM/ L के माइलेज के साथ रेनो काइगर इस सेगमेंट में सबसे बेहतर वाहन बन गया है

**नई दिल्ली।** रेनो भारत में अपने कारोबार के संचालन की 10वीं वर्षगांठ मना रहा है, और कंपनी ने आज चार मीटर से कम की श्रेणी में अपनी नई कॉम्पैक्ट स्ड्ड, काइगर द्वारा हासिल की गई एक खास उपलब्धि की घोषणा की। रेनो काइगर में विश्व-स्तरीय टर्बोचार्ज्ड 1.0रु पेट्रोल इंजन लगाया गया है, जो बेमिसाल प्रदर्शन और स्पोर्टी ड्राइव का अनुभव प्रदान करता है। साथ ही, ARAI टेस्टिंग सर्टिफिकेशन के अनुसार 20.5 चरुरु की माइलेज के साथ यह कार इस सेगमेंट में ईंधन की बचत करने में भी सबसे आगे है।

रेनो काइगर में तीन-सिलेंडर टर्बोचार्ज्ड 1.0रु पेट्रोल इंजन लगाया गया है, जिससे 100 Ps का पावर आउटपुट और 160Nm का टॉर्क (5 स्पीड मैनुअलः 2800-3600 rpm के बीच उपलब्ध) उत्पन्न होता है। मजबूती और लंबे जीवन की कसौटी पर भी इंजन का परीक्षण किया गया है, और यूरोप में क्लियो (Clio) तथा कैप्चर (Captur) की तरह ही इस वाहन को भी नई टेक्नोलॉजी से सुसज्जित किया गया है। रेनो काइगर 5.64 लाख रुपये की शुरुआती कीमत पर इंजन के दो विकल्पों, यानी 1.0 L एनर्जी और 1.0रु टर्बो में उपलब्ध है। मल्टी-सेंस ड्राइव मोड के साथ-साथ यह वाहन 2 पेडल AMT और CVT से सुसज्जित है, और इसके 3 मोड (इको, नॉर्मल और स्पोर्ट) ईंधन की बचत के साथ-साथ बेमिसाल प्रदर्शन को सुनिश्चित करते हैं। ग्राहक पांच ट्रिम्स – RXE, RXL, RXT, RXT (O) एवं RXZ में से अपनी पसंद की कार चुन सकते हैं। प्रत्येक वर्जन को इस सेगमेंट में ग्राहकों की उम्मीदों और जरूरतों को ध्यान में रखते हुए बनाया गया है, और सभी ट्रिम्स की कीमतें आकर्षक रूप से तय की गई हैं। ग्राहकों को हर स्तर पर बेजोड़ फायदा मिलेगा, साथ ही अधिक कीमत वाले वेरिएंट में ग्राहकों के पास स्टाइलिश ड्यूल टोन कॉम्बिनेशन चुनने का विकल्प भी मौजूद है।

## मोटोरोला ने रु 9, 499 में लॉन्च किया अपना नया मोटो ई 40

**रायपुर।** मोटोरोला ने अपने लेटेस्टई सीरीज डिवाइस, मोटो ई 40 को लॉन्च करने की घोषणा की। अपने किफायती सेगमेंट में उपभोक्ताओं को अधिकतम वैल्यू देने के उद्देश्य से, मोटो ई 40 सेगमेंट में लीडिंग 90 इसके बड़े 6.5 आईपीएस एलसीडी, एचडी. डिस्प्लेपर एक डिफ्रे शियेटेड पंच होल डिज़ाइन के साथ आता है जो कि उपभोक्ताओं के लिए एक नए लेवल पर इम सिंव मनोरंजन कोसा थलाताहै। इसके अलावा, इसके 48 एमपी ट्रिपल कैमरा सिस्ट मकोकिसी भी मोमेंट, किसी भी प्रकाश और किसी भी कोण के लिए बनाया गया है। क्वाडपिक्सेलतकनीक के साथ 48 एमपीसेंसर 4X बेहतर कम रोशनी सेंसिटिविटी के साथ आपको किसी भी रोशनी में तेज, अधिक वाइब्रेंट फोटोज देता है । बैकग्राउंड को धुंधला करने के लिए डेप्थ सेंसर मुख्य कैमरे के साथ प्रोफेशनल दिखने वाले पोर्ट्रेट के रूप में काम करता है। इसका डेडिकेटेड मैक्रोविज़न कैमरा आपको आपके विषय के 4X करीब लाता है, जिससे आप छोटी से छोटी डिटेल्स को भी देख पाते हैं जो कि आप एक स्टैंडर्डलेंस का उपयोग करने में चूक जाते हैं। इसमें 5000 एमएएच की विशाल बैटरी है जो कि एक बार चार्ज करने पर 40 घंटे 2 तक चलती है साथ ही एक कस्टम निर्मित, 700 ऑक्टा-कोर चिपसेट है जो अपने ही सेगमेंट में असाधारण प्रदर्शन करता है।

# एलआईसी म्यूचुअल फंड एलआईसी एमएफ बैलेंस्ड एडवांटेज फंड करेगा लॉन्च

**रायपुर।** एलआईसी म्यूचुअल फंड ने आज एलआईसी एमएफ बैलेंस्ड एडवांटेज फंड (एलआईसीएमएफ बीएएफ), एक ओपन-एंडेड डायनेमिक एसेट एलोकेशन फंड लॉन्च करने की घोषणा की, जो मूल्यांकन और कमाई ड्राइवर्स जैसे कई मापदंडों का उपयोग करके इक्विटी और डेब्ट/ऋण और मनी मार्केट इंस्ट्रूमेंट्स में निवेश करेगा। एलआईसी एमएफ बैलेंस्ड एडवांटेज फंड के लिए निवेश रणनीति, अनिवार्य रूप से एक हाइब्रिड योजना, मूल्य संचालित गणितीय मॉडल द्वारा विशिष्ट रूप से संचालित होगी। एलआईसी एमएफबीएएफमें नए फंड ऑफर के लिए इस मॉडल-आधारित अद्वितीय निवेश दृष्टिकोण की व्याख्या करते हुए, एलआईसी म्यूचुअल फंड एसेट मैनेजमेंट लिमिटेड के सीईओ श्री दिनेश पांगटे ने कहा कि बॉन्ड प्रतिफल, एक तरह से, इक्विटी में निवेश की अवसर लागत और जोखिम उठाने की क्षमता का प्रतिनिधित्व करते हैं। फंडामेंटल ड्रिवेन मैथमैटिकल मॉडल पर आधारित एलआईसी एमएफमें हम एलआईसीएमएफबीएएफमें इक्विटी और डेब्ट/ऋण के बीच इस इनवर्स रिलेशन का उपयोग इक्विटी से डेब्ट में स्विच करने के लिए करेंगे । एलआईसीएमएफ बीएएफ मॉडल योजना के लिए इष्टतम परिसंपत्ति आवंटन स्तर निर्धारित करने के लिए इस संबंध का सटीक रूप से उपयोग करेगा। इष्टतम परिसंपत्ति आवंटन स्तर पर पहुंचने के लिए मॉडल ब्याज दरों, एक वर्षके आगे के मूल्य का आय अनुपात और आय प्रतिफल का उपयोग करता है। मॉडल स्वचालित रूप से इक्विटी और ऋण के बीच परिसंपत्ति आवंटन पर पहुंच जाता है, क्योंकि अंतर्निहित बुनियादी बातों में परिवर्तन होता है। हालांकि, इक्विटी और डेब्ट/ ऋण पोर्टफोलियो का प्रबंधन अनुभवी फंड मैनेजरों द्वारा सक्रिय रूप से किया जाएगा, श्री पैंगटे ने कहा। मॉडल को इस तरह से डिज़ाइन किया गया है कि यह वास्तविक समय के आधार पर किसी भी पैरामीटर में किसी भी बदलाव को स्वचालित रूप से कारक बनाता है और लिनीयर प्रोग्रेशन का उपयोग करके मूल्य से कमाई बैंड को बदलता रहता है। एलआईसीएमएफबीएएफन केवल निवेशकों को बाजार की रैली में भाग लेने में मदद करेगा, बल्कि इससे भी महत्वपूर्ण बात यह है कि इसका लक्ष्य नीचे की ओर जोखिम को कम करना होगा, और यह किसी भी निवेश रणनीति के लिए एक महत्वपूर्ण हिस्सा होगा, श्री पांगटे ने कहा। एलआईसीएमएफ बीएएफको एक अनुकूलित इंडेक्स, एलआईसी एमएफ हाइब्रिड कम्पोजिट 50:50 इंडेक्स के खिलाफबेंचमार्क किया जाएगा।

## कैस्ट्रोल इंडिया ने सुपर मेकैनिक कॉन्टे स्टश का चौथा एडिशन लॉन्चे किया

**मुंबई।** भारत की अग्रणी लुब्रिकेंट कंपनी केस्ट्रो ल ने देश की सबसे बड़ी और सर्वाधिक प्रतीक्षित मेकैनिक स्किलिंग पहल, कैस्ट्रोल सुपर मेकैनिक कॉन्टेरस्टा (एसएमसी) का चौथा एडिशन लॉन्चश किया है। साल 2017 में लॉन्चि हुई यह अत्यंति सफल पहल भारत के कार और बाइक मेकैनिक्सा को अपनी कुशलताएँ निखारने, प्रतिभा दिखाने और राष्ट्रीसय स्तलर पर पहचान बनाने के लिये एक परिपूर्ण मंच प्रदान करती है। इस साल के कॉन्टे स्टँ की थीम है (सीखेंगे, जीतेंगे, बढ़ेंगे)। इस थीम उन मेकैनिकों की लगन और उत्साह को सलाम करती है जो भारत को गतिशील रखते हैं। यह कॉन्टेसस्टी उन्हें ऑटोमोटिव सेक्टइर में नई प्रौद्योगिक प्रगतियों से अवगत होने और कुशलता बढ़ाने होने का मौका भी देगा। इसमें भाग लेने वाले मेकैनिक्सट देश के अन्ये मेकैनिक्सस के साथ अपनी कुशलताओं को आजमाएंगे, ताकि 2021 कैस्ट्रोल सुपर मेकैनिक का खिताब हासिल कर सकें। मौजूदा महामारी के बीच, सुपर मेकैनिक कॉन्टेुस्टक 2021 भारत की मेकैनिक कम्युरनिटी में अपनी पहुँच बढ़ाने के लिये फिजिकल और डिजिटल, दोनों माध्यगमों का इस्तेरमाल करेगा, ताकि ज्याकदा से ज्यादा मेकैनिक्सु इसमें भाग ले सकें। इसका लक्ष्यच होगा प्रतियोगिताओं के लिये 1,00,000 से ज्यातदा मेकैनिक्सा को शामिल करना। इस कॉन्टेदस्ट के लिये पंजीकरण एक इंटरैक्टिव वॉइस रिस्पाँन्सल (आईवीआर) राउंड और एक समर्पित वेब पोर्टल के माध्य म से होंगे, जिनमें भाषाओं के 9 विकल्प - अंग्रेजी, हिन्दीी, बंगाली, तेलुगू, कन्नसड़, गुजराती, मराठी, मलयालम, और तमिल - उपलब्ध होंगे।

# मुख्यमंत्री बघेल ने माता हिंगलाजिन की पूजा कर प्रदेश की खुशहाली की कामना की




**रायपुर।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने अपने बस्तर प्रवास के दूसरे दिन बकावंड विकासखंड के गिरोला स्थित माता हिंगलाजिन मंदिर में पूजा-अर्चना कर प्रदेश की सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की। इस मौके पर उद्योग मंत्री कवासी लखमा, सांसदद्वय दीपक बैज और फूलोदेवी नेताम, बस्तर विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष लखेश्वर बघेल, संसदीय सचिव रेखचन्द जैन, हस्तशिल्प विकास बोर्ड के अध्यक्ष चंदन कश्यप, विधायक राजमन बेंजाम तथा क्रेडा के अध्यक्ष मिथलेश स्वर्णकार भी इस दौरान मौजूद थे। गिरोला स्थित मां हिंगलाजिन के दर्शन करने पहुंचे मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का भव्य स्वागत किया गया।

## मुख्यमंत्री ने लालबाग मैदान में हाई मास्ट लाइट का लोकार्पण



**रायपुर।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल दो दिवसीय बस्तर प्रवास के दौरान कल रात जगदलपुर शहर के ऐतिहासिक लालबाग मैदान में 87 लाख 37 हजार रूपये की लागत से स्थापित की गई हाईमास्ट लाइट का लोकार्पण किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री और विधायकों ने युवोदय के वॉलिंटियर्स के साथ बॉलीबाल खेल में हाथ आजमाया और युवाओं का उत्साहवर्धन किया।

**दिवसीय बस्तर प्रवास के दौरान:** इस दौरान बस्तर जिले के प्रभारी मंत्री कवासी लखमा, सांसद दीपक बैज एवं राज्य सभा सांसद फूलोदेवी नेताम,संसदीय सचिव रेखचन्द जैन, विधायक कोंडागाँव मोहन मरकाम, हस्त शिल्प बोर्ड के अध्यक्ष चंदन कश्यप, विधायक बीजापुर विधायक विक्रम मण्डावी, विधायक दंतेवाडा श्रीमती देवती कर्मा, विधायक चित्रकोट राजमन बेंजाम, महापौर सफीरा साहू, क्रेडा के अध्यक्ष मिथलेश स्वर्णकार सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं अधिकारीगण उपस्थित थे।

## सहभागी लोकतंत्र एवं विकेंद्रीकृत योजना निर्माण के संबंध में सुझाव देने टास्क फोर्स का गठन

**रायपुर।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल तथा अध्यक्ष, राज्य योजना आयोग की मंशा के अनुरूप सहभागी लोकतंत्र व विकेंद्रीकृत योजना निर्माण के संबंध में राज्य शासन को सुझाव देने हेतु राज्य योजना आयोग द्वारा टास्कफोर्स का गठन किया गया है। टास्कफोर्स के अध्यक्ष अमरजीत भगत, मंत्री खाद योजना आर्थिक एवं साख्यिकी होंगे। टास्कफोर्स के सदस्यों में पांच माननीय सांसद, पांच विधायक, पांच जिला पंचायत के अध्यक्षों तथा दो-दो नगर निगमों, नगर पालिकाओं व नगर पंचायतों के अध्यक्षों एवं प्रदेश में मान्यता प्राप्त दलों के प्रदेश अध्यक्षों को भी सम्मिलित किया गया है। इसके अतिरिक्त क्षेत्र से जुड़े विषय-विशेषज्ञों को भी टास्कफोर्स में शामिल किया गया है। टास्कफोर्स का संयोजन सचिव विभागाध्यक्ष पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग और सचिव नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग करेंगे। यह टास्कफोर्स योजना निर्माण में नागरिकों की भागीदारी सुनिश्चित करने पर सुझाव देगा। इसके अतिरिक्त सामाजिक अंकेक्षण के लिए नागरिकों के सशक्तीकरण, वित्तीय प्रबंधन व निगरानी के लिए नागरिकों को प्रशिक्षित करने का उपाय सुझाएगा।

### मोदी सरकार बढ़ती हुए महंगाई पर नियंत्रण करने में फेल

# त्यौहारों के समय बढ़ती महंगाई से महिलाएं परेशान : फूलोदेवी नेताम

**महंगाई और बेरोजगारी आम लोगों को जीने नहीं दे रही**

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com

पेट्रोलियम पदार्थ एवं खाद्य पदार्थ के बढ़ती हुई महंगाई पर राज्यसभा सांसद एवं महिला कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष फूलोदेवी नेताम ने केन्द्र सरकार पर आरोप लगाया कि मोदी सरकार बढ़ती हुए महंगाई पर नियंत्रण करने में फेल हो गई है। मोदी ने जब से केन्द्र में बागडोर संभाला है तब से महंगाई ने पांव पसार लिये है। देश में कोरोना की मार के बाद आम आदमी बेरोजगारी और महंगाई की दोहरी मार झेल रहा है। रसोई गैस के दाम पिछ्ले 6 महीने 140 रुपये प्रति सिलेंडर बढ़ चुके हैं। पेट्रोल की कीमत 104.28 पैसे हैं, खाने का तेल 200 रुपये लीटर है, प्याज 50 रुपये किलो, टमाटर 70 से 80 रुपये किलो ऐसे में आम आदमी



बीजेपी सरकार से पूछ रही है कि बहुत हुई महंगाई की मार का नारा देकर सत्ता में आई मोदी सरकार महंगाई पर कोई लगाम क्यों नहीं लगा पा रही? राज्यसभा सांसद एवं महिला कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष फूलोदेवी नेताम ने कहा कि त्यौहारों के इस सीजन में आम आदमी को महंगाई ने बुरी तरह से पस्त कर दिया है। सबसे ज्यादा महिलाओं को परेशानी हो रहा है, रसोई गैस सिलेंडर की तेजी से बढ़ती कीमतों ने गरीब परिवारों को वापस रसोई के लिए चूल्हे, सिगड़ी की तरफ मोड़ दिया है। चुनाव के समय नरेंद्र मोदी माताओं, बहनों की आंखों में आंसू नहीं लाने का वादा करते है फिर सत्ता में आ जाने के बाद प्रतिदिन महिला बहनों को रूलाने का काम करते है। महंगाई के कारण देश के कई हिस्सों में रसोई गैस सिलेंडर की खपत में करीब 30 प्रतिशत तक कमी आई है, वही उज्ज्वला योजना में 90 प्रतिशत लाभान्वित सिलेंडर रिफिलिंग नहीं करवा रहे है। ये है उज्ज्वला योजना का बहुत अधिक प्रचार-प्रसार किया था लेकिन हर योजना के तरह उज्ज्वला योजना भी फ्लाप हो गयी। राज्यसभा सांसद एवं महिला कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष फूलोदेवी नेताम ने कहा कि देश विकास के तरफ नहीं विनाश की ओर बढ़ रहा है।

## एआईसीसी के छत्तीसगढ़ प्रभारी सचिव सप्तगिरी शंकर उल्का का 5 दिवसीय दौरा

एआईसीसी के छत्तीसगढ़ प्रभारी सचिव सप्तगिरी शंकर उल्का 5 दिवसीय दौरे पर छत्तीसगढ़ आ रहे है। वे 20 अक्टूबर बुधवार को दोपहर 03.50 बजे इंडिगो की नियमित विमान सेवा द्वारा दिल्ली से रायपुर पहुंचेंगे। शाम 4.30 बजे सर्किट हाउस, रायपुर में वरिष्ठ कांग्रेसजनों से भेंट एवं चर्चा करेंगे। रात 9.30 बजे रायपुर से अंबिकापुर के लिये रवाना होंगे। 21 अक्टूबर गुरूवार को सुबह 9 बजे अंबिकापुर से बलरामपुर के लिये रवाना होंगे। सुबह 11 बजे बलरामपुर में जिला कांग्रेस निर्माणाधीन राजीव भवन का अवलोकन करेंगे। शाम 5 बजे बलरामपुर से अंबिकापुर के लिये रवाना होंगे। रात 7 बजे अंबिकापुर पहुंचकर रात्रि विश्राम करेंगे। 22 अक्टूबर शुक्रवार को सुबह 10 बजे नवनिर्मित राजीव भवन अंबिकापुर में जिला कांग्रेस कमेटी की बैठक में भाग लेंगे। दोपहर 1 बजे अंबिकापुर से सूरजपुर के लिये रवाना होंगे। दोपहर 2 बजे सूरजपुर में जिला कांग्रेस कमेटी की बैठक में भाग लेने के पश्चात निर्माणाधीन राजीव भवन का अवलोकन करेंगे। शाम 5 बजे सूरजपुर से कोरबा के लिये रवाना होंगे। रात 9 बजे कोरबा पहुंचकर रात्रि विश्राम करेंगे।

## मुख्यमंत्री भूपेश बस्तर चेम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के स्वर्ण जयंती समारोह में हुए शामिल



**रायपुर।** विश्व प्रसिद्ध बस्तर दशहरा में शामिल होने के लिए जगदलपुर पहुंचे मुख्यमंत्री भूपेश बघेल कल रात बस्तर चेम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के स्वर्ण जयंती समारोह में शामिल हुए। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री बघेल ने बस्तर चेम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के पूर्व अध्यक्षों एवं सदस्यों को शाल एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर बस्तर चेम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के 50 वर्ष पूरे होने पर स्मारिका का विमोचन भी किया गया। मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल बस्तर चेम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के सदस्यों के साथ भोज में शामिल हुए। राज्य सरकार की नई उद्योग नीति की बस्तर चेम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज ने सराहना की। इस अवसर पर उद्योग मंत्री एवं जिले के प्रभारी मंत्री कवासी लखमा, बस्तर सांसद दीपक बैज, राज्यसभा सांसद फूलोदेवी नेताम, संसदीय सचिव एवं जगदलपुर विधायक रेखचन्द जैन, क्रेडा के अध्यक्ष मिथलेश स्वर्णकार, कोंडागांव विधायक मोहन मरकाम, चित्रकोट विधायक राजमन बेंजाम, बस्तर विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष एवं बीजापुर विधायक विक्रम मंडावी, महापौर सफीरा साहू, नगर निगम अध्यक्ष कविता साहू, बस्तर चेम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के अध्यक्ष किशोर पारख के अलावा बस्तर चेम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के सदस्यगण उपस्थित थे।

## क्रांतिकारी कोरोना योद्धा संघ ने किया सीएम हाउस का घेराव



**रायपुर।** सेवा वृद्धि की मांग को लेकर पिछले 57 दिनों से आंदोलन कर रहे कोरोना योद्धाओं ने सोमवार को पोस्टकार्ड अभियान चलाया, जिसमें उन्होंने स्वास्थ्य मंत्री टीएस सिंहदेव, मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, राहुल गांधी एवं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पोस्ट कार्ड के माध्यम से पत्र लिखा जिसमें उन्होंने निरंतर सेवा में रखे जाने की मांग की।

**कोरोना योद्धाओं का पिछले 57 दिनों से चल रहा है आंदोलन**

### सीएम कई बार गुहार लगाई,अब तक नहीं मिले

क्रांतिकारी कोरोना योद्धा संघ के बैनर तले पिछले 57 दिनों से हो रहे आंदोलन में आंदोलनकारियों ने कई बार छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल से मिलने की गुहार लगाई, लेकिन अब तक सीएम साहब उनसे नहीं मिले। प्रदेश अध्यक्ष हुमेश जायसवाल ने बताया कि वह पिछले तीन माह से मुख्यमंत्री भूपेश बघेल से मिलने के लिए अर्जी लगाएं हैं, लेकिन अब तक सीएम हाउस से कोई बुलावा नहीं आया। उन्होंने यह भी कहा कि जिस प्रदेश में कोरोना योद्धाओं का सम्मान नहीं हो रहा जहां कोरोना योद्धाओं के लिए सीएम हाउस के दरवाजे नहीं खुले हैं। वहां आम जनता का क्या सम्मान होगा जहां मुख्यमंत्री से कोरोना योद्धा नहीं मिल पा रहे हैं वहां आम आदमी के लिए दरवाजा कैसे खुलेगा। इसीलिए वे मिलकर अपनी बात नहीं रख पा रहे हैं तो पोस्ट कार्ड के माध्यम से अपनी पीड़ा एवं समस्या को स्वास्थ्य मंत्री, मुख्यमंत्री, राहुल गांधी एवं प्रधानमंत्री को लिख कर भेज रहे हैं।




सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक भोजराम पटेल द्वारा आसमा पब्लिसर्स इण्डिया प्रायवेट लिमिटेड पीएनबी के सामने जयस्तंभ चौक रायपुर, छत्तीसगढ़ से मुद्रित तथा श्री बालाजी हॉस्पिटल कैम्पस (मोवा) रायपुर, छत्तीसगढ़ - 492001 से प्रकाशित संपादक-अच्युतानन्द द्विवेदी*
समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार, डाक पंजीयन नं. छ.ग./रायपुर संभाग/97/2021-23, दूरभाष नंबर 0771, 2972403